आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,बुधवार 29 मई 2024 ■ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-6 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-061 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 30 मई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

5 लाख की इनामी नक्सली गिरफ्तार

सुकमा,29 मई। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षा बलों को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। जवानों ने छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर से लगे केरलापाल गांव में एक्टिव एक इनामी महिला नक्सली को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, जिला सुरक्षा बल, डीआरजी सुकमा, डीआरजी बस्तर एवं 206 कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम ने छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर से लगे गांव से महिला नक्सली को गिरफ्तार किया है। महिला नक्सली जिला दंतेवाड़ा थाना अरनपुर क्षेत्र के अंतर्गत पोटाली गांव की निवासी है। बता दें, गिरफ्तार की गई महिला नक्सली नक्सल संगठन के साथ मिलकर पिछले 5-6 सालों से लगातार सरकार के खिलाफ उनके नापाक इरादों को अंजाम दे रही थी। जिसके कारण राज्य सरकार ने महिला नक्सली पर 5 लाख रूपये का ईनाम रखा था।

अबूझमाड़ मुठभेड़ को नक्सलियों ने बताया फर्जी

नारायणपुर,29 मई। बस्तर के पीडिया में हुए मुठभेड़ को लेकर नक्सलियों का विरोध जारी हैं। जिसको लेकर बीते कल बस्तर बंद का आह्वान भी किया गया था। वहीं इसी बीच 24 मई को नारायणपुर के अबूझमाड़ के जंगल में जवानों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ को नक्सलियों ने फर्जी बताया हैं। नक्सलियों के इंद्रावती एरिया कमेटी ने प्रेस नोट जारी कर मुठभेड़ को फर्जी बताया है। इसके अलावा उन्होंने जवानों पर तीन ग्रामीणों की हत्या का भी आरोप लगाया है। बता दे कि जवानों ने मुठभेड़ में 8 नक्सलियों के मारे जाने का दावा किया था। लेकिन अब अबूझमाड़ मुठभेड़ को लेकर इंद्रावती एरिया कमेटी ने प्रेस नोट जारी किया है। उन्होंने रेकावाया के जंगल में फर्जी मुठभेड़ में तीन ग्रामीणों को मारने का आरोप लगाया है। नक्सलियों का कहना है कि, जवानों ने अबूझमाड़ इलाके में जिसे ट्रेनिंग सेंटर बताया है वह भूमकाल स्कूल है। नक्सलियों ने कहा कि, जवानों ने फर्जी मुठभेड़ में तीन ग्रामीणों की जान ले ली। इनमें मंगलू जुर्गी, टोकराल जुर्गी और बुगुर जुर्गी शामिल हैं।

4 जून को अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ेंगे दोनों शहजादे: शाह

लखनऊ,29 मई। उत्तर प्रदेश के महराजगंज में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि 6 चरणों के मतदान हो चुके हैं, पांच चरण के मतदान में ही मोदी जी 310 पार कर गए हैं। छठे और सातवें चरण का मतदान 400 पार कराने का है। राहुल बाबा 40 सीट भी पार नहीं कर रहे हैं और अखिलेश जी 4 के अंदर रहने वाले हैं। उन्होंने कहा कि 4 जून को काउंटिंग है, 4 जून की दोपहर को ये दोनों शहजादे (राहुल गांधी और अखिलेश यादव) प्रेस कांफ्रेंस करेंगे और कहेंगे कि ईवीएम खराब थी, इसलिए हम हार गए। इन्होंने तय कर लिया है कि अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ना है। कांग्रेस और राहुल गांधी पर हमला करते हुए शाह ने कहा कि राहुल बाबा हमें डराते हैं कि पीओके मत मांगो, पाकिस्तान के पास एटम बम है। अरे राहुल बाबा, हम भाजपा वाले हैं, हम एटम बम से नहीं डरते हैं। पीओके हमारा है, रहेगा और हम उसे लेकर रहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस वाले झूठ बोलने में माहिर हैं। अभी ये सहारा के रिफंड का मुद्दा उठा रहे हैं। जब सहारा का घोटाला हुआ तो किसका राज था अरे अखिलेश, आपकी सरकार में घोटाला हुआ। मोदी जी ने तो रिफंड की शुरूआत की। मैं आज यहां कह रहा हूं कि सहारा में जिन लोगों का पैसा फंसा है, हम उनकी पाई-पाई वापस करने वाले हैं। शाह ने कहा कि 4 जून को वोटों की गिनती के बाद दोनों 'शहजादे' (राहुल गांधी और अखिलेश यादव) प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और कहेंगे कि वे ईवीएम खराब होने की वजह से चुनाव हारे हैं।

परिवार के आठ सदस्यों की हत्या कर मुखिया ने की खुदकुशी

छिंदवाड़ा,29 मई। जिले में एक ही परिवार के 8 लोगों की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। घर के सदस्य ने ही इस नृशंस हत्याकांड को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपी बेटे ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। यह घटना तामिया के पास जंगल में स्थित आदिवासी बाहुल्य ग्राम बोदलकछार की है। बेरहमी से हत्या करने वाले आरोपी को मानसिक रुप से विक्षिप्त बताया जा रहा है।

इस सामूहिक हत्याकांड से इलाके में दहशत का माहौल है। घटना स्थल के आस पास के लोगों के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आरोपी मौके से भागा। इसके बाद उसने लगभग 100 मीटर की दूरी पर रस्सी से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना रात्रि दो-तीन बजे की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर माहुलझिर पुलिस मौके पर पंहुच चुकी है। जिसके बाद पुलिस ने पूरे गांव को सील कर दिया है। छिंदवाड़ा से पुलिस अधीक्षक मौके पर पहुंच गए हैं। हत्या करने का कारण पता नही चल सका है। फिलहाल मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के अनुसार हाल ही में युवक की शादी हुई थी। गांव वालों का कहना है कि जब से शादी हुई है तब से पागलपन की हरकते बढ़ गई थी।

पुलिस के अनुसार घटनास्थल से कुल्हाड़ी बरामद कर ली गई है। ये घटना जिला मुख्यालय से करीब डेढ़ सौ किलोमीटर दूर है।

रिपोर्ट के मुताबिक घटना रात्रि दो-तीन बजे की बताई जा रही है। जिला मुख्यालय छिंदवाड़ा से 145 किलोमीटर दूर थाना माहुलझीर से 40 किलोमीटर की दूरी पर तमिया के पास जंगल में स्थित आदिवासी बाहुल्य ग्राम बोदलकछार में मानसिक विक्षिप्त दिनेश उर्फ भूरा गोंड द्वारा अपने परिवार के 08 लोगों की सोते समय नींद में कुल्हाड़ी मारकर नृसंश हत्या की। हत्यारे की पहचान दिनेश के रूप में हुई है। उसने मां सियाबाइ उमर 55 , भाई श्रवण उमर 35, भाभी बरातो बाई उम्र 30, बहन पार्वती उम्र 16 साल , भतीजा कृष्ण उम्र 05 साल, भतीजी सेवंती उम्र 04 साल, भतीजी दीपा उम्र 1.5 साल, पत्नी वर्षा उम्र 23 साल के सिर व गर्दन में कुल्हाड़ी मारकर हत्या की।

पड़ोसी बालक को घायल किया

हत्यारे दिनेश ने देर रात पड़ोस में रहने वाले ताऊ के 10 वर्षीय पोते के मुंह में कुल्हाड़ी मारकर गंभीर रूप से घायल किया जिसे उसकी दादी छोटीबाई द्वारा बचाया गया। घटना स्थल के आस पास के लोगो के द्वारा चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर आरोपी दिनेश मौके से भाग गया। माहुलझिर पुलिस मौके पर पंहुची पुलिस ने पूरे गांव को सील कर दिया है। पुलिस ने बताया कि घटना स्थल के पास लगभग 100 मीटर की दूरी पर आरोपी ने पेड़ से लटका पाया गया।

मानसिक रोगी था : पुलिस अधीक्षक

यह घटना महुलझिर थाना क्षेत्र के गांव बोदल कछार की बताई जा रही है। एसपी ने मनीष खत्री ने परिवार के 8 लोगों के मौत की पुष्टि की है। एसपी ने बताया कि हत्या करने वाला परिवार का सदस्य था और मानसिक बीमार था। बीती रात उसने अपने परिवार में भाई, भाभी, पत्नी और छोटे बच्चे सहित 8 आठ लोगों की हत्या कर दी। उसके बाद गांव से 100 मीटर दूर नाले के पास पेड़ पर लटककर खुदखुशी कर लिया। इस घटना में एक बच्चा घायल है।एसपी मनीष खत्री के मुताबिक, 21 मई को ही आरोपी की शादी हुई थी। बताया जा रहा है कि दिनेश मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। पूर्व में उसका होशंगाबाद (नर्मदापुरम) में इलाज भी चला है। पुलिस को तड़के 3 बजे घटना की सूचना मिली। आसपास के थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। घर में शव पड़े हुए थे, थोड़ी दूर पर एक पेड़ पर आरोपी का शव फंदे पर लटका हुआ था।

20 हजार चोरी के मामले में अनवर ढेबर के खिलाफ जुर्म दर्ज

पुत्र शोएब पर गवाह को धमकाने का आरोप

रायपुर,29 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़

राजधानी के पुरानी बस्ती थाने में कल देर रात एक एफ़आईआर दर्ज की गई है।यह एफ़आईआर आबकारी घोटाले का आरोपी अनवर ढेबर तथा सोहेल, निखिल व पापा के ख़िलाफ़ दर्ज की गई है। इस एफ़आईआर में धारा 109,454,380,34 प्रभावी की गई है। इस एफ़आइआर में आरोप है कि इरफ़ान मेघजी के घर में घुसे और तोड़फोड़ के साथ सामान की चोरी की। इरफ़ान मुंबई का निवासी है तथा व अनवर के कारोबार का मैनेजर था। बाद में वह नौकरी छोड़कर मुंबई चला गया था। मुंबई से वापस आया तो उसके किराये के मकान का ताला टूटा हुआ था। मकान से 20 हजार नगद,कुछ गहने तथा दस्तावेज की चोरी हो गई थी। यह मामला 3 मार्च का है। प्रकरण में प्रार्थी इरफ़ान मेघजी है।राजधानी के सिविल लाईन थाने में शोएब ढेबर और एक अज्ञात वकील के खिलाफ़ रास्ता रोककर धमकाने के आरोप में अपराध दर्ज हुआ है।प्रकरण में पुलिस की ओर से संकेत हैं कि विवेचना के दौरान नए तथ्य आने पर अन्य गंभीर धाराएँ जुड़ सकती है।शोएब ढेबर और उसके साथ एक अज्ञात वकील पर आरोप है कि,उन्होंने शराब घोटाला मामले ईओडब्लू कार्यालय के पास गवाह का रास्ता रोका और उन्हें धमकाया। पुलिस ने प्रकरण में धारा 294,506,341 और 384 प्रभावी की है। राजधानी के पुरानी बस्ती और सिविल लाइन थाने में एफ़आईआर दर्ज हुई है। पुरानी बस्ती की एफ़आईआर में अनवर ढेबर आरोपी है तो सिविल लाइन थाने में अनवर के पुत्र शोएब आरोपी है। शोएब का एक परिचय यह भी है कि, वह रायपुर मेयर एजाज ढेबर का भतीजा है।

शाहजहां जैसे पापियों को बचाने वालों को सजा देना जरूरी: मोदी

कोलकाता,29 मई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मथुरापुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि टीएमसी ने बंगाल और इस क्षेत्र को विकास से वंचित रखा है। लोग भी समझ चुके हैं कि ईमानदारी से विकास केवल और केवल भाजपा ही कर सकती है। आप भाजपा को बंगाल में मजबूत कीजिए, आपकी हर अपेक्षा भाजपा ही पूरा करेगी। पीएम ने कहा कि संदेशखाली जैसी घटना बंगाल में आम है। टीएमसी की राजनीति केवल वोट बैंक के लिए है। शाहजहां शेख जैसे पापियों को बचाने के लिए गंदे खेल खेले जाते हैं। ऐसे लोगों को सजा देना जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मथुरापुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अब तो टीएमसी सरकार तुष्टीकरण के लिए देश के संविधान पर भी खुलकर हमला करने लगी है। हमारे संविधान ने दलितों-पिछड़ों को आरक्षण दिया है लेकिन बंगाल में उस आरक्षण की खुली लूट हो रही है। मुसलमानों के फर्जी ओबीसी प्रमाणपत्र बनाए जा रहे हैं। आप कल्पना कीजिए तुष्टीकरण के लिए ये लोग किस सीमा तक जाने को तैयार हैं। 1 जून को आपका एक वोट इन खतरनाक इरादों को रोकेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मथुरापुर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि टीएमसी की जीत का बहुत बड़ा नुकसान इस क्षेत्र के लाखों मछुआरों को हो रहा है। केंद्र सरकार मछुआरे भाई-बहनों के लिए इतनी सारी योजनाएं चला रही है। हमने मत्स्य पालकर्ताओं और किसानों को फ्रिश्र क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी...हमने फ्रिश्र कल्चर सेंटर दिया।

टीएमसी बंगाल में मत्स्य पालन से जुड़े केंद्रीय कानून लागू नहीं होने दे रही है। इन्हें तो अपने तोलाबाजों और कट-मनी सिस्टम से मतलब है। क्या ऐसी टीएमसी को आप सजा देंगे टीएमसी और इंडी जमात वाले बंगाल को विपरीत दिशा में लेकर जा रहे हैं। भाजपा पर बंगाल के लोगों का प्यार टीएमसी को बर्दाश्त नहीं हो रहा है इसलिए टीएमसी पूरी तरह बौखलाई हुई है। क्या-क्या बोलते हैं।

कंटेनर में मिले 50 गाय-बैल, 15 की मौत

पिथौरा,29 मई। छत्तीसगढ़ में गोवंशों की तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है. ताजा मामला महासमुंद जिले से सामने आया है, जहां कंटेनर में ठूंसकर 50 गोवंशों की तस्करी करते हुए ट्रक को जब्त किया गया है. जानकारी के अनुसार, अंतरराज्यीय जांच चौकी पलसापाली के पास पुलिस को देख गोवंशों को कंटेनर में भरकर ओडिशा ले जा रहा चालक ट्रक को मोड़कर भागने का प्रयास किया. लेकिन ट्रक के फंस जाने की वजह से वह उतरकर मौके से भाग गया. कंटेनर में 50 से अधिक गाय-बैल मिले, जिनमें से 15 की मौत हो चुकी थी. वहीं शेष गोवंशों को बसना पुलिस ने जब्त कर कृष्णा गौशाला, जोगीदादर के सुपुर्द किया. गोवंशों की जल्ती और सुपुर्दी के बाद बसना पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी है.

केजरीवाल को 2 जून को ही जाना होगा जेल

नई दिल्ली, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है. केजरीवाल को अंतरिम जमानत मामले में सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिलती दिखाई दे रही है. उन्हें अब 2 जून को कोर्ट के सामने सरेंडर करना होगा. बता दें कि सीएम केजरीवाल ने अपनी अंतरिम जमानत 7 दिन के लिए आगे बढ़ाने की अपील की थी. लेकिन सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री ने उनकी यह याचिका स्वीकार ही नहीं की. सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत की अवधि 7 दिन बढ़ाने की याचिका को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है. रजिस्ट्री का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने सीएम को ट्रायल कोर्ट में जमानत याचिका दायर करने की छूट दी है. बता दें कि अरविंद केजरीवाल ने अपनी अंतरिम जमानत बढ़ाने की मांग वाली याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग की थी.

अवैध कब्जों पर चला बुलडोजर

रायपुर,29 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़

वीआईपी रोड स्थित होटल बेबीलॉन में नगर निगम के अमले ने अवैध कब्जों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की है।होटल संचालक ने वहां नाले पर अतिक्रमण करके निर्माण कर रखा था। होटल प्रबंधन के इस अवैध निर्माण का असर विधायक कालोनी में बारिश के दिनों में पड़ता है। विधायक कालोनी में पानी भर जाता है। निगम अधिकारी संतोष पांडे ने बताया कि होटल संचालक ने वहां स्थित नाले पर अतिक्रमण कर रखा था। नाले पर करीब 4500 वर्ग फीट पर कब्जा करके निर्माण कर लिया था। इसी वजह से न केवल नाला चोक हो रहा था बल्कि आसपास दलदल बन गया है। इसी अवैध निर्माण के कारण बारिश के दौरान विधायक कालोनी में जलभराव की समस्या होती है। नगर निगम के अफसरों ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के लिए होटल प्रबंधन को नोटिस जारी किया गया था, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। इसी वजह से आज नगर निगम का अमला वहां अतिक्रमण तोड़ने की कार्रवाई कर रहा है।

कपड़ा दुकान में भीषण आग

बाहर खड़े वाहन भी जलकर खाक, मची अफरा-तफरी

जगदलपुर,29 मई। शहर के मेन रोड में स्थित एक कपड़े की दुकान में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते तेजी से फैल गई. आग की लपटे इतनी तेज थी की आस पास की दुकानें भी आग की चपेट में आ गई। आग लगने से आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई. घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गई. इस दौरान कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक दुकान पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी. वहीं आग इतनी भीषण थी कि दुकान के बाहर खड़ी एक कार और मोपेड भी जलकर खाक हो गई. जानकारी के अनुसार, जगदलपुर शहर के मेन रोड में स्थित कपड़े की एक दुकान में आज सुबह भीषण आग लग गई. आगजनी की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने में जुट गई. दमकल कर्मियों को तकरीबन 1 घंटे का समय आग को काबू आपने में लगा. तब तक दुकान के अंदर रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया. फिलहाल नुकसान का आकलन नहीं हो सका है. आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है. भीषण आग पर काबू पाने के लिए 4 दमकल गाड़ियां तैनात की गई हैं.

खरगे ने 1 जून को बुलाई इंडी गठबंधन की बैठक

ममता ने आने से किया इंकार

नई दिल्ली,29 मई। विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलांयस' के घटक दलों के नेता लोकसभा चुनाव में अपने प्रदर्शन का आकलन करने के साथ-साथ चुनाव परिणाम से पहले अपनी रणनीति बनाने के लिए एक जून को बैठक कर सकते हैं। हालांकि, मतदान में अपने शीर्ष नेताओं की व्यस्तता के चलते तृणमूल कांग्रेस इस बैठक में हिस्सा नहीं ले सकेगी। आगामी एक जून को ही लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण का मतदान होना है। मतगणना चार जून को होगी। सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा बुलाई गई इस बैठक में विपक्षी नेता चुनाव नतीजों से पहले अपनी रणनीति पर चर्चा करेंगे और सात चरण के चुनावों में अपने प्रदर्शन का भी आकलन करेंगे। विपक्षी गठबंधन दावा कर रहा है कि वह भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को केंद्र में सत्ता में लौटने से रोकने और अपनी खुद की सरकार बनाने में सफल रहेगा। दूसरी तरफ, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन ने भी यह दावा किया है कि वह इन चुनावों के बाद लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाएगा। 'इंडी' गठबंधन बनने के बाद इससे कुल 28 दल जुड़े थे, लेकिन लोकसभा चुनाव से ठीक पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले जनता दल (यूनाइटेड) और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में असर रखने वाली राष्ट्रीय लोक दल जैसी कुछ पार्टियां राजग में शामिल हो गईं। टीएमसी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी इस बैठक का हिस्सा नहीं बन पाएगी, क्योंकि बैठक वाले दिन ही लोकसभा चुनाव के सातवें एवं अंतिम चरण का मतदान है, जिसको देखते हुए पार्टी के प्रमुख नेता व्यस्त रहेंगे। टीएमसी के सूत्रों ने कहा कि बैठक वाले दिन पश्चिम बंगाल में नौ सीट पर मतदान होगा, जिनमें कोलकाता की दो सीट - कोलकाता दक्षिण और कोलकाता उत्तर शामिल हैं, जो पार्टी के लिए महत्वपूर्ण हैं। राज्य में उस दिन जिन अन्य निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होना है, उनमें यादवपुर, दमदम, बारासात, बशीरहाट, जयनगर, मथुरापुर और डायमंड हार्बर शामिल हैं। पार्टी से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी और अन्य शीर्ष नेता उस दिन मतदान करेंगे और इसलिए बैठक में शामिल नहीं हो पाएंगे। सूत्र ने इस बात का उल्लेख किया कि पार्टी अब तक विपक्षी गठबंधन की सभी बैठकों में शामिल हुई है। सूत्र के अनुसार, टीएमसी ने बैठक के आयोजकों को शामिल होने में असमर्थता के बारे में जानकारी दे दी है।

4 जून के बाद अलविदा भाजपा, अलविदा मोदी, टाटा बॉय बॉय: राहुल

देवरिया,29 मई। लोकसभा चुनाव का आखिरी चरण 1 जून को होगा। ऐसे में सभी राजनीतिक पार्टियां एड़ी-चोटी का जोर लगा रही हैं। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल पहुंचे हैं। देवरिया गोरखपुर में राहुल गांधी ने मंगलवार 4 जून को नतीजे आने की भविष्यवाणी की है। इस बारे में राहुल गांधी ने अपने ट्विटर अकाउंट से एक ट्वीट किया है। जनता को धोखा देने वाले नकली फकीर के लिए केवल सात दिन बचे हैं। भारत अघाड़ी को 'खटाखट-खटाखट' वोट मिल रहे हैं। और देश को भाजपा से छुटकारा मिलेगा,

हिंसा की राह छोड़कर 10 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

दंतेवाड़ा,29 मई। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस को लगातार सफलता मिल रही है। लोन वर्राटू घर वापस आईये अभियान से प्रभावित होकर 10 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है. ये सभी आत्मसमर्पित माओवादी इंद्रावती एरिया कमेटी में सक्रिय थे. आत्मसमर्पित सभी माओवादी नक्सली बंद के दौरान रोड़ खोदना, पेड़ काटना और नक्सली बैनर पोस्टर लगाने की घटनाओं में शामिल थे. पुलिस की अपील का माओवादियों पर व्यापक असर हो रहा है. हिंसा की राह छोड़कर लोकतंत्र और सविंधान में विश्वास जताते हुए 'लोन वर्राटू अभियान' से प्रभावित हो रहे हैं. वहीं इस अभियान से प्रभावित होकर इंद्रावती एरिया कमेटी में सक्रिय 10 माओवादियों ने सरेंडर किया है. बता दें कि लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 180 इनामी माओवादी सहित कुल 815 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं.

पुलिस जवानों ने दो नक्सलियों को किया ढेर

बीजापुर,29 मई। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र बीजापुर जिले में एक बार फिर से पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुआ है. यह एक बड़ी मुठभेड़ बताई जा रही है और अभी भी जारी है. मुठभेड़ में दो नक्सलियों को जवानों ने मार गिराया है. जिसमें बड़े कैडर के नक्सलियों के मारे जाने की खबर है. इस मुठभेड़ की पुष्टि बीजापुर एसपी जितेन्द्र यादव ने की है. वहीं घटनास्थल से दो वर्दीधारी नक्सलियों के शव और दो हथियार भी बरामद किये गए हैं. यह मुठभेड़ मद्देड थाना क्षेत्र के बददेपारा इलाके में हुई है.

एक नजर

बीएसपी सीएसआर ने किया पीपरछेड़ी में चिकित्सा शिविर का आयोजन

भिलाई, 29 मई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा ग्राम पीपरछेड़ी में 28 मई को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सीएसआर मेडिकल टीम की ओर से डॉ सरस्वती, बीपी व शुगर परीक्षण हेतु प्रभा सामवेल, फार्मासिस्ट एस बी राय, पंजीकरण हेतु शंभू तथा सीएसआर विभाग की ओर से महारा राम मांडवी उपस्थित थे।

सेल को चुना गया सर्कुलरिटी चैंपियन

भिलाई, 29 मई। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को 27 मई को गोवा में आयोजित आउटलुक प्लैनेट सस्टेनेबिलिटी समिट एंड अवार्ड्स 2024 में सर्कुलरिटी चैंपियन के रूप में चुना गया है। सेल को उद्योग की स्थिरता में सुधार के लिए, लौह और इस्पात निर्माण से संबंधित अपनी सभी प्रक्रियाओं में सर्कुलरिटी के सिद्धांतों को संरेखित करने के लिए मान्यता दी गई है।

स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए सेल और एचएलएल के बीच एमओयू

भिलाई, 29 मई। चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं (एम एंड एचएस) क्षेत्र में सुधार लाने के उद्देश्य से, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और हिंदुस्तान लाइफकेयर लिमिटेड (एचएलएल) ने 28 मई को नई दिल्ली में आपसी सहयोग के साथ साझेदारी कर एक एमओयू साइन किया।

भिलाई इस्पात संयंत्र ने किया बड़े पैमाने में खेल सामग्री का वितरण

भिलाई, 29 मई। भिलाई इस्पात संयंत्र की लौह अयस्क कैप्टिव खदान, राजहरा के खेल संगठनों एवं खान के समीप स्थित शालाओं के खेल प्रतिभाओं के उन्नयन के लिए, लौह अयस्क समूह राजहरा एवं भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा राजहरा क्रिकेट ग्राउण्ड में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक आर बी गहरवार द्वारा बड़ी संख्या में खेल सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी हरप्रीत सिंह भाटिया, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े, उप प्रबंधक कमलकान्त वर्मा, लाभार्थी विद्यालयों के प्राचार्य, पंचायत सदस्य, तथा स्पोर्ट्स क्लबों के सदस्य उपस्थित थे। मुख्य अतिथि आर बी गहरवार ने अपने संबोधन में कहा कि लगन और कड़ी मेहनत से खिलाडी ऊंचाईयों को छू सकते हैं। सहायक महाप्रबंधक एम डी रेड्डी ने कार्यक्रम की रुपरेखा एवं गतिविधियों से अवगत कराया तथा सुशील कामड़े ने खेल सामग्री वितरण कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी रतीश मिश्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राजहरा खान समुह के महाप्रबंधकगण सी श्रीकांत, पी शिरपुरकर, मया राम ठाकुर, एस बरके, एस मनोज कुमार सहित उप महाप्रबंधक मंगेश शेलकर, सहायक महाप्रबंधक एस पी सिंह, एस के व्यास, वरिष्ठ प्रबंधक रमेश हेडऊ व डी के मजगहे, प्रबंधक श्रीश शुक्ला, उप प्रबंधक डॉ जय सिंह बघेल, श्रम कल्याण अधिकारी सेवाराम साहू एवं के डी चंद्राकर तथा श्रमिक संगठनो से व्ही के पटले, पुरुषोत्तम सिमैया, राजेंद्र बेहरा, तिलक मानकर, जे गुरुवुलू भी उपस्थित थे।

आयुक्त मोनिका वर्मा ने सफाई ठेकेदारों को दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम

रिसाली। नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा ने सफाई ठेका लेने वाले दो ठेकेदारों को अल्टीमेटम दिया है। 24 घंटे के भीतर नाला सफाई कार्य शुरू कर 3 दिवस के भीतर कार्य अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा। ऐसा नहीं करने पर निगम अनुबंध शर्तो के अनुरूप दण्डात्मक कार्यवाही करेगी। आयुक्त मोनिका वर्मा की मॉर्निंग विजिट ने नाला सफाई कार्य का सच सामने ला दिया। 15 दिन पहले दिए निर्देश की ठेकेदार अवहेलना करते नजर आए। दरअसल नाला सफाई कार्य ऐसे जगहों पर किया गया है जहां आवाजाही अधिक है। वही रिहायसी और आऊटर जगहों से होकर गुजरने वाली मुख्य नाली और नाला मलबा से पटा है। नाला में घास फूंस और झाड़िया उग आई है। इसे देख आयुक्त मोनिका वर्मा ने ठेकेदारों को कड़े शब्दों में नोटिस जारी किया है। बारिश शुरू होने से पहले कलेक्टर ऋत्रा प्रकाश चौधरी निर्माण कार्य को पूर्ण कराने लगातार बैठक ले रही हैं। साथ ही शहर व स्तम क्षेत्र में बारिश का पानी न रूके इसके लिए दिशा निर्देश दी हैं। उन्होंने मानसून आने से पहले शहर के नाली व बड़े नाला का सफाई कार्य पूर्ण कराने कहा है। निगम आयुक्त ने जन स्वास्थ्य विभाग की बैठक लेकर 15 दिन पूर्व एल्मेक टेक्नोक्रेट्स और मेसर्स रविन्द्र भगत को निर्देश दिए थे कि ऐसे नाला जिसकी चैड़ाई ज्यादा है वहां चैन माऊंट से सफाई कराए। वहीं कुछ जगहों पर सफाई मानव संसाधन से कराए। दोनों ठेका कंपनी 25-25 लोगों का गैंग अनिवार्य रूप से रखे।

कहर बरपा रही गर्मी, रात में भी अजीब सी बेचैनी

कूलर-पंखे फेल, हीट इंडेक्स ने बढ़ाई चिंता

भिलाई, 29 मई। सूर्य की तपिश, हवा के बढ़ते तापमान और सापेक्षिक आर्द्रता ने मिलकर इस कदर संयोजन किया है कि बेचैन करने वाली उमस भरी गर्मी कहर बरपा रही है। दिन तो दिन, अब रातें भी अजीब सी बेचैनी पैदा करने वाली उमस भरी गर्मी लेकर आ रही हैं। रात में शीतलता का एहसास नहीं हो रहा है। इस नवतपे में पंखे और कूलर तक फेल हो रहे हैं। भीषण गर्मी एवं लू के थपेड़ों से चराचर बेहाल और परेशान है। प्री मानसून गर्मी के और बढ़ने के संकेत हैं। हीट इंडेक्स के देखकर मौसमविदों ने अपनी चिंताएं व्यक्त की हैं। जलवायु और पर्यावरण का प्रभाव साफ़ देखा जा रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी 02 दिनों में छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान में 1-2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है, उसके बाद हल्की गिरावट होनेकी संभावना है। एक दो स्थानों पर ग्रीष्म लहर तथा उष्ण रात्रि जैसी स्थिति बनने की संभावना है। 29 से 31 मई तक मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। सिनोप्टिक सिस्टम के बारे में बताया गया है कि एक द्रोणिका उत्तर पश्चिम उत्तर प्रदेश के ऊपर स्थित चक्रवाती परिसंचरण से पूर्वी मध्य प्रदेश होते हुए उत्तरी छत्तीसगढ़ तक औसत समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर स्थित है। पूर्वानुमान है कि मौसम शुष्क रहेगा। वहीं चेतावनी जारी की गयी है कि एक दो स्थानों पर ग्रीष्म लहर जैसी बनने की संभावना है । मंगलवार को जिले में अधिकतम तापमान 44.6 आँका गया जो कि सामान्य से 1.6 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा तथा न्यूनतम तापमान 30.0 रहा जो की सामान्य से 0.3 डिग्री सेल्सियस अधिक है। सापेक्षिक आर्द्रता 54-36 प्रतिशत रही।

रिसाली में बच्चों के लिए 10 दिवसीय समर कैंप का आयोजन

भिलाई, 29 मई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय तथा राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के शिक्षा प्रभाग द्वारा मैत्री कुंज रिसाली स्थित प्रभु प्राप्ती भवन में क्लास 4 से लेकर क्लास 8 तक के बच्चों के लिए दस दिवसीय निशुल्क योग की क्लासेस समर कैंप का आयोजन दिनांक 26 मई से प्रातः 8ः30 से 9ः30 बजे तक किया जा रहा है। जिसमें बच्चों को नैतिक मूल्यों के साथ-साथ राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास,फन वैल्यू गेम्स, प्राणायाम, विभिन्न आसन, मूल्य निष्ठ प्रेरणादायक कहानियों के माध्यम से बहुत सुंदर नैतिक शिक्षा दी जा रही है, जिसमें बच्चे बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। ब्रह्माकुमारी पूजा दीदी द्वारा जीवन में गुणों का महत्व विषय पर बताया गया, जिसमें आपने बच्चों को आज्ञाकारिता गुण के बारे में कहा की माता-पिता,शिक्षक को आज्ञाकारी बच्चे अच्छे लगते है, बच्चों को अपने माता पिता की हर बात मानकर आज्ञाकारी बन दुआएं लेनी है। तभी जीवन में सफल होंगे। इसके साथ ही माता पिता से कुछ भी छिपाना नहीं है,उन्हें हर बात बताए। ब्रह्माकुमारी दीदियों द्वारा दी गई शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए बच्चे प्रतिदिन की शिक्षाओं को कॉपी में नोट भी कर रहे हैं। मैत्री कुंज रिसाली स्थित प्रभु प्राप्ती भवन में आयोजित समर कैंप राजयोगा मेडिटेशन क्लासेस में नए बच्चे भी शामिल हो सकते हैं । जिसमें उन्हें कॉपी, पेन, पानी की वॉटर बॉटल, लाना अनिवार्य है।

आरोपियों का निकाला जुलूस

भिलाई, 29 मई। भिलाई छावनी थाना क्षेत्र पुरानी रंजिश के चलते युवकों ने गुपचुप चाट बेचने वाले युवक पर कटर करने वाले युवको को गिरफ्तार किया है शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधारा 120 बीए 307ए 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है लोगों में आरोपियों के खौफखत्म करने जुलुस भी निकाला गया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ; शहर द्ध ने बताया कि जेपी चौक आदर्श नगर केम्प 1 निवासी संजय वर्मा गुपचुप चाट बेचने का काम करता है। बैकुण्ठधाम मंदिर के सामनेए छठ तालाब के पास ठेला में गुपचुप चाट का दुकान लगाया था इस दौरान रात 9ण्30 बजे पुरानी रंजिश के चलते आरोपी इरफान उर्फगप्पे ने जान से मारने की नियत से अपने दोस्त जे पवन उर्फब्रूस्लीए गौतम सरकार को भेजा था। आरोपियों ने पीड़ित को मुझे जान से मारने कटर से पेट में हमला कर फरार हो गए। हमला में पीड़ित पीछे हटने पर घटना में दाहिने पैर के जांघए बाएं पैर में चोट आई।पहले पीड़ित पहले वेल्कम चाट सेंटर वैशाली नगर में काम करता था जहां इरफान उर्फगप्पे भी काम करता था जहां से दोनों के आपसी विवाद रंजिश को देखते काम से निकाल दिया गया था। गप्पे से पीड़ित को दो साल से रंजिश है। 27 मई को भी आरोपी 2 युवक पवन उर्फब्रूस्लीए गौतम गुपचुप ठेले में पहुंचे थे। गप्पे से विवाद करने की बात को लेकर ब्रूस्लीए गौतम दोनों ने मिलकर अपने पास रखे कटर से हमला कर दिया पुलिस ने जे पवन उर्फब्रूस्लीए गौतम सरकार को गिरफ्तार किया है ।

महिला आत्महत्या, पति-सास गिरफ्तार

भिलाई। भिलाई सात माह पूर्व एक विवाहिता की आत्महत्या मामले में मोबाइल कॉल डिटेल की जांच में मारपीट व प्रताड़ित करना पाया गया। इस मामले में नेवई पुलिस ने आरोपी पति व सास के खिलाफ धारा 306, 34 के तहत अपराध दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है नेवई पुलिस ने बताया कि 7 अक्टूबर 2023 को स्टेशन मरोदा शंकरपारा निवासी छाया उर्फ मधु (22 वर्ष) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मर्ग कायम कर विवेचना के दौरान मोबाइल की कॉल डिटेल से मृतका का पति रुपेश टंडन और सास ममता टंडन मृतका के चरित्र पर शंका कर विवाद कर मारपीट व प्रताड़ित करते थे इससे तंग आकर छाया ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली इस प्रकरण में आरोपी पति रुपेन्द्र टंडन व सास ममता टंडन को गिरफ्तार कर लिया है ।

अवैध प्लाटिंग पर भिलाई-चरौदा निगम की कार्रवाई जारी

भिलाई-चरोदा। मेहबूब नगर चरौदा वार्ड क्र. 20 एवं उमदा वार्ड क्र. 06 में पोल और तार को जे.सी.बी. की मदद से हटाया गया। सोमवार दिनांक 27 मई 2024 को नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा द्वारा निगम क्षेत्र के 02 स्थानो पर अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। मौके पर मौजूद उपअभियंता मुकेश रात्रे ने जानकारी देते हुये बताया कि निगम को प्राप्त सूचना के आधार पर मेहबूब नगर चरौदा तथा उमदा एएचपी आवास के समीप हुये अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही की गई, जिसमें अवैध प्लाटिंग हेतु लगाये गये फेंसिंग पोल एवं मार्ग संरचना को ध्वस्त करने की कार्यवाही की गई है। निगम कमिश्नर डी.एस. राजपूत के निर्देशानुसार अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध इस प्रकार कार्यवाही निरंतर की जा रही है। कार्यवाही के दौरान विक्टर वर्मा उपअभियंता, सहायक राजस्व निरीक्षक राजेन्द्र चन्द्राकर, सहायक राजस्व निरीक्षक कन्हैया सोनी, सहायक राजस्व निरीक्षक दिलीप देवांगन एवं समय पाल श्यामता साहू उपस्थित रहे।

विश्व महावारी स्वच्छता दिवस ग्राम पंचायत सेलूद में मनाया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

उतई, 29 मई। दिनाँक 28/05/2024 को ग्राम पंचायत सेलूद में विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन जिला प्रशासन दुर्ग एवम वाटर के सौजन्य से किया गया, कार्यक्रम का मुख्यतिथि श्रीमती संध्या कुर्रे सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग द्वारा विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर माहवारी के दौरान महिलाओं व बालिकाओं को होने वाली परेशानियों पर निजात पाने के ऊपर विस्तार से चर्चा किया गया अध्यक्षता श्रीमती खेमिन साहू सरपंच ग्राम पंचायत सेलूद ने चर्चा के दौरान बताया कि महिलाओं को महावारी सम्बंधित कु प्रथाओं को दूर करते हुए जागरूक होकर कार्य करने व प्रचार प्रसार करने जन जागरण लाने पर जोर दिया गया अतिविशिष्ट अतिथि स्वेता यादव अतिरिक्त मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन ने उपस्थित जन समूहों को जानकारी दिया कि माहवारी चक्र के ऊपर विश्व माहवारी दिवस 28 मई को ही क्यों मनाया जाता है इस सम्बंध में विस्तार से जानकारी दिया ,श्री सौरभ कुमार जिला समन्वयक वाटरएड ने महावारी स्वच्छता के दूरगामी प्रभाव एवम सेनेटरी पैड के उचित निपटान पर जानकारी साझा की । श्री गिरीश माथुरे, लोकिता वर्मा जल जीवन मिशन,श्री मनोज बनिक ब्लाक समन्वय, श्रीमती अंजिता साहू सरपंच पतोरा, श्री भूषण सोनवानी सरपंच चुनकट्टा,श्री लोकेश्वर साहू सरपंच घुघुवा, आयोजन के अतिथि थे कार्यक्रम का संचालन सचिव संघ के जिलाध्यक्ष महेन्द्र कुमार साहू ने किया उक्त अवसर पर प्रदीप चन्द्राकर ब्लाक अध्यक्ष सचिव संघ,ममता बंजारे सहायक कृषि विस्तार अधिकारी, जायसी स्वास्थ कार्यकर्ता, गोपेश साहू, सुनीता सेन,हुपेंद्र साहू, राहुल साहू, जामवंत वर्मा,चन्द्रशेखर यादव,पारख साहू,विष्णु सिन्हा, ताम्रध्वज साहू,कल्याणी बंजारे,चंचल ज्योति, लोकेश्वरी मार्कण्डेय,रेणुका कुर्रे,विकास बारले सहित 20 ग्राम पंचायत के पँचायत पदाधिकारीगण, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन,स्वच्छाग्राही,बिहान समूह,महिला स्व सहायता समूह के अध्यक्ष सचिव व सदस्यो की भागीदारी रहा ।

युवक पर हमला,आरोपी गिरफ्तार

भिलाई, 29 मई। भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र पुरानी रंजिश के चलते युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है सुपेला पुलिस ने बताया कि राजेश निषाद निवासी लोहार पारा कृष्णा नगर ने 27 मई की रात 10 बजे अपने घर के पास खड़ा था उसी समय मोहल्ले का रहने वाला पिंटू उर्फ डोशेा धनकर आया और पुरानी रंजिश को लेकर कैची से प्राणघातक हमला कर दिया रिपोर्ट पर पुलिस मामले में आरोपी डिशेा कुमार धनकर उर्फ पिंटू (19वर्ष) को कृष्णा नगर सुपेला को घेराबंदी कर पकड़ा गया जो अपना जुर्म स्वीकार किया ।

बुजुर्ग ने खुदकुशी की

भिलाई, 29 मई। भिलाई जामुल पुलिस ने बताया कि ग्राम-सुरडूंग निवासी रामलाल वर्मा (76 वर्ष) ने आज अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना पर मौके पहुंची पुलिस ने शव को सुपेला अस्पताल के मरच्युरी भेजा पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया आत्महत्या का कारण अज्ञात है फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कर रही है।

नल में पंप लगाकर पानी की चोरी करने वालों के विरुद्ध छापेमार कार्रवाई

भिलाई-चरोदा। गर्मी की वजह से पानी की मांग बढ़ने लगती है। इस पर मुस्तैदी से काम करते हुए निगम पेयजल विभाग द्वारा पाईप लाईन और नल कनेक्शन की स्थिति की दैनिक मॉनिटरिंग की जा रही है। सभी वार्ड, कॉलोनी या मोहल्ले में पानी की सप्लाई बाधित ना हो इस प्रकार कार्यवाही को अंजाम दिया जा रहा है। निगम पेयजल विभाग में समयपाल के रूप में कार्यरत कर्मचारी राजेश अचैया द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि विभाग प्रमुख सहायक अभियंता हेमंत साहू के नेतृत्व में दो स्थानों पर आज छापेमार कार्यवाही की गयी है। निगम को प्राप्त जानकारी के अनुसार आजाद चौक, डबरापारा, भिलाई-03 में निजी नल और सार्वजनिक नल में पंप लगाकर पानी की चोरी करने वालों के विरूद्ध 05 नग ट्युब्लू पंप जब्ती करने की कार्यवाही की गयी।

नगर निगम मलेरिया रोकथाम के लिए घर-घर दे रहा दस्तक

भिलाई, 29 मई। भिलाई क्षेत्रांतर्गत आगामी वर्षा ऋतु के आगमन को दृष्टिगत रखते हुए बारिश पूर्व सभी बड़े नालाछ्भालियों की सफाई प्रगति पर है सफाई उपरांत निकला मलमा उठाने का कार्य भी साथ .साथ चल रहा है। कीटनाशक औषधि का छिड़काव भी निरंतर जारी है। निगम आयुक्त द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जलजनित मौसमी बीमारियों जैसे दस्त, उल्टी .दस्त, टाइफाइडए पीलिया से बचने के लिए पानी उबालकरष्ठंडा कर सेवन करनेएबासी एवं दूषित खाद्य एवं पेय पदार्थ का सेवन नहीं करने की समझाइश दी जा रही हैएजन समुदाय में प्रचार .प्रसार हेतु पाम्पलेट वितरण किया जा रहा है। मच्छर जनित रोग डेंगूध्मलेरिया से बचावअधोकथामध्नियंत्रण हेतु निगम का विशेष दस्ता एवं जिला मलेरिया विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 1 अप्रैल से 24 मई तक विभिन्न वार्डों में 2320 घरों में गृह भेंट कर सर्वेलेंस सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण के दौरान 7942 ;कूलरए टंकीए कंटेनरद्ध देखे गए। जिसमें 363 कूलरए 116 सीमेंट टंकीए 150 ड्रमध्प्लास्टिक कंटेनर में संग्रहित कर रखे गए पुराने पानी को खाली कराया गया। 41 कूलरए 7 सीमेंट

टंकीए 7 ड्रम एवं 11 प्लास्टिक कंटेनर में मच्छर लार्वा पाए जाने पर टेमीफास डालकर नष्ट किया गया एवं हिदायत दी गई कि पुनः इस प्रकार से ज्यादा दिनों तक पानी संग्रहित कर नहीं रखा जाए। इस प्रकार की पुनरावृत्ति होने पर चालानी कार्यवाही की जाएगी। सर्वेक्षित घरों के 2056 कूलर में स्प्रेयर पंप द्वारा पानी मिश्रित टेमीफास का छिड़काव कराया गयाए जिससे मच्छर लार्वा की उत्पत्ति नहीं हो। व्यस्क मच्छरों के नियंत्रण हेतु 2490 कूलरों में मैलाथियान का छिड़काव कराया गया। भीषण गर्मी-लू से बचाव संबंधित 742 पाम्पलेट एवं डेंगू-मलेरिया, पीलिया से बचाव संबंधित 1843 पाम्पलेट वितरण किया गया। निगम आयुक्त द्वारा आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि बीमारी फैलने के बाद रोकथाम करने से अच्छा है कि बीमारी फैलने ही नहीं दिया जाए। इसके लिए मच्छर लार्वा स्रोत जैसेरू. खिड़कियों में लगे कूलरष्टंकीध्ड्रमध्कंटेनर में संग्रहित कर रखे गए पानी को प्रत्येक तीन .चार दिन में खाली करध् सूती कपड़े या पेपर से साफ करष्ध्खाकर ही नया पानी भरकर उपयोग करें। अपने घर के छत एवं बाग .बगीचों में पड़े कबाड़ सामान जैसेरू टूटे .फूटे बर्तनएए डिस्पोजलएटायर एवं अन्य अनुपयोगी पात्र जिसमें बरसात का पानी जमा होने की संभावना हैए उसे तत्काल हटा देंए ताकि मच्छर लार्वा को पनपने का अवसर ही नहीं मिल सके। घर के आसपास बरसाती पानी के जमाव होने पर जला आइल का छिड़काव करें।

27 भवन मालिकों के विरुद्ध कुर्की वारंट जारी

भिलाई, 29 मई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के 27 भवन स्वामियों द्वारा लंबे समय से संपत्तिकर की राशि जमा नहीं करने पर आयुक्त ने कुर्की वारंट जारी कर कुर्की अधिकारी की नियुक्ति करते हुए 31 मई तक राशि की वसूली करने के निर्देश दिये हैं। निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम को आर्थिक रूप से सबल बनाने संपत्तिकर की वसूली शत्प्रतिशत हो इसके लिए समय-समय पर राजस्व करों की वसूली की समीक्षा करते हैं। इसी दौरान उन्होने संपत्तिकर विभाग को निर्देशित किये थे कि लंबे समय से निगम का टैक्स जमा नहीं करने वाले भवन स्वामीयों की सूची जोनवार प्रस्तुत करें। सूची के आधार पर जोन-03 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र के व्यवसायिक एवं आवासीय भवन स्वामी जिसमें राज कुमार चैधरी/दुधनाथ चैधरी खुर्सीपार भिलाई, भगवान वर्मा/भिलाई निर्माण शिक्षा समिति, कृष्ण कुमार गुप्ता/श्यामनाथ गुप्ता केम्प 2 भिलाई, रामप्रवेश चैहान/हीरालाल चैहान भिलाई, बंशी अग्रवाल/लाजपत राय अग्रवाल भिलाई, बालवीर सिंह/लालू सिंह भिलाई, राम नागीन/स्व. राम देव चैहान संतोषी पारा भिलाई, रधुवीर महाजन/स्व. मन्नू महाजन केम्प 2, राजाराम/स्व. चंदूलाल साहू केम्प 2, राजेन्द्र प्रसाद/राजेश मिश्रा, राजेश कुमार/स्व. रमेश चंद भिलाई, रामदरस यादव/रधुनाथ

यादव, अरूणाप्रभा शुक्ला/आर.एन.शुक्ला, राजपति शर्मा/स्व. हरिद्वारा शर्मा केम्प 1 भिलाई, प्रशांत जायसवाल/माता गरीब जायसवाल, मलंग/चंद साह बाबा केम्प 1, शेख अब्बास/स्व. शेख मोहम्मद स्टील नगर, चेतनदास चैधरी/स्व. धनका चैधरी केम्प 1, माता गरीब जायसवाल/स्व. महावीर जायसवाल अम्बेडकर नगर, सलमुददीन/अलीम केम्प 2 भिलाई, रंजीत सिंह/जगदीश सिंह, चन्द्रकांत/मरोती राव केम्प 1, जितेन्द्र कुमार राय/जगदीश राय मदर टेरेसा नगर, उर्मिला मिश्रा/अमरनाथ मिश्रा केम्प 1, रवि कुमार कोडा/स्व. रमेश कुमार कोडा शांति पारा केम्प 1, फूलचंद/ईशना हुकरे पुरानी मछली मार्केट, सुषमा देवी टहलयानी/स्व. भगवान दास टहलयानी चटाई क्वाटर केम्प 2 शामिल है। इन भवन स्वामियो द्वारा लंबे समय से संपत्तिकर राशि का भुगतान नहीं किया गया है। निगम द्वारा सभी भवन स्वामी को नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 174 की नोटिस जारी कर 31 मई के भीतर निगम को देय लंबित राशि का भुगतान करने को कहा गया था। नोटिस की अवधि समाप्त होने के बाद आयुक्त ने उन सभी 27 भवन स्वामियो के विरूद्ध नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 175 के अधीन शक्ति पत्र कुर्की वारंट जारी कर कुर्की अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी, बी.के. नायडू को आदेशित किये है कि उक्त भवन स्वामियो से 31 मई तक निगम को देय लंबित राशियों का वसूली कर निगम कोष में जमा कराये। निर्धारित राशि 31 मई तक जमा नही करने वाले प्रतिष्ठिनो एवं दुकानो पर ताला लगा देगी इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित की स्वयं की होगी।

समय-सीमा में करें राजस्व प्रकरणों का निराकरण: डीएम

भिलाई, 29 मई। कलेक्टर सुश्री ऋत्रा प्रकाश चौधरी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर पिछली राजस्व बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए जमीन से जुड़े सभी अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, राजस्व वसूली, नक्शा बटांकन, डायवर्सन की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभागीय प्रकरणों के निराकरण में लेटलतीफी करने वाले अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए लंबित प्रकरणों को त्वरित रूप से निराकृत कर दायित्वों का निर्वहन सर्वोच्च प्राथमिकता से करने को कहा। सामाजिक संस्थाओं से संबंधित जमीन के मामलों को भी शीघ्रता से समय सीमा के भीतर पूर्ण करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व से संबंधित कोई भी प्रकरण लंबित नही होने चाहिए। उन्होंने राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों तथा तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों से उनके न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरणों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों एवं मुआवजा भुगतान, भारतमाला परियोजना, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रकरणों का भी त्वरित निराकरण करने निर्देश दिए, जिससे प्रभावित लोगों को मुआवजा प्रदान करने में किसी भी प्रकार का विलंब न हो। उन्होंने सभी सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख (एएसएलआर) को आबंटित अपने-अपने तहसीलों का निरीक्षण कर उचित कार्यवाही करते हुए एसडीएम को सूचित करने के निर्देश दिए।

जल जगार उत्सव में पानी को संरक्षित करने की शपथ लेकर संगठित हुए कमार

धमतरी 29 मई। पानी का संरक्षण करने और उसके दुरूपयोग को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिले में जल जगार उत्सव मनाया जा रहा है। नारी शक्ति से जल शक्ति के तहत आयोजित इस अभियान में जिले के विशेष जनजाति कमार आदिवासी परिवार भी पीछे नहीं रहे। पानी के गिरते हुए स्तर से चिंतित होकर कमार आदिवासी भी स्वयं की जमीन में वर्षा जल को संचित करने के लिए वचनबद्ध हैं। उन्होंने इसके लिए पीपरहीभर्री में तालाब, डबरी और डाइक निर्माण करने अपना कदम बढ़ा रहे हैं। जिले के वनांचल आदिवासी बाहुल्य नगरी विकासखण्ड के ग्राम पीपरहीभर्री के 36 कमार परिवारों ने वन अधिकार अधिनियम के तहत उन्हें मिले जमीन पर जल संरक्षण और संवर्द्धन की दिशा में कार्य करने जुट गए है।

जिले में कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी की पहल पर चल रहे जल जगार उत्सव से प्रेरित होकर अन्य लोगों के साथ-साथ विशेष जनजाति कमार परिवार भी पानी संरक्षित करने आगे आ रहे है। उन्होंने इस ओर कदम बढ़ाते हुए निजी जमीन पर डबरी, तालाब तथा नाला में डाईक बनाने का काम शुरू कर दिया है। ग्राम पीपरहीभर्री के तीन कमार आदिवासी परिवार जहां मछली पालन के लिए तालाब बनाए हैं, वहीं बारिश के पानी को रोकने के लिए 10 डबरियों का भी निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा गांव के समीप से गुजरने वाले नाला में डाईक संरचना बनाई जा रही है, जिससे पानी का स्तर ऊंचा उठे और जमीन पर नमी बनी रहे। साथ ही आसपास के बोर, नलों में वाटर रिचार्ज होती रहे। गौरतलब है कि नाला में गड्ढानुमा संरचना बनाई जाती है तथा उसमें पानी को रोकने के लिए पॉलीथिन के आकार की संरचना बनाई जाती है, जिसे डाइक कहते हैं। नाला में डाईक बनने से पानी तो भरा रहता है, साथ ही आसपास की जमीन में नमी बनी रहती है। कमार आदिवासी परिवार वनों को हरा-भरा बनाए रखने और वन्य प्राणियों की प्यास बुझाने तथा आने वाले समय में पानी की कमी से निजात पाने के लिए मुस्तैदी से जल संरक्षण की दिशा में कार्य को कर रहे हैं। बता दें कि ग्राम पीपरहीभर्री में 36 कमार आदिवासी परिवार हैं, जिनमें 113 सदस्य हैं।

एक नजर

पुलिस जवान के घर पर अज्ञात चोरों ने सेंध मारी

डोंगरगढ़ 29 मई। नगर के वार्ड नंबर 05 इंदिरा नगर में 26 मई को अज्ञात चोरो के द्वारा पुलिस जवान के घर को निशाना बनाते हुए सेंध मार जेवरात सहित नगदी रकम पर हाथ मार फरार हो गए। बताया गया कि घर के सभी सदस्य वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 21 मई से चंद्रपुर महाराष्ट्र गए थे व घर पर राहुल करसे था। राहुल के अनुसार 25 मई को रात्रि 11 बजे पढ़ाई पूरी कर रात्रि 11 बजे ताला लगा अपने बड़े पिताजी के यंहा सोने चला गया था व 26 मई को सुबह आया तो घर व आलमारी का ताला टूटा पाया। मकान में लगे सीसीटीवी में साफ दिखाई पड़ रहा है कि दो चोर चेहरे में स्काफ बांधे घर में घुस रहे है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार प्रार्थी संगीता करसे पति अजय करसे निवासी इंदिरा नगर डोंगरगढ़ की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया है । चोरी गए सोना चांदी के जेवरात कीमती 20 हजार व नगदी 9 हजार बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 457,380 भादवि कायम कर पतासाजी तेज कर दी है।

बीएएसएलपी पाठ्यक्रम वर्ष 2024-25 में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

रायपुर.29 मई। पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के नाक, कान व गला रोग विभाग (ई. एन. टी.) के अंतर्गत संचालित बैचलर ऑफ ऑडियोलॉजी स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजी (बी. ए. एस. एल. पी.) पाठ्यक्रम 2024-25 में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। बी.ए.एस.एल.पी. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन फार्म एवं विवरणिका (प्रोस्पेक्टस) बी.ए.एस.एल.पी. पाठ्यक्रम रायपुर की वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट रायपुरबीएसएलपी डॉट ओआरजी से डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भर कर भेजना अनिवार्य है। आवेदन फार्म जमा करने की प्रारंभिक तिथि 28 मई 2024 तथा अंतिम तिथि 27 जून 2024 है तथा विलंब शुल्क अतिरिक्त 100 रूपये के साथ फार्म 29 जून 2024 तक जमा किये जा सकते हैं। आवेदन किये हुए अभ्यर्थियों की मेरिट सूची दिनांक 04.07.2024 को वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट रायपुरबीएसएलपी डॉट ओआरजी में जारी की जाएगी। उपरोक्त जारी किए हुए मेरिट सूची में दावा आपत्ति हेतु अभ्यर्थी दिनांक 10.07.2024 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक के पश्चात् दावा आपत्ति हेतु प्रस्तुत किए गए आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे। आवेदन किए हुए अभ्यर्थियों की दावा-आपत्ति उपरांत अंतिम मेरिट सूची दिनांक 12.07.2024 को वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट रायपुरबीएसएलपी डॉट ओआरजी में जारी की जाएगी। बी.ए.एस.एल.पी. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु काउंसलिंग दिनांक 15.07.2024 को आयोजित की जाएगी।

जिले में वैज्ञानिक विधि से भू-जल के संरक्षण की पहल

धमतरी 29 मई। जिला प्रशासन धमतरी द्वारा जनपद पंचायत मगरलोड के ग्राम परसाबुड्डा में स्थित राजाडेरा राइट बैक कैनाल के समक्ष इंजेक्शन वेल बनाने एवं जल को संरक्षित करने के लिए वैज्ञानिक विधि से अध्ययन कराया जा रहा है। कार्यपालन अभियंता जल संसाधन श्री रोशन लाल देव ने बताया कि वैज्ञानिक विधि से अध्ययन का मुख्य उद्देश्य कैनाल के समक्ष फैक्चर जोन की पहचान करना है। उन्होंने बताया कि फैक्चर ज़ोन की पहचान करने के लिए विद्युत प्रतिरोधकता सर्वेक्षण पद्धति का उपयोग किया जा रहा है, जिससे मौजूद फैक्चर के कारण पानी के स्थिर न होने की समस्या का समाधान किया जा सकेगा है। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में यह सर्वेक्षण राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर के एप्लाइड जियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. डी.सी. झारिया द्वारा किया जा रहा है। साथ ही इस सर्वेक्षण को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के सीनियर रिसर्च फेलो श्री मयंक श्रीवास्तव के द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया है। सर्वेक्षण का निरीक्षण आज मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्री राजेंद्र पड़ौती, अनुविभागीय अधिकारी श्री शिव गिलहरे एवं उप अभियंता श्री विकास डडसेना द्वारा किया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी ने किया समर कैम्प का निरीक्षण

धमतरी 29 मई। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में जिले में स्कूली बच्चों को शैक्षणिक के साथ ही रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री जगदल्ले ने आज प्राथमिक शाला आमदी में चल रहे समर कैम्प का निरीक्षण किया।

14 लाख की लूट के मामले में मैनेजर ही निकला मास्टर माइंड

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़/चिचोला 29 मई। पेट्रोल पंप के मैनेजर से 14 लाख की लूट का मास्टर माइंड खुद मैनेजर राजाराम बिसनोई ही निकला। 27 मई 2024 को राजाराम बिसनोई पिता बंसीलाल बिसनोई मारूति पेट्रोल पम्प घोरतलाव में मैनेजर जो विगत 11 माह से वहां कार्यरत है द्वारा पुलिस में रिपोर्ट लिखवाया कि वह पेट्रोल पम्प कि खरीदी बिक्री का पूरा हिसाब रखता है और बिक्री कि रकम को हर सप्ताह भारतीय स्टेट बैंक राजनांदगांव में जमा करता है शनिवार एवं रविवार छुट्टी होने के कारण बैंक में जमा नहीं किया था जिसे 27 मई 2024 को सुबह 09.50 बजे नगदी 14 लाख 01 हजार को काले रंग के बैग में भर कर अपनी हिरोमोटर सायकल क्रमांक सी.जी.-08-ए.बी.- 4413 में अकेले जमा करने निकला। जब वह ओवर ब्रिज चिचोला के पास पहुंचा तब एक सफेद रंग कि ब्रेजा कार जिसमें तीन व्यक्ति बैठे थे लगभग 10.40 बजे पंचोली बायोडीजल पेट्रोल पम्प के पास हाईवे में सुनसान जगह पर उसके मोटर सायकल को ब्रेजा कार अड़ाकर कर रोका और चाकू से वार कर उसके पैसे से भरे बैग को छिन लिया और उसके मोटर साईकल को गिराकर तोड दिया, दोनों हाथों पर चाकू से वार कर चोट पहुंचा कर 14 लाख 01 हजार रूपये लूट कर 03 अज्ञात आरोपी भाग गये। व भागते समय पेट्रोल पम्प मैनेजर की मोटरसायकल की चाबी को भी साथ ले गये। लूट की सूचना सब से पहले पेट्रोल पम्प मैनेजर राजाराम द्वारा अपने पेट्रोल पम्प के सुपरवाईजर बस्तीराम को कॉल कर दिया गया। घटना की सूचना पुलिस चौकी चिचोला को मिलने पर घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को बताया गया और पुलिस कन्ट्रोल रूम के माध्यम से जिले के सभी थाना/चौकी/सरहदी जिलों में नाकाबंदी करने हेतु को पॉइन्ट दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक झा एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर ए.एस.पी. श्री मुकेश ठाकुर (ऑप्स) एवं ए.एस.पी. राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में सी.एस.पी.पुष्पेन्द्र नायक, एसडीओपी डोंगरगढ़ अशिष कुंजाम के पर्यवेक्षण में पुलिस चौकी प्रभारी चिचोला निरीक्षक उमेश बघेल एवं प्रभारी साइबर सेल निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में पुलिस चौकी चिचोला एवं सायबर सेल राजनांदगांव की 10 से ज्यादा टीम गठित कर आरोपियों का पता तलाश प्रारंभ किया गया। पता तलाश दौरान तकनीकी सहयोग से पुलिस टीम द्वारा अलग अलग जगहों पर लगे सीसीटीवी का बारीकी से अवलोकन किया गया, साथ ही राजाराम बिसनोई के शरीर पर आये चोट के निशान और पूछताछ में उसके द्वारा लूट के वाहन व घटना के संबंध में बार-बार अलग-अलग जानकारी देकर पुलिस को गुमराह करता रहा। उसके बयान के अनुसार तकनीकी सूचना से घटना मेल नहीं खा रही थी। जिसके बाद राजाराम बिसनोई से कड़ाई से पूछताछ करने पर अपने 02 अन्य साथियों के साथ मिलकर झूठे लूट की घटना का प्लान तैयार कर घटना को अंजाम दिया। राजाराम बिसनोई पेट्रोल पम्प के पूरे पैसे का हिसाब किताब स्वयं रखता था व पेट्रोल पम्प में आये नगदी रकम को जमा करने भी स्वयं बैंक लेकर जाता था। लगातार 08 दिन तक पेट्रोल पम्प का पैसा बैंक में जमा नही करने व नगदी रकम लगभग 14 लाख रूपये इकट्ठा हो जाने से मन में लालच होने से अपने दो साथियों के साथ झूठे लूट की घटना का प्लान बनाया। उक्त घटना दिनांक को राजाराम बिसनोई 14 लाख नगर रकम को मारूती पेट्रोल पम्प घोरतलाव से निकला और अपने 02 साथियों को (1) सोमेश सिन्हा पिता अशोक सिन्हा उम्र 22 साल निवासी फतेगंज, सड़क चिरचारी थाना बागनदी (2) सहयोगी शेख इमामुद्दीन पिता निजामुद्दीन उम्र 23 साल निवासी सड़क चिरचारी थाना बागनदी को पूर्व में बनाये गये प्लान अनुसार स्वीफ्ट कार में बुलवाया और सुनसान जगह मौका देख कर झूठे लूट की घटना को दिया अंजाम। तीनों आरोपियों से लूट की रकम 13 लाख 40 रूपये नगदी व घटना में प्रयुक्त स्वीफ्ट कार एवं चाकू जप्त किया गया। उक्त तीनों आरोपियों को ओ.पी. चिचोला के अपराध क्रमांक 121/24 धारा 341, 394, 34 भा.दं.वि. पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया जा रहा है।

समाचार संक्षेप

अनियंत्रित ट्रक ने युवक को ठोका, परिवार हुआ बेसहारा

डोंगरगढ़ 29 मई। विकासखंड के ग्राम अछोली निवासी विष्णु पटेल उम्र 30 वर्ष राजनंदगांव से रात 10 बजे अछोली घर के लिए आ रहा था की मुसरा पंचायत के अंतर्गत ग्राम भानपुरी के पास 407 मजदा ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेबी 0844 जो की डोंगरगढ़ की ओर से तेज रफ्तार से लहराते हुए आ रही थी जिसे देख बाइक चालक विष्णु पटेल ने अपनी गाड़ी को रोड के नीचे उतार दिया, उसके बाद भी अनियंत्रित ट्रक ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक के सर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट आने एवं सर का नस फट जाने के कारण, नाक एवं मुंह से लगातार खून की उल्टी होने लगी, एक्सीडेंट को देख पास में ही फ्लैट नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित था वहां उपस्थित भीड़ तत्काल मौके पर पहुंचकर युवक को उठाया युवक ने ग्राम अछोली के सरपंच प्रतिनिधि टूमेश पटेल का नंबर बताते हुए कहा कि मैं ग्राम अछोली का हूं मेरे घर वालों को खबर कर दो इतना कह कर बेहोश हो गया, तत्पश्चात ग्राम मुसरा सरपंच ने युवक को जिला चिकित्सालय पेंड्री में भर्ती करते हुए घर वालों को सूचित किया वहीं एक्सीडेंट करने के पश्चात भाग रहे ट्रक ड्राइवर को ग्रामीणों ने पीछा किया जिसे देख ट्रक ड्राइवर ने ठेलकाडीह के पास ट्रक को खड़ा कर भाग गया सूचना मिलते ही ठेलकाडीह पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। वही मृत युवक विष्णु पटेल, रोजी मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था जिसके एक 8 महीने की लड़का एवं 4 साल की लड़की है किंतु अपने परिवार का एकमात्र सहारा रहे विष्णु पटेल के मृत्यु के पश्चात् परिवार का भरण पोषण का समस्या उत्पन्न हो चुकी है।

भाटापारा लोकोत्सव में लोक संस्था सुरता की धूम

रायपुर 29 मई। छत्तीसगढ़ी लोक कला के उन्नयन हेतु बीते 33 वर्षों से भाटापारा में सतत आयोजित लोकोत्सव 2024 में लोक कला मंच सुरता ने मनमोहक प्रस्तुति दी। लोकोत्सव में सूरता के संचालक वरिष्ठ रंगकर्मी विजय मिश्रा अमित को डॉक्टर जितेंद्र आडिल स्मृति सम्मान से अलंकृत किया गया। द्विदिवसीय लोकोत्सव में सुरता टीम के पैंतीस कलाकारों ने सुवा,करमा, ददरिया,मावलिया जश गीतों की प्रस्तुति से जनमन को मंत्रमुग्ध कर दिया।सुरता के नृत्य निदेशक नरेंद्र जलथरवीय की भरपूर सराहना हुई। इस अवसर पर सभी कलाकार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सुरता के कलाकारों में सर्वश्री अर्जुन मानिकपुरी, तोसन निर्मलकर,नीतीश यादव, कृष्णा सपहा, नारायण-लोकेश- चंद्रहास साहू देवा कश्यप, अशोक निषाद,अभिषेक पांडे, अंजलि भट्ट मानसी साहू ,नूतन साहू, ऋषिका पांडे,नूतन, रौशनी, ज्योति पायल, सुनींधि साहू,मैरी मसीह ने नृत्य- गायन- वादन में भागीदारी दी।

कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने ली स्वास्थ्य विभाग की बैठक

धमतरी 29 मई। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज स्वास्थ्य विभाग की बैठक लेकर स्वास्थ्य कार्यक्रमों से संबंधित वित्तीय स्थिति की समीक्ष की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आयोजित इस बैठक में कलेक्टर ने दवाइयों की ऑनलाइन एंट्री करने एवं कार्यक्रमों के प्रशिक्षण की शेड्यूल बनाने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जी.आर.मरकाम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.के.मण्डल सहित स्वास्थ्य अमला उपस्थित रहा। कलेक्टर ने मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम के तहत डीडीटी छिड़काव में लगे मजदूरों को तत्काल मजदूरी भुगतान करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग में सभी कार्यक्रमों के तहत प्राप्त पिछले वर्ष का बजट का पूर्ण वेरीफाई कराने भी कहा। बैठक में कलेक्टर ने आने वाले पांच माह के भीतर सेवा निवृत्त होने वाले अधिकारी, कर्मचारियों की जानकारी ली तथा उनके पेंशन प्रकरण जून माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ऐसे अधिकारी, कर्मचारी जो लंबे समय से अनुपस्थित है, उनकी सेवा समाप्त करने का विधिवत कार्यवाही जून के अंतिम तिथि तक करने के निर्देश भी कलेक्टर ने बैठक में दिए। इस अवसर पर जिले में आयोजित मासिकधर्म स्वच्छता कार्यक्रम की जानकारी भी कलेक्टर ने ली।

मगरलोड के परसाबुड़ा में मनाया गया जल जगार उत्सव

धमतरी 29 मई। आगामी दिनों में होने वाली बारिश के जल को संचित कर जिले में भू जल स्तर बढ़ाने के मद्देनजर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के पहल पर जल जगार उत्सव मनाया जा रहा है। आज मगरलोड विकासखंड के ग्राम परसाबूड़ा में आयोजित जल जगार उत्सव में ग्रामीणों को जल संरक्षित करने के उपायों से वाकिफ कराया गया। साथ ही आज बचा लो जल, नहीं तो पछताओगे कल का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर जल प्रहरी द्वारा रूफटॉप स्ट्रक्चर, वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और वेस्ट वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने की विधि बताई गई। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने जल बचाने की शपथ ली। इस अवसर पर गांवों में जल प्रहरी के तौर पर कार्य कर प्रेरित करने वाली महिलाओ का सम्मान भी किया गया। साथ ही जल संरक्षण संबंधी प्रश्न उत्तरी मे विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

कांग्रेसियो ने भी भाजपा में शामिल नपा उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

डोंगरगढ़ 29 मई। भाजपा के पार्षदों के द्वारा नपाध्यक्ष सुदेश कुमार मेश्राम के ऊपर भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी व पक्षपात पूर्ण रवैया का आरोप लगाते 14 पार्षदों ने जिलाधीश महोदय से अविश्वास प्रस्ताव लाकर पुनः वोटिंग करा हटाने की मांग की गई थी तो दूसरी ओर कांग्रेसियो ने भाजपा में शामिल हुए उमा महेश वर्मा पर आरोप लगाते हुए बताया गया कि पालिका परिषद डोंगरगढ़ के उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा द्वारा जनहित के कार्यो की लगातार उपेक्षा की जाती है। उमा महेश वर्मा के विरोध के कारण नगर के प्रगति के कई कार्य लंबित हुए है साथ ही पी.आई.सी. में पास होने वाले नगर वासियों के कई कार्यो पर इन्होने विरोध अंकित कर कार्य होने से रोका है, इन्होंने अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए दल बदल दिया । जिससे हम परिषद के पार्षदों नाराज है और उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा पर विश्वास नही है, इनका उपाध्यक्ष पद पर बने रहना नगर के हित के लिए उचित नहीं है। इस कारण नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ द्वारा नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव करते है। प्रस्ताव पर जिलाधीश महोदय को प्रेषित करते कार्यवाही की मांग की गई है। नपा उपाध्यक्ष पद 16 मत की होगी आवश्यकता। विदित हो कि अध्यक्ष पद की तरह उपाध्यक्ष पद पर कब्जा जमाने के लिए 16 मतों की आवश्यकता होगी। भाजपा के 14 तो कांग्रेस के 09 पार्षद है। जिलाधीश महोदय की अनुमति के पश्चात ही प्रक्रिया पर अमल किया जायेगा। नगर पालिका के परिषद के कांग्रेसी पार्षदों के द्वारा आरोप व अविश्वास प्रस्ताव कर हटाने के संबंध में अपना पक्ष रखते बताया कि भाजपा में शामिल होते ही अध्यक्ष तिलमिला गए है व मुझे नीचा दिखाने की नीयत से मनगढ़ंत कहानी बनाकर आरोप जो लगाए गये है बेबुनियाद है। ये तो वही बात हो गई उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे।

जिले में मनाया गया विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस

■ महिलाओं एवं बालिकाओं को दी गई तकलीफ से बचने की जानकारी

धमतरी 29 मई। जिले में आज विश्व मासिकधर्म स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर सभी महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके मासिकधर्म के कारण होने वाली चुनौतियों, मासिक धर्म से जुड़ीं भ्रांतियों, समस्याओं तथा इनके निराकरण के लिए समाधानों पर चर्चा की गई। इसके अलावा मासिकधर्म स्वच्छता प्रबंधन के विषय में जागरूकता बढ़ाने स्वसहायता समूह, ग्राम संगठन एवं संकुल स्तरीय संगठन में मास्टर ट्रेनर्स, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा मितानिन एवं पोषण सखी के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। इस दौरान मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन में आयुष की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि नित्य योग तथा प्राणायाम का अभ्यास, मासिक धर्म के दौरान होने वाली तकलीफों को दूर करने में भुजंगासन, गोमुखासन, मार्जारी आसन एवं मत्येन्द्रासन लाभाकारी है। इसके साथ ही अनियमित मासिक धर्म को दूर करने के लिए खानपान संतुलित एवं पौष्टिक होना जरूरी है। मौसमी फल, सलाद एवं हल्का भोजन मासिक धर्म चूक को नियमिति करने में लाभकारी होता है। ओलिगो मेनोरिया (मासिक चक्र में रक्त कम आना) में पपीता एवं चुकंदर लाभकारी है, मेनोरेजिया (मासिक धर्म ज्यादा आना) में दूब का स्वरस 1 चम्मच एक सप्ताह तक लेने से फायदा मिलता है। मनोपॉज (रजोनिवृत्ति के दौरान महिलाओं में चिड़चिड़ापन तथा दर्द की अधिकता होती है, इसके लिए योगनिद्रा और ध्यान का नियमिति अभ्यास किया जाए), स्त्री स्वच्छता उत्पाद-सेनेटरी पैड का प्रयोग विभिन्न रोगों से बचाने में मदद करता है। कार्यक्रम के अंत में बताया गया कि मासिक धर्म स्वच्छता दिवस एक बढ़ते आंदोलन को श्रव्य और दृश्यमान बनाता है, जो शरीर की साक्षरता के साथ-साथ लैंगिक समानता को बढ़ावा देता है।

जल संरक्षण के लिए ग्रामों के क्लस्टर बनाकर कार्य करने के दिए निर्देश

कुपोषित बच्चों को सुपोषित की श्रेणी में लाने के लिए पो लईका अभियान में सभी दें अपना योगदान: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 29 मई। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि जिले में कुपोषित बच्चों पर विशेष ध्यान केन्द्रित करते हुए पोट्ठ लईका अभियान की पहल की जा रही है। इसके अंतर्गत कुपोषित बच्चों को सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए जनसहभागिता तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से सघन अभियान चलाकर यह कार्य किया जाएगा। इसके अंतर्गत बच्चों को गोद लेकर उन्हें सुपोषण की श्रेणी में लाने के कार्य में सभी अधिकारी अपना योगदान देंगे। बच्चों एवं माताओं के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इसके साथ ही किशोरी बालिकाएं कमजोर न हो, इसके लिए कार्य करने की आवश्यकता है। उनके हिमोग्लोबीन एवं अन्य परीक्षण तथा आयरन, मल्टीविटामिन, जिंक एवं अन्य दवाईयां समय पर देने की आवश्यकता है। बालिकाएं स्वस्थ रहेंगी तो उनका भविष्य अच्छा रहेगा। कलेक्टर ने कहा कि एक महीने से अधिक बिना अनुमति से अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त किया जाना है, इसके लिए सभी विभाग ध्यान देते हुए जानकारी भेजें। साथ ही संविदा सेवा वृद्धि के लिए भी जानकारी भेंजे। कलेक्टर ने कहा कि जिले में जल का स्तर नीचे चला गया है, जिससे आने वाले समय में पानी के लिए दिक्कत हो सकती है। इसके लिए हरसंभव प्रयास करना है। उद्योगों द्वारा पानी का दोहन किया जाता है। उन्हें इससे दोगुना वाटर रिचार्ज करने के लिए जलीय संरचना बनाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि उद्योग तालाब बनवाएं तथा व्यापक पैमाने पर पौधरोपण करवाएं। जल के उपयोग के लिए यह जरूरी है कि सरफेस वाटर का उपयोग किया जाएं। जल संरक्षण के लिए 4-5 गांवों का कलस्टर बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उक्त बातें कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कही।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि राजस्व शिविर की प्रगति के संबंध में जानकारी लीं। उन्होंने कहा कि राजस्व की टीम हर हल्के की मानिटरिंग करें और संयुक्त खाता का परीक्षण करें। फौती, नामांतरण जैसे कार्य रूकना नहीं चाहिए। परिवार के मुखिया की मृत्यु के बाद परिवार के अन्य सदस्यों का नाम दस्तावेजों में होना चाहिए। जहां खाता विभाजन की स्थिति हो वहां प्राथमिकता से समस्या का निराकरण करें। इससे किसानों को खेती-किसानी और धान बिक्री में सुविधा होती है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण, सुपोषण एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के लिए सभी अधिकारी संयुक्त रूप से समन्वित तरीके से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन द्वारा ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए अच्छा कार्य किया जा रहा है। वहीं अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन के विरूद्ध अच्छा कार्य किया जा रहा है। उन्होंने घुमंतू पशु के लिए कांजीहाऊस का निर्माण करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग ऐसे स्थानों का चिन्हांकन करें, जहां रोड की संरचना में कमी के कारण सड़क दुर्घटना हो रही है और वहां आवश्यक परिवर्तन करते हुए ब्रेकर जैसी संरचनाएं बनाएं, ताकि दुर्घटना नहीं हो। ऐसे सड़क जहां बड़ी सड़क के साथ छोटी सड़क जुड़ रही हो, वहां रम्बल स्ट्रीप बनाएं, ताकि वाहन की गति कम हो जाए और दुर्घटना नहीं हो। कलेक्टर ने एजुकेशन हब की प्रगति के संबंध में जानकारी ली तथा इस दिशा में शीघ्र कोचिंग प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए आधार सिडिंग एवं लैंड सिडिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य आबाधित रूप से होने चाहिए। इसके लिए कृषि विभाग को बैंकर्स से समन्वय करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद-बीज की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों को खाद-बीज की कमी नहीं होना चाहिए। धान के साथ ही कोदो, रागी, अरहर, उड़द, मूंग, सोयाबीन जैसे बीज उपलब्ध रहें। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक महत्व के निर्माण कार्यों के दौरान भू-अर्जन का कार्य महत्वपूर्ण है।

संपादकीय

सामूहिक लापरवाही पर सामूहिक सजा मिलनी चाहिए

देश के किसी भी राज्य में जिला प्रशासन से लेकर सरकारी विभाग के अधिकारियों की आपराधिक लापरवाही के चलते यदि किसी हादसे में बड़ा संख्या में लोग मरते हैं तो इसके लिए अधिकारियों को भी सजा मिलनी चाहिए और मंत्रियों को भी नही बख्शा जाना चाहिए। किसी भी राज्य में जानो-माल की रक्षा की जिम्मेदारी सरकार की है, जिला प्रशासन की है तो यह तो देखा ही जाना चाहिए कि राज्य सरकार व जिला प्रशासन ने लापरवाही के चलते होने वाले हादसे रोकने के लिए कोई योजना बनाई या नहीं, योजना बनाई है तो उसके हिसाब से राज्य में भीड़ वाली जगहों पर जहां भी बड़े हादसे हो सकते हैं, जांच की गई है या नहीं। यह देखा गया है क्या कि वहां लोगों की सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की गई है या नहीं। हर सरकारी विभाग के अधिकारियों को हर साल एक पूरा शेडयूल बनाना चाहिए कि किस महीने कहां कहां हादसे रोकने के लिए क्या जांच की जाएगी। फैक्ट्री, माल, कोचिंग, टाकीज,मैरिज हाल,गेमिंग जोन आदि बहुत सी जगहें होती है, यहां हमेशा बड़ी संख्या में लोग रहते है, अगर इनकी नियमित हर साल जांच हो तो बहुत सारे बड़े हादसों को रोका जा सकता है। बहुत सारे लोगों की जान बचाई जा सकती है। बड़े हादसे होते ही इसलिए हैं कि हर स्तर पर आपराधिक लापरवाही होती है।इसके लिए किसी एक को दोषी मानकर सजा दे दी जाती है तथा उन लोगों को छोड़ दिया जाता है जो इस हादसे के लिए पदें के पीछे दोषी होते हैं। हर हादसे के पीछ़ सामूहिक लापरवाही होती है, हर हादसे को रोकने जैसे सामूहिक जिम्मेदीर है, वैसी ही हर बड़े हादसे के पीछे कई लोग होते हैं, सामूहिक लापरवाही के लिए सभी को न्यूनाधिक सजा मिलनी चाहिए। बड़े हादसे के लिए जो प्रत्यक्ष दोषी साबित होते है, उनको कड़ी सजा मिलनी चाहिए और जो अप्रत्यक्ष रुप से जिम्मेदार हैं, उनको कम सजा मिलनी चाहिए। ताकि वह फिर वैसी लापरवाही न करें। चाहे राजकोट के गेमिंग जोन का हादसा हो, चाहे दिल्ली में नवजातों की मौत का मामला हो, चाहे इसके पहले मोरबी पुल हादसा हो, चाहे कोटिंग सेंटर में हुआ हादसा हो,चाहे बेमेतरा बारूद फैक्ट्री में हुआ हादसा हो। सरकार व जिला प्रशासन की नींद हादसे के बाद टूटती है और वह कुछ जगहों पर जांच की औपचारिकता पूरी कर बताती है कि वह सजग है। कहीं पर कोई बड़ा हादसा न हो तो जिला प्रशासन के अधिकासी सोए रहते है। जैसे गुजराते राजकोट के बच्चों के गेमिंग जोन में आग लगने से 28 लोगों की मौत हो गई तो रायपुर के अधिकारियों ने यहां के गेमिंग जोन में भी वही सुरक्षा संबंधी लापरवाही पाई गई यानी लोगों की जान बचाने के पर्याप्त इंतजाम ही नहीं थे। अगर आग लग जाए तो बाहर का कोई रास्ता ही नही। अगर राजकोट की घटना नहीं होता तो राजधानी के लोगों को पता ही नहीं चलता कि राजधानी के गेमिंग जोन भी असुरक्षित हैं। जहां भी लोगों की भीड़ जुटती है, उनकी जान की सुरक्षा करना पहले तो उस जगह के मालिक की जिम्मेदारी है, प्रबंधन की है।उसके बाद वह जगह लोगों के लिए सुरक्षित है या नहीं यह जाच करना जिला प्रशासन व सरकारी विभाग का काम है। अगर कोई जगह असुरक्षित है तो उसकी जानकारी मीडिया के जरिए आम लोगों को दी जानी चाहिए ताकि वह ऐसा असुरक्षित जगहों पर न खुद जाएं और न ही बच्चों को ले जाए।कोचिंग,टाकीज, माल,गेमिंग जोन के मालिक के साथ जिला प्रशासन की भी जिम्मेदारी है कि सार्वजनिक स्थलों को हर तरह से सुरक्षित बनाया जाए। इसी साथ पालकों की भी जिम्मेदारी है कि जहां भी बहुत ज्यादा भीड़ होने की आशंका हो उनको अपने बच्चों को लेकर नहीं जाना चाहिए और जाते है तो उनको सबसे पहेल यह देखना चाहिए जगह कितनी सुरक्षित है। कोई हादसा हो जाए तो जान बचाने के क्या इंतजाम है। सरकार की तरह जज भी जब बड़ा हादसा हो जाता है तो खुद संज्ञान लेते है।उन्हें जो हादसा हो जाने के बाद कहना है, उसकी जगह वह भी शहर के सार्वजनिक स्थलों को देखने जा सकते हैं और देख सकते है, बता सकते है,यह जगह कितनी सुरक्षित है या कितनी असुरक्षित है। वह हादसे होने के बाद हादसे पर बोलने वाले बन रहते हैं। उन्हें भी जिला प्रशासन व सरकार की तरह हादसा होने से पहले हादसा रोकने वाला बनकर दिखाना चाहिए।

विश्लेषण

आग बरसती गर्मी और मेहनतकश कामगार

निर्मल रानी



लगभग पूरे विश्व में इस बार भीषण गर्मी पड़ रही है। मौसम वैज्ञानिकों द्वारा इस बात की जानकारी पहले ही दी जा चुकी थी। आज जब सूर्य आग उगल रहा है और धरती पर आग बरस रही है तो मौसम वैज्ञानिकों की इस भविष्यवाणी को सही साबित होते हुये देखा भी जा रहा है। खासकर भारत सहित कई दक्षिण एशियाई देश इस समय भयंकर गर्मी व तपिश की मार झेल रहे हैं। न केवल सुबह होते ही आग बरसनी शुरू हो जाती है बल्कि गिर्मयों की रात में जो मौसम थोड़ा बहुत खुशगवार हुआ करता था वह रातें भी अब पूरी तरह से गर्म होने लगी हैं। परिणाम स्वरूप बाजारों व सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। आम लोग सिर्फ किसी बेहद जरूरी कामों से ही बाहर निकलते हैं अन्यथा बाजार की खरीद फरोख़्त के लिये शाम को ही घरों से निकल रहे हैं।

परन्तु अपनी ड्यूटी निभाने वाले और मेहनतकश रिक्शा रेहड़ी वालों की क़िस्मत में आराम कहाँ ? रेलवे के मेहनतकश कमर्चारी,खलासी,गैंगमैन इसी प्रचंड गर्मी में तपते हुये रेल ट्रैक पर कहीं रेल की पटरी बदल कर रहे हैं तो कहीं भारी भारी स्लीपर इधर से उधर ले जा कर हमारी सुरक्षित रेल यात्रा सुनिश्चित कर रहे हैं। पुलिस के जवान मोटी वदिर्यां टोपियां पहन कर सड़कों पर ड्यूटी दे रहे हैं। ट्रैफिक के जवान तपते सूरज की परवाह किये बिना चौक चौराहों पर खड़े होकर हमसबको सुरक्षित यातायात देने के लिये प्रतिबद्ध हैं। भारत में अब तक सौ से अधिक लोगों के इस गर्मी की चपेट में आकर मरने की खबर है। जरा सोचिये इसी गर्मी में होने वाले भीषण अग्निकांड में जो फायर फाइटर्स आग बुझाते हैं वे कितनी गर्मी का सामना करते होंगे ? भारत के जिन शहरों में 40 डिग्री तापमान में हाहाकार मच जाता था उन्हीं इलाक़ों में पारा 50 तक पहुँच गया है और कहीं कहीं तो 50 डिग्री से भी ऊपर चले जाने का समाचार है। जैसलमेर में बंगाल के जलपाईगुड़ी का रहने वाला 173 बटालियन का अजय कुमार नामक एक बी एस एफ का जवान अपनी ड्यूटी पर गर्मी के ताप को सहन न कर पाने के कारण अपनी जान गँवा बैठा। उत्तर भारत के कई इलाक़े गर्म हवा और लू की चपेट में हैं। इसी मौसम में कहीं कोई बुजुर्ग रिक्शा चलाते दिखाई देगा तो कोई भरी वजन सिर पर उठाये। निर्माण क्षेत्र में तो करोड़ों लोग मिस्त्री व मजदूर तपती धूप में खड़े होकर काम करते दिखाई देंगे। दूसरी तरफ ईश्वर की कृपा प्राप्त सुविधाभोगी व आराम परस्त वर्ग प्रकृति के इस प्रकोप से बचने के लिये तरह तरह की सुविधाओं का उपभोग कर गर्मी सी निजात पाने की कोशिश करता है। संपन्न वर्ग घरों में ए सी से लेकर कारों व कार्यालयों में भी ए सी का इस्तेमाल करता है। इसका परिणाम यह होता है कि जहाँ कारों से निकलने वाला जहरीला धुआं गर्मी के साथ साथ वातावरण के प्रदूषण को बढ़ता है वहीं ए सी से निकलने वाली गर्मी भी पूरे वातावरण को और भी गर्म करती है। अत्यधिक बिजली खपत के चलते इन दिनों बिजली की कटौती भी खूब होती है। बेशक यह सुविधासंपन्न लोगों का अधिकार भी है कि वे अपनी जरुरत के अनुसार सुविधाओं का इस्तेमाल भी करें। परन्तु इस तपती धूप व आग उगलती गर्मी में हम सब की सुविधाओं के लिये अपनी ड्यूटी निभाने वालों को नजरअंदाज करना भी क़तई इंसानियत नहीं।

ऐसे में यदि हम देखें कि कोई भारी वजन लादे हुये मेहनतकश अपनी रेहड़ी ठेला खींच रहा है तो जल्दी रास्ता देने के लिये बार बार हॉर्न बजाकर उसे परेशान करने या उसपर गुस्सा दिखाने के बजाये कार से उतरकर उसकी रेहड़ी ठेले को धक्का देकर उसकी मदद करने की कोशिश करें । इससे उसे सहायता भी मिलेगी साथ ही आपको यह एहसास भी होगा कि इतनी गर्मी में भारी वजन खींचने वाले

हम जैसे दूसरे इंसान पर क्या गुजर रही होगी । कोई रेल कर्मी ,पुलिस कर्मी या ट्रैफिक वाला अथवा फौजी धूप में ड्युटी करता दिखाई दे तो उसे ठंडा पानी देने का प्रयास करें, किसी को छाता देकर उसे धूप से बचाने की कोशिश करें। संभव हो तो इस गर्मी में हाथ से हिलाने वाले पंखों का वितरण करें। ककड़ी,खीरा,तरबूज व खरबूजा जैसे गमिर्यों में राहत देने वाले फल जरूरतमंदों को वितरित करें। ठन्डे पानी की छबीलें लगायें। अपने घरों दुकानों के आसपास सड़क पर जल छिड़काव करें। सरकार को भी सड़कों पर पानी का छिड़काव करने के लिये सक्रिय भूमिका निभानी चाहिये। ग़रीबों व आम लोगों के दान दक्षिणा से चलने वाले धर्मस्थलों को भी इस भयंकर गर्मी में अपनी दान पेटी का मुंह ऐसे रहत कार्यों के लिये खोलना चाहिये। अनावश्यक आग जलाने व धुआं फैलाने से भी परहेज करें। पेड़ काटने के बजाये वृक्ष लगाने के अभियान चलायें।

याद रखिये आज जिस भीषण गर्मी का सामना हमसबको करना पड़ रहा है उसकी जिम्मेदार प्रकृति नहीं बल्कि हम स्वयं हैं। विकास के नाम पर फैलते कंक्रीट के जंगल, औद्योगीकरण के नाम पर समाप्त होती हरियाली,बढ़ता शहरीकरण,सम्पन्नता के नाम पर बढ़ते वाहन व ए सी,जंगलों की होती अंधाधुंध कटाई आदि मानव जनित है। और यही ग्लोबल वार्मिंग का भी कारण है ,इसी के चलते ग्लेशियर भी पिघलने लगे हैं। गोया आने वाले वर्ष और भी भयंकर गर्मी व तपिश लाने वाले हैं। हम भारतीय लोग जो 40 डिग्री तापमान सहन नहीं कर पाते थे अब 50 डिग्री यानी अरब देशों में पड़ने वाली सामान्य गर्मी झेलने के लिये मजबूर हैं। धनाढ्य लोग जो गर्मी के मौसम में पहाड़ी क्षेत्रों में चले जाया करते थे उनकी बढ़ती संख्या ने वहां के मौसम को भी बदल दिया है। मिसाल के तौर पर शिमला व नैनीताल जैसे पवर्तीय पर्यटन स्थलों पर भी अब खूब गर्मी पड़ने लगी है। कारों की क़तारें ,ट्रैफिक जाम,असंख्य होटल,पार्किंग समस्या लगभग सभी पवर्तीय पर्यटन क्षेत्रों की नियति बनकर रह गयी है। ऐसे में प्रत्येक साधन संपन्न व धनाढ्य लोगों का कर्तव्य है कि वे इस आग बरसती भीषण गर्मी में जहाँ स्वयं वातावरण को और अधिक प्रदूषित करने से परहेज करने का प्रयास करें वहीँ मेहनतकश व कामगार लोगों पर तरस खायें और उन्हें यथा संभव सहयोग करें। यक़ीन जानिये आपकी थोड़ी सी सहायता व सहयोग से किसी कामगार,मजदूर व जवान के दिल से निकली दुआ आपको न केवल पुण्य का भागीदार बनायेगी बल्कि आपकी आत्मा को भी तृप्त करेगी।

आज का राशिफल

मेष राशिः आज आपका दिन खुशहाल बीतेगा। शिक्षा से रिलेटेड आपकी कोई मनोकामना पूरी होगी। आपको परीक्षा में अच्छे अंक मिलेंगे, जिससे अच्छे कॉलेज में आप एडमिशन पाएंगे। व्यापार में आपको नए सुनहरे अवसर मिलने की संभावना है। आप अपने खानपान पर ध्यान रखेंगे, जिससे आपकी सेहत फिट एंड फाइन रहेगी। एजुकेशन सेक्टर में काम कर रहे लोगों को आज अच्छा फायदा होगा। आपको अपनी वाणी पर संयम रखना होगा।

वृष राशिः आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज का दिन व्यापार के लिए फायदेमंद रहेगा, रोज की अपेक्षा अधिक लाभ होगा। निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके आपको मिल सकते हैं, बेहतर होगा किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह ले लें। आज का दिन योजना बनाने और फैसला लेने के लिए बहुत अच्छा है। आज अपना पूरा ध्यान अपनी जिमेदारियों पर रखें। हर काम ईमानदारी से पूरा करने की कोशिश करें, आपको जरूर सफलता हासील होगी।

मिथुन राशिः आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपका मन नए कार्यो को सीखने में लगेगा। आज आपके बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बने हुए हैं। आज अपने कार्यों को पूरी सावधानी से करें, साथ ही दूसरों की हर संभव मदद करें। आज आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहेगी। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, मनपसंद उपहार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। छात्रों के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला साबित होगा।

कर्क राशिः आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आप अपनी सोच को सकारात्मक रखें। आज जॉब स्विच करने का मन बना सकते हैं, इसके लिए आपको अच्छे ऑप्शन मिल सकते हैं। महिलाएं आज घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगी। आज जीवनसाथी से मनपसंद उपहार मिलेगा। परिवार संबंधी कोई भी फैसला बहुत ही सोचङ्कसमझकर लें। किसी काम में जल्दबाजी करने से आपको बचना चाहिए, धैर्य से किये गए कार्यों में सफलता अवश्य मिलेगी।

सिंह राशिः आज का दिन अच्छा रहेगा। आज जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। बिजनेस में परिवार से सहयोग मिलेगा। आज किसी से बात करते समय अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। छात्रों को अपने करियर को लेकर मन में दुविधा होगी, लेकिन जल्द ही वह किसी अनुभवी की मदद से साॅल्व हो जायेगी। बच्चे आज आपके साथ कोई गेम खेलने की जिद्द कर सकते हैं। दाम्पत्य जीवन में पहले से चल रही अनबन आपके कोशिश करने से समाप्त हो जायेगी। आज बेवजह के खर्चों पर नियंत्रण रखें।

कन्या राशिः आज आपका दिन खुशनुमा रहने वाला है। आज आपका मन किसी बात को लेकर प्रसन्न रहेगा। आज आप छोटी-छोटी चीजों में खुशियां ढूंढने में सफल होंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से काफी मजबूत होगी। अपने अधूरे कार्यो को पूरा करने के लिए आज का दिन अच्छा है। आज कोई भी प्रशासनिक कार्य करवाने के लिए आपको थोड़े धैर्य से काम लेना होगा। छात्र आज कोई नया कोर्स जॉइन करने का मन बनाएंगे। बच्चों की कामयाबी पर माता-पिता गर्व महसूस करेंगे। आज आपका पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा।

तुला राशिः आज आपके मन में नए ङ्कनए विचार आएंगे। आज आपका मन नए कार्यों को सीखने के लिए उत्साहित रहेगा। आज आप आपने बनाए प्लान में थोड़ा बहुत बदलाव करेंगे, जो आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। बिजनेस में कुछ नया करने की इच्छा होगी। आज प्रमोशन होने के चांस बन रहे हैं। आज परिवार वालों के साथ समय बिताने से घर का माहौल खुशनुमा रहेगा। संगीत से जुड़े लोगों को आज का दिन अच्छा है, समाज में नाम रोशन होगा।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपको सफलता दिलाने वाला रहेगा। प्रॉपर्टी में निवेश के लिए दिन अच्छा रहेगा। बड़े ङ्कबुजुर्गों की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी। अचानक धन लाभ का योग बन रहा है। आज आपका झुकाव समाजसेवा की तरफ रहेगा। जरूरतमंद लोगों की मदद भी करेंगे। शत्रुपक्ष आपको परेशान करने का प्रयास करेगा, लेकिन आप अपनी समझ-बूझ से समस्याओं से बाहर निकलने में कामयाब होंगे। नौकरी कर रहे लोगों को कोई बड़ी जिम्मेदारी हासिल होगी। ऑफिस में अधिकारीवर्ग आपके कार्यों की तारीफ करेंगे।

धनु राशिः आज आपका रुझान अध्यात्म की तरफ ज्यादा रहेगा। आप घर पर किसी धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन करेंगे। राजनीतिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आज लोगों के बीच आपका मानङ्कसम्मान बढ़ेगा। छात्रों को किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। साइंस से जुड़े छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है। परिवार में आपसी सौहार्द बना रहेगा। बिजनेस में पिता का सहयोग मिलने से लाभ मिलेगा। आज आप अपने दिनचर्या में बदलाव करेंगे।

मकर राशिः आज कार्यस्थल पर अधिकारी आपके कार्यों की तारीफ करेंगे। आपकी सैलरी में बढ़ोत्तरी भी हो सकती है, जिससे आज आपका दिन अच्छा रहेगा। छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है, थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है। कला से जुड़े लोगों के अच्छे प्रदर्शन का प्रभाव आपके करियर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। लोग आपके कला की तारीफ करेंगे। आज आपके व्यापार में अधिक मुनाफा होने के आसार नजर आ रहे हैं।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देंगे। कार्यक्षेत्र में उम्मीद के अनुसार कामयाबी हासिल होगी। आज आपकी बात किसी बचपन के दोस्त से हो सकती है। पारिवारिक मामलों में किसी बात को लेकर जीवनसाथी से सलाह लेना कारगर साबित होगा। आज के दिन दूर की यात्रा करने से बचें। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है, किसी सामाजिक समारोह में अपनी बात कहने का मौका मिलेगा। आज आपकी सकारात्मक सोच कार्यों को पूरा करने में मदद करेगी।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए उत्साहपूर्ण रहेगा। आज जिस भी कार्य को शुरू करेंगे उसमें आपको निश्चित ही सफलता मिलेगी। संतान के करियर को लेकर आज आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। दोस्तों के साथ बाहर घूमने का प्लान कुछ दिन के लिए टालना पड़ सकता है। ऑफिस में बॉस आपके कार्यों की तारीफ करेंगे, आपको कुछ नयी जिम्मेदारी भी मिलेगी। प्रमोशन होने के योग भी बने हुए हैं। आज नए लोगों के साथ मिलना जुलना आपके लिए अच्छा रहेगा। जिसका फायदा आपको भविष्य में मिलेगा। दाम्पत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा।

व्यंग्य

अभी भी हैं ऐसे गाँव

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

उधर पुणे की एक युवा दंपत्ति एक्सीडेंट में जान गंवा चुके थे। यह सुनकर निबंध विधा का गम और बढ़ गया। वह बड़बड़ाने लगा, अब तो लोग अपनी जान बचाने के लिए भी निबंध लिखने लगे हैं। गाड़ी चलाते समय मोबाइल पर निबंध पढ़ना पड़ता है। क्या जमाना आ गया है! कहानी, जो स्वभाव से हमेशा रोचक और मनोरंजक रहती है, ने निबंध को सांत्वना देने की कोशिश की, अरे, क्यों दुखी हो रहे हो। तुम्हारे बिना तो हमारी दुनिया अधूरी है। सोचो, अगर दुनिया में निबंध न हो तो विद्यार्थियों को कैसे पता चलेगा कि गमिर्यों की छुट्टियों में उन्होंने क्या किया? परीक्षा में क्या लिखेंगे?

कविता, जो हर बात को छंदों में कहने की आदत से मजबूर थी, ने कहा, देखो, निबंध भाई, हर विधा का अपना महत्व है। तुमसे बच्चों को सिखाया जाता है कि अनुशासन क्या होता है। बिना तुम्हारे, वे अपने विचारों को कैसे संजोएंगे? नाटक, जो हर समय किसी न किसी ड्रामे में व्यस्त रहता था, ने भी कहा, देखो निबंध, तुम्हारे बिना हम सब अधूरे हैं। लोग नाटक की समीक्षा लिखते हैं, कविताओं पर टिप्पणियाँ करते हैं, कहानियों का विश्लेषण करते हैं। ये सब तुम्हारे बिना संभव नहीं है। निबंध विधा ने अपने आँसू पोंछते हुए कहा, यह सब बातें तो ठीक हैं, पर अब तो लोग दुर्घटनाओं में भी मुझे घसीटते हैं। वह पुणे का युवा दंपत्ति, क्या सोचा होगा उन्होंने जब गाड़ी चलाते-चलाते मोबाइल पर निबंध पढ़ रहे थे? वह भी इतना ध्यान से कि गाड़ी ही ठोक दी! कहानी ने मजाकिया अंदाज में कहा, अरे, तुम भी कमाल करते हो निबंध भाई! क्या उन्होंने गाड़ी को ठोकने के लिए ही तुम्हारा निबंध पढ़ा था? देखो, यह तो उनकी अपनी गलती है। तुम अपना मन छोटा मत करो। कविता ने भी हँसते हुए कहा, और क्या! सोचो, अगर उन्होंने मेरे छंद पढ़े होते तो शायद उनका ध्यान रास्ते पर रहता। तुम्हारे निबंध की लंबी-लंबी पंक्तियों में वे खो गए होंगे। नाटक ने ठहाका मारते हुए कहा, हाहाहा! तुम दोनों तो बड़े मजेदार हो। असल में, निबंध भाई, तुम महान हो। लोग तुम्हें हर जगह पढ़ते हैं, और यह उनकी गलती है कि वे गाड़ी चलाते समय भी पढ़ते हैं। निबंध विधा का चेहरा अब कुछ-कुछ खिलने लगा था। उसने मुस्कराते हुए कहा, शायद तुम लोग ठीक कह रहे हो। मुझे अपने महत्व को समझना चाहिए। आखिरकार, बिना मेरे, इन सबकी दुनिया अधूरी है। और हाँ, पुणे के उस युवा दंपत्ति को भी शायद अब समझ में आ गया होगा कि गाड़ी चलाते समय सिर्फ. ड्राइविंग पर ध्यान देना चाहिए, न कि निबंध पढ़ने पर। इस प्रकार, निबंध विधा का मन हल्का हुआ। कहानी, कविता, और नाटक ने उसे यह एहसास दिलाया कि वह भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना वे सब। और अगर कोई अपनी गलती से दुर्घटनाग्रस्त हो जाए, तो इसका मतलब यह नहीं कि निबंध विधा को दोषी ठहराया जाए। इसके बाद, कहानी ने निबंध की तरफ देख कर कहा, अब सुनो, निबंध भाई, यह वक्त का तकाजा है कि हमें एक दूसरे की मदद करनी पड़ेगी। अब लोग हमें भले ही अनदेखा करें, पर हम जानते हैं कि हमारी जरूरत क्या है। तुम तो विधाओं के मुखिया हो, तुम्हें अपना सर उठाकर चलना चाहिए। कविता ने समर्थन में कहा, बिलकुल सही, निबंध भाई! तुम्हारे बिना कोई भी परीक्षा अधूरी है। बच्चे तुम्हें पढ़कर ही जीवन के सबक सीखते हैं। तुम्हारी महत्ता अटूट है। नाटक ने अपनी नाटकीयता को छोड़कर गम्भीर होते हुए कहा, यह सत्य है। हम सबको मिलकर अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़नी होगी। और निबंध, तुम्हें इसका नेतृत्व करना होगा। निबंध ने एक गहरी सांस ली और कहा, ठीक है, दोस्तों। अब मैं अपने आपको कमजोर नहीं समझूंगा। हमें मिलकर इस दुनिया में अपनी जगह बनानी है।

चिंतन

राजनीतिक विसंगतियों से बचे नई लोकसभा

ललित गर्ग

अठारहवीं लोकसभा के गठन के लिये हो रहे चुनाव अब अन्तिम चरण में हैं। अब चुनाव परिणामों पर सबकी निगाहें लगी है, इसी के साथ नयी लोकसभा कैसी हो, किस तरह से राजनीतिक विसंगतियों से उसे बचाकर एक नये आदर्श लोकसभा का गठन हो, ताकि आजादी का अमृतकाल स्वर्णिम एवं सार्थक बन सके। वर्ष 2047 तक भारत की यात्रा परिवर्तन, संभावनाओं एवं अवसरों से भरी है। व्यापक लोकतांत्रिक सुधारों, समग्र विकास, आर्थिक संभावनाओं का लाभ उठाकर एक समृद्ध, शक्तिशाली एवं विकसित राष्ट्र का सपना साकार किया जा सकता है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिये प्रतिबद्धता, रणनीतिक योजनाओं, सही समन्वय एवं नयी लोकसभा के सदस्यों के आपसी संवाद की अपेक्षा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमृतकाल की पूणर्ता तक पहुंचने से पहले देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है।

वतर्मान में भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। लोकतंत्र एक जीवित तंत्र है, जिसमें सबको समान रूप से अपनी-अपनी मान्यताओं के अनुसार चलने की पूरी स्वतंत्रता होती है। लोकतंत्र की नींव जनता के मतों पर टिकी होती है। नागरिकों की आशा-आकांक्षाओं के अनुरूप प्रशासन देने वाला, संसदीय प्रणाली पर आधारित इसका मजबूत संविधान है। लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों के टूटते-बिखरते की स्थितियों और राजनीतिक प्रक्रिया के कारण आम लोगों में अरुचि और अलगाव बहुत साफ दिखाई देता है, इसके कुछ और भी अनेक कारणों में मुख्य है- समानता लोकतंत्र का हृदय है, लेकिन असमानता ही चहूं ओर दिखाई दे रही है। वोटों के गलियारे में सत्ता के सिंहासन तक पहुंचने की होड और येन-केन-प्रकारेण वोट बटोरने के मनोभाव ने इस उन्नत शासन प्रणाली को कमजोर किया है, जिसकी झलक इन चुनावों में हमने बढ़-चढ़ कर देखी है।

नई संसद को लेकर विमर्श प्रारंभ हो गया है और होना भी चाहिए। यह भी याद रखना जरूरी है कि आज भारत का हर नागरिक विश्व में अपने देश के सम्मान को लेकर गौरवान्वित है। देश के भविष्य को लेकर वह काफी आशावान है। दुनिया की तीसरी आर्थिक व्यवस्था बनने को लेकर उत्साहित है। इनकी आशाओं पर खरा उतरने की चुनौती आम चुनावों में सफल होकर प्रधानमंत्री और सांसद बनने वालों के सामने है। इसमें दो राय नहीं कि सकारात्मक नेतृत्व ही व्यक्ति और राष्ट्र को नई प्रेरणा देता है। ऐसे में नवनिर्वाचित सांसदों को सक्रिय संवाद की परम्परा को पुनर्जीवित करने का प्रयास दलगत राजनीति से ऊपर उठकर करने की अपेक्षा है। इसी से निर्वाचित प्रतिनिधियों की साख एवं स्वीकार्यता बढ़ेगी एवं इसीसे भारत के लोकतंत्र को अपेक्षित गरिमा एवं जीवंतता मिल सकेगी। नयी गठित होने वाली लोकसभा के सामने यह बड़ी चुनौती है। यह चुनौती बड़ी इसलिये है कि राजनीति का वह युग बीत चुका जब राजनीतिज्ञ आदर्शों पर चलते थे। आज हम राजनीतिक दलों की विभीषिका और उसकी अतियों से ग्रस्त होकर राष्ट्र के मूल्यों को भूल गए हैं। भारतीय राजनीति उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। चारों ओर भ्रम और मायाजाल का वातावरण है। भ्रष्टाचार और घोटालों के शोर और किस्म-किस्म के आरोपों के बीच देश ने अपनी नैतिक एवं चारित्रिक गरिमा को खोया है। मुद्दों की जगह अभद्र टिप्पणियों ने ली है। व्यक्तिगत रूप से छींटाकशी की जा रही है। कई राजनीतिक दल तो पारिवारिक उत्थान और उन्नयन के लिये व्यावसायिक संगठन बन चुके हैं। सामाजिक एकता की बात कौन करता है। आज देश में भारतीय कोई नहीं नजर आ रहा क्योंकि उत्तर भारतीय, दक्षिण भारतीय, महाराष्ट्रीयन, पंजाबी, तमिल की

पहचान भारतीयता पर हावी हो चुकी है। वोट बैंक की राजनीति ने सामाजिक व्यवस्था को क्षत-विक्षत करके रख दिया है। ऐसा लगता है कि सब चोर एक साथ शोर मचा रहे हैं और देश की जनता बोर हो चुकी हैं।

लोकतंत्र में जनता की भागीदारी केवल वोट देने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। जनता के स्वतंत्र लिखने, बोलने और करने की स्वतंत्रता का हनन करने वाले शासकों ने इस शासन प्रणाली को ही धुंधला दिया है। शासक ही सोचेगा, शासक ही बोलेगा और शासक ही करेगा- ऐसी घोषणाओं के द्वारा शासक ने जनता को पंगु, अशक्त और निष्क्रिय बनाया है इसका खासतौर से मध्यवर्ग, कामकाजी प्रोफेशनल्स और युवा आबादी में गहरा असंतोष है। शायद यही वजह है कि आज मुश्किल से ही कोई ऐसा व्यक्ति मिलता है, जिसकी राजनीतिक प्रक्रिया का हिस्सा बनने में कोई दिलचस्पी हो। गौरतलब है कि शहरीकरण और इकनॉमिक ग्रोथ के साथ-साथ ऐसे लोगों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। एक तरह से लोकतंत्र जैसी स्वस्थ और आदर्श शासन प्रणाली भी प्रश्नों के घेरे में है। अब आवश्यकता इस बात की भी है कि देश में लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास हो और मतदान के साथ-साथ नागरिक सजगता का भी विकास हो।

लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाने, चुनाव की खामियों को दूर करने एवं नये लीडर उभारने के प्रयास करने होंगे। आम जनता की सजगता नयी बनने वाली सरकार एवं नये सांसदों की नीतियां और नियत क्या है इस पर भी केन्द्रित हो। वोट देने के बाद हमारे शासक कर क्या रहे हैं, इस पर नजर रखे बिना सजगता संभव नहीं है। सोशल मीडिया में भीड़ है, वह तख्ता पलट तो कर सकती है लेकिन उसके बाद का काम नहीं कर सकती। लिहाजा मतदान पहला कदम है अंतिम नहीं। लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिये जरूरी है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी से सरकार बनें और सही तरीके से चले भी। अच्छे लोग राजनीति में रूचि नहीं रखते। नागरिक सजगता की कमी इसी समझदार वर्ग में भी कम नहीं है। लोकसभा में अपराधियों की बढ़ती संख्या भी चिंता का विषय है। चुनाव आयोग पार्टियों को पंजीकृत तो कर सकते है लेकिन नियंत्रित नहीं। यह काम जागरूक नागरिक ही कर सकतें है अतः वे उठें और अपना कर्तव्य निभाएं। निष्क्रिय राजनीतिक दलों का पंजीकरण रद्द होना चाहिए। लोकतंत्र की यह दुर्बलता है कि सांसदों-विधायकों का चुनाव अहर्ता, गुणवत्ता एवं योग्यता के आधार पर न होकर, दल या संस्था के आधार पर होता है। इससे राजनीति स्वस्थ नहीं बन सकती और न ही राजनीति में स्वस्थ, योग्य एवं प्रतिभासंपन्न उम्मीदवारों का चयन होता है। सही व्यक्ति की खोज वर्तमान राजनीति की सबसे बड़ी जरूरत है। स्वस्थ राजनीति में ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता इसलिये भी है ताकि लोकतंत्र को हांकने वाला निष्पक्ष हो, सक्षम हो, सुदृढ़ हो, स्पष्ट एवं सर्वजन हिताय का लक्ष्य लेकर चल सके। ऐसी व्यवस्था भी नियोजित की जानी चाहिए है जिसमें स्वतंत्र विचारों वाले जागरूक नागरिकों द्वारा हर सरकार के कामकाज का मूल्यांकन किया जाए। यह उन्हें अपनी चुनावी घोषणाओं या जीतने के बाद किए गए वायदों के प्रति उत्तरदायी बनाएगा। हमें ऐसे मंच तैयार करने चाहिए जो भारत के उन युवाओं, प्रफेशनल्स और ऊर्जावान नागरिकों को एक साथ लाएं और आपस में जुड़ने का अवसर दें, जो इस देश की तस्वीर बदलना तो चाहते हैं लेकिन ऐसा कर नहीं पाते क्योंकि उनके पास मंच नहीं है। भावी नेतृत्व को तैयार करने के लिए हमें उनकी ऊर्जा को सही चैनल देने की पहल करनी होगी। यही युवा, सक्रिय नागरिक और प्रफेशनल अपने पेशे, अपने तौर-तरीकों और नागरिकों मूल्यों की वजह से दूसरों के लिए रोल मॉडल की भूमिका निभायेंगे। यही लोग अगली पीढ़ी के लिए पथ-प्रदर्शक बन जायेंगे। हमें भारत के विशाल प्रांगण में हर कोने में ऐसे लोगों की तलाश करनी होगी। ऐसे लोगों की तलाश और

एक नजर

प्राथमिक शाला ब्लॉक कालोनी में हुआ समर कैम्प का आयोजन

कोण्डागांव। छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार स्कूल स्तर पर समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। तारतम्य में जिला मुख्यालय कोंडागांव के अम्बेडकर चौक में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला ब्लाक कालोनी में भी विविध गतिधियों का संचालन किया जा रहे जिसमें प्रथम दिन आर्ट एवं क्राफ्ट व गणितीय क्रियाकलाप, द्वितीय दिवस ड्राइंग, गणित, लिखने की गतिविधियां, विज्ञान सम्बंधित क्रियाकलाप व मॉडल बनाने की गतिविधिया इस प्रकार विभिन्न गतिविधियो के माध्यम से छात्रों को सिखाया जा रहा है। अगले चार दिनों तक समर कैम्प का संचालन किया जाना है। समर कैम्प में बड़ी संख्या में बच्चे भाग ले रहे हैं, जिससे उनके मानसिक विकास हो रहा है। कार्यक्रम सफल बनाने में प्रधान अध्याधिक) श्रीमती चन्दलता धनेलिया व सहायक शिक्षक श्रीमती जानकी देवांगन व श्रीमती सुनीता देवी टण्डन का विशेष योगदान है।

कलेक्टर के निर्देश पर त्वरित पहल

बीजापुर 29 मई। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने जिले के सभी ब्लाकों के समस्त हाट-बाजारों में नियमित सफाई के कड़े निर्देश संबंधित सीईओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ नगरीय निकाय को दिए हैं। किसी भी हाट-बाजारों में स्वच्छता को नजर अंदाज करने वाले संबंधित पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।कलेक्टर के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए हाट-बाजारों में सफाई अभियान चलाया गया।

जिले में ग्रीष्मकालीन तैराकी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

बीजापुर 29 मई। बीजापुर स्पोर्ट्स एकेडमी के स्विमिंग पूल में 21 दिवसीय तैराकी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। जिसमें बच्चे से लेकर युवाओं में काफी उत्साह का माहौल है। इन 15 दिनों में 20 लोगों ने अपना पंजीयन करवाकर स्विमिंग सीख रहें है। शुरूआती दिनों में बच्चों को पानी से डर लगता था किन्तु अब वही बच्चे इन दिनों अपना बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। तीन साल की विभा श्री इन दिनों स्विमिंग पूल में तैराकी सीख रहीं है। यह बच्ची सबसे कम उम्र की है जो बिना डर-भय के इस गर्मी के मौसम में पानी का मजा लेने के साथ अच्छी स्कील सीख रही है। 7 साल की गौरांगी मिश्रा इन दिनों तैराकी में सबसे बेहतर प्रदर्शन कर रहीं है। श्री मुनेश मीना ने बताया कि स्विमिंग पूल में आकर उन्हे बहुत अच्छा लग रहा है। वह अपने परिवार के साथ नियमित तैराकी सीखने आते है। श्री पीयूष मिश्रा ने कहा कि स्विमिंग करने से मेरे वजन मे काफी कमी आयी है। आफिस में लंबे समय तक बैठने से शरीर में जकड़न महसूस होता था जिससे मुझे राहत मिली है। श्रीमती स्वाति मिश्रा ने बताया कि उन्हे स्विमिंग करते 10 दिन हो रहे है शुरूआती दिनों में उन्हें स्विमिंग नहीं आता था लेकिन अब उन्होने तैरना सीख लिया है। उनका कहना है कि सभी व्यायामों मे से स्विमिंग एक ऐसा व्यायाम है जिससे शरीर की सभी एक्टीविटी पूरी हो जाती हैं। तैराकी प्रशिक्षक कुमारी दिप्ती वर्मा का कहना है कि तैराकी किसी व्यक्ति को वजन नियत्रिंत करने या कम करने, ताकत बनाने और सांस लेने पर नियंत्रण में सुधार करने में मदद कर सकती है, तैराकी के फायदे मानसिक स्वास्थ्य भी है।

स्पोर्ट्स एकेडमी के तैराकी खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर मेडल लाया है। आने वाले दिनों में जो बच्चे तैरना सीख रहे हैं वही भी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। इन दिनों स्विमिंग पूल में 15 बच्चे और 6 व्यस्क प्रशिक्षण तैराकी सीख रहे हैं इनके लिए स्विमिंग पूल में लाइफ गार्ड की भी सुविधा उपलब्ध है।

जर्जर हो चुके 42 साल पुराने साडा कॉम्पलेक्स को पालिका ने ढहाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 29 मई। जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा के बस स्टेंड स्थित जर्जर हो चुके साडा बिल्डिंग को आखिरकर सही मौका देखकर पालिका अमला ने 24 घंटे के भीतर जमींदोज कर दिया। सोमवार रात से शुरू हुई भवन डिस्मेंटल की कारवाई मंगलवार देर रात को पूरा हुआ। बिल्डिंग तो गिर चुका है अब मौकाए स्थल से मलबा उठाने का कार्य द्रुत गति से चल रहा है उम्मीद है बुधवार शाम तक सारा मलबा भी उठा लिया जाएगा। जर्जर भवन को गिराये जाने से अब आसपास के दुकानदारों व आम लोगों लोगों ने राहत की सांस ली है क्योंकि अचानक से कभी भी इस भवन का मलबा गिरता रहता था जिससे अनहोनी की आशंका हमेशा बनी रहती थी।

गौरतलब है कि आज से करीब 42 साल पूर्व 1985-86 के दौरान बस स्टेंड एवं उसके चारों ओर काम्पलेक्स का निर्माण तब के विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण बैलाडिला नाम की एक प्राईवेट संस्था जिसे साडा कहा जाता था उसने बनवाया था। उक्त काम्पलेक्स के नीचे तल में जहां दुकानें संचालित होती थी वही उपर के भवन में कई वर्षो तक एलआईसी कार्यालय संचालित होता था। समय बीतता गया भवन की रिपेयरिंग नहीं किए जाने से भवन धीरे धीरे कमजोर होने लगा और समय समय पर इसका मलबा नीचे गिरने लगा जिसके बाद इस भवन का समय पूरा होने एवं इसे गिराये जाने की मांग भी उठने लगी। इन सबके बीच करीब डेढ वर्ष पूर्व पालिका ने भवन को दुकानदारों से खाली करवा लिया था और इसके चारों ओर लोहे की पाइप की घेराबंदी कर भवन को सुरक्षित कर दिया था। भवन के नीचे या आसपास किसी को भी जाने या दुकान लगाने की मनाही थी। पखवाडे भर के भीतर अंचल में बारिश शुरू होगा। बारिश के दौरान भवन से मलबा गिरने एवं भवन के धराशायी होने का खतरा था लिहाजा इसी को ध्यान में रखते हुए पालिका ने इसे बारिश पूर्व गिराने का फैसला लिया। मंगलवार को किसी मुद्दे को लेकर सर्व आदिवासी समाज ने बस्तर बंद का आव्हान किया था। मंगलवार को दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय का मार्केट भी बंद था इसी का फायदा उठाते हुए सोमवार रात से ही पालिका ने जेसीबी लगाकर बिल्डिंग को धराशायी करने का कार्य शुरू कर दिया और रातों रात भवन आधे से ज्यादा गिरा दिया गया बाकी बची भवन को मंगलवार सुबह से गिराने का कार्य शुरू किया गया जो रात तक पूरा बिल्डिंग जमींदोज कर दिया गया। दुकानें बंद होने से किसी को भी भवन के मलबे अथवा धुल धक्कड से परेशानी नहीं हुई और भवन भी आसानी से गिरा दिया गया। जर्जर भवन के जमींदोज हो जाने से नगर के लोगों ने अथवा बस स्टेंड परिसर में दुकान संचालित करने वाले व्यापारियों ने भी राहत की सांस ली है । भवन के गिराये जाने के साथ ही अब डर और भय भी लोगों के अंदर से खत्म हो गया है। उक्त स्थल पर क्या पुनः काम्प्लेक्स का निर्माण होगा या नहीं यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। बता दें कि नया बस स्टेंड पातरारास में प्रस्तावित है भूमि आबंटन की कार्यवाही प्रशासनिक स्तर पर चल रहा है जैसे ही विभागों से अधूवल पूर्ण हो जाएगा नया बस स्टेंड बनने का मार्ग भी प्रशस्त होगा और नगरवासियों को एक भव्य एवं विशालतम स्वस्थ वाला नया बस स्टेंड देखने को मिलेगा। वर्तमान बस स्टेंड में जहां जर्जर भवन को गिराया गया है वहां पर फिर से काम्पलेक्स बनेगा या नहीं यह तो पालिका एवं जिला प्रशासन ही बता पाएगा फिलहाल देश में लोकसभा चुनाव चल रहा है आचार संहिता हटने के बाद ही इस पर कोई फैसला प्रशासनिक स्तर पर लिया जा सकेगा।

संकुल सोनाबाल में सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन समर कैंप का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कोंडागांव, 29 मई। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार संकुल सोनाबाल के समस्त शालाओ में सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन समर कैंप का आयोजन किया गया है जिसमे प्रतिदिन शारीरिक गतिविधियों के अंतर्गत प्रातःकाल सूर्य नमस्कार, पी.टी. डांस के साथ साथ आर्ट एवं क्राफ्ट, लेखन अभ्यास, स्वास्थ्य एवं साफ सफाई कार्यशाला, चित्रकला, गणित, खेल साइंस, गणित संबंधी मॉडल बनाना, ई जादुई पिटारा, महापुरुषों के चित्र, फर्स्ट एड बॉक्स बनाना, कबाड़ से जुगाड, मिट्टी के खिलौने बनाना, रोड सुरक्षा ट्रेफिक रूल, पर्यावरण सुरक्षा इत्यादि की जानकारी शालेय छात्र छात्राओं को दी जा रही है। इस सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन समर कैम्प के इसी कड़ी मे प्रथम दिवस शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चों को शिक्षकों के द्वारा आर्ट एवं क्राफ्ट, लेखन अभ्यास, पहाड़ा अभ्यास, स्वास्थ्य एवं साफ सफाई हेतु कार्यशाला आयोजित कर जानकारी दी जा रही है, 2 जून तक चलने वाले इस सात दिवसीय स्कूल समर कैंप का आयोजन जिला प्रशासन कोंडागांव के निर्देशानुसार एवं शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन मे संपन्न हो रहा है। जिसमे बड़ी संख्या में छात्र छात्रायें उपस्थित होकर समर कैम्प का लाभ ले रहे है। विषय विशेषज्ञ शिक्षकों एवं समुदाय का विशेष सहयोग से यह समर कैंप संचालित हो रहा है।

आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

सुकमा,29 मई । कलेक्टर श्री एस. हरिस ने सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजन को 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोंटा से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बेलपोच्चा निवासी स्व.माड़वी हूंगा पिता माड़वी देवा की ग्राम-ढोण्डरा में घटित सड़क दुर्घटना की घटना में मृत्यु होने के उपरान्त श्रीमती माड़वी सुकडी पति स्व. माडवी हूंगा निवासी बेलपोच्चा को मृतक के उपरान्त 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है।

हत्या में शामिल माओवादी मिलिशिया सदस्य बुधराम ऊर्फ दुला गिरफ्तार

बीजापुर, 29 मई। जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् थाना कुटरू के बल द्वारा दिनांक 26/05/2024 को कुटरू साप्ताहिक बाजार से 01 माओवादी जन मिलिशिया सदस्य को पकड़ा गया – 1. बुधराम ऊर्फ दुला पिता सोमा मिच्चा उम्र 40 वर्ष जाति मुरिया निवासी पेठा थाना कुटरू जिला बीजापुरपकड़ा गया माओवादी दिनांक 14/03/2024 को पेठा में एक ग्रामीण के मुखबीरी के शक में हत्या करने की घटना में शामिल था एवं दिनांक 26/05/2024 को पुलिस पार्टी की रेकी करने के उद्देश्य से साप्ताहिक बाजार बीजापुर आया हुआ था । दिनांक 27/05/2024 को केतुलनार से 01 मिलिशिया सदस्य लच्छू कतलम पिता सुकु उम्र 36 वर्ष निवास केतुलनार थाना कुटरू को पकड़ा गया । पकड़ा गया माओवादी दिनांक 10.01.22 को केतुलनार के ग्रामीण की हत्या, दिनांक 04/02/2022 को मंगापेटा भैंसबाड़ा के पास हाईवा वाहन में आगजनी करने एवं दिनांक 28/11/2023 को केतुलनार दरभा मार्ग पर द्रुश्चष्ठ प्लांट करने की घटना में शामिल था। उक्त के विरूद्ध थाना कुटरू में 02 स्थाई वारंट लंबित है एवं पुलिस अधीक्षक बीजापुर के द्वारा गिरफ्तारी के लिये 10.00 हजार का ईनाम उदघोषित है । पकड़े गये माओवादियों के विरूद्ध थाना कुटरू में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त माननीय न्यायालय पेश किया गया है ।

बच्चों का वजन एवं ऊंचाई के सही माप के संबंध में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण

बीजापुर 29 मई। कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेंमत नंदनवार जिला पंचायत द्वारा सतत् अनुश्रवण कर जिले में कुपोषण की दर में व्यापक कमी हेतु प्रयास किया जा रहा है इसी परिप्रेक्ष्य में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री लुपेन्द्र महिनाग द्वारा जिले अंतर्गत समस्त आंबनबाडी केन्द्रों के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आयोजन कराया जा रहा है, इसकी शुरूआत बीजापुर परियोजना से किया गया है जिसके अंतर्गत सेक्टरवार आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदाय किया जा रहा है आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को केन्द्र में गंभीर कुपोषित बच्चों का समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन कार्यक्रम इसके अंतर्गत बच्चों के वजन का माप एवं ऊंचाई का सही माप के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है इस दौरान इलेक्ट्रानिक वजन मशीन, स्टेडियोमीटर, इनफिनोमीटर का प्रयोग एवं सही माप के संबंध में बारिकी से जानकारी दिया गया है अति गंभीर कुपोषित बच्चों का समुदाय आधारित प्रबंधन के बारे में भी जिसके अंतर्गत सामुदायिक गतिशीलता अति गंभीर कुपोषित बच्चों की मासिक स्क्रीनिंग एवं पहचान, चिकित्सीय प्रशिक्षण, भूख परीक्षण बच्चों को एनआरसी भेजना, पोषणात्मक उपचार दवाईयां स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा, साप्ताहिक फालोअप संबंध प्रयास के बारे में जानकारी दिया गया। कार्यकर्ताओं को विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में भी जानकारी दिया गया और अधिक से अधिक लाभान्वित किये जाने हेतु प्रयास करने के संबंध में बताया गया। कार्यकर्ताओं को इलेक्ट्रानिक वजन मशीन, स्टेडियोमीटर, इनफिनोमीटर बच्चें का वजन लेकर एवं ऊंचाई माप सही ढंग से उसके समक्ष में कराकर दिखाया गया जिससे आंगनबाडी केन्द्र के प्रत्येक बच्चों का सही माप पोषण ट्रेकर एप में एन्ट्री हो। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री लुपेन्द्र महिनाग, परियोजना अधिकारी श्रीमती कल्पना रथ, जिला पोषण समन्वयक श्री कोमल लहरे एवं सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती उषा वर्मा, श्रीमती गीता कन्नौजे, श्रीमती शाहबती पोयाम, कु. प्रियंका खडिया उपस्थित रहें।

आदिवासी कन्या क्रीड़ा परिसर में प्रवेश के लिए परीक्षा 20 जून को

कांकेर, 29 मई । आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित 100 सीटर्स शासकीय आदिवासी कन्या कीड़ा परिसर कांकेर में वर्ष 2024-25 के लिए प्रवेश परीक्षा विकासखण्ड स्तर पर 20 जून को आयोजित है। अंतिम चयन परीक्षा 26 जून को सुबह 10 बजे शासकीय आदिवासी कन्या क्रीड़ा परिसर कांकेर में परीक्षा आयोजित किया जाएगा।आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त ने बताया कि शासकीय आदिवासी कन्या कीड़ा परिसर कांकेर में 100 सीट आदिवासी खिलाड़ी बालिकाओं के लिए आरक्षित है। जिला एवं राज्य स्तर के लिए 26 जून 2024 को कन्या क्रीडा परिसर छात्रावास के खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। संस्था के प्रशिक्षित व्यायाम शिक्षकों द्वारा 10 बैटरी परीक्षण (गति परीक्षण 50 मीटर दौड़, उछाल परीक्षण, शटल रेस, गतिशील स्फूर्ति, शक्ति परीक्षण, अपर बॉडी बेडिंग, पुश-अप्स, लेग-रेजिंग, सिट-अप्स, सहन शक्ति दौड़ 400 मीटर) के माध्यम से शारीरिक दक्षता का मूल्यांकन कर प्रावीण्यता के आधार पर खिलाड़ी छात्राओं का चयन किया जाएगा। कन्या क्रीड़ा परिसर के इस छात्रावास में प्रवेश के लिए केवल अनुसूचित जनजाति वर्ग की कक्षा 6वीं से 12वीं की छात्राएं पात्र होंगी। कक्षा 10वीं एवं 12वीं में सीधे छात्राओं को यदि कोई खिलाड़ी बालिका राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रतियोगिता में सम्मिलित हुई हों तो उन्हें चयन में प्राथमिकता दी जाएगी।उन्होंने बताया कि कक्षा 6वीं से 8वीं तक की छात्राओं के लिए आयु 14 वर्ष एवं कक्षा 9वीं से 11वीं तक अध्ययनरत् छात्राओं की आयु सीमा 18 वर्ष से कम निर्धारित की गई है। इसके अलावा माध्यमिक वर्ग की छात्राओं को प्राथमिकता दी जाएगी। क्रीड़ा परिसर के लिए चयनित छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से लाना होगा। चयनित खिलाड़ी छात्राओं को शासन की ओर से कन्या क्रीड़ा परिसर, कांकेर में निःशुल्क आवासीय व्यवस्था, भोजन एवं खेल सामग्री आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

पीडिया घटना की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की मांग

बीजापुर । पीडिया मुठभेड़ को फर्जी करार देते हुए इस पर उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की मांग को लेकर सर्व आदिवासी समाज मंगलवार को बस्तर संभाग बंद का आव्हान किया था जिसे विभिन्न राजनैतिक दलों और संगठनों ने समर्थन दिया है।

जिले के बीजापुर, भैरमगढ़, भोपालपटनम, उसूर, आवापल्ली गंगालूर, माटवाड़ा में सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान दोपहर दो बजे तक बंद रही। गंगालूर और माटवाड़ा के साप्ताहिक बाजार में भी इस बंद का असर देखा गया। हालकि गंगालूर साप्ताहिक बाजार 12 बजे के बाद शुरू कर दिया गया। भैरमगढ़ में सर्व आदिवासी समाज को कथित तौर पर एसडीएम द्वारा असामाजिक तत्व लिखे को लेकर समाज प्रमुखों ने आपत्ति जताई जिसके बाद एसडीएम द्वारा संशोधित पत्र जारी किया गया।

सर्व आदिवासी समाज के बीजापुर जिला अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी ने बताया कि पीडिया घटना सहित प्रेशर आईईडी के चपेट में मासूमों की मौत जैसी घटनाएं आम हो गई है जिसे लेकर आदिवासी समाज उद्वेलित है। पीडिया घटना के उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर संभागीय इकाई के बंद के आव्हान को सफल बनाने के लिए सभी व्यापारी बंधु, लघु उद्योग संघ, राजनैतिक दलों का आभार व्यक्त करते हैं। पीडिया मामले पर जांच नही होने की स्थिति में आगे 8 जून से धरना के लिए समाज मजबूर होगा।

आरटीई के तहत दूसरे चरण के लिए आवेदन 15 जून से

कांकेर, 29 मई । निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रदेश के गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों के प्रारंभिक कक्षाओं में दर्ज संख्या का 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर कमजोर वर्ग तथा लाभान्वित समूह के बच्चों को उनकी पहुंच सीमा में प्रवेश दिलाया जाता है। सत्र 2024-25 हेतु राज्य शासन के निर्देशानुसार आरटीई के तहत जिले में संचालित कुल 171 अशासकीय विद्यालयों के 941 सीटों के लिए प्रथम चरण में कुल 1494 आवेदन प्राप्त हुए थे। प्राप्त आवेदनों के दस्तावेज परीक्षण कर प्रथम चरण की लॉटरी आनलाईन के माध्यम से लॉटरी के माध्यम से प्रथम चरण में कुल 767 छात्र-छात्राओं को विद्यालय आबंटन प्राप्त हुआ है।कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह द्वारा समीक्षा बैठक में दिये गए निर्देशानुसार छात्र आबंटन सूची जिले के सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में चस्पा कराया गया है। सीट आबंटन के पश्चात् चयनित छात्र-छात्राओं को 01 से 30 जून तक आबंटित अशासकीय विद्यालयों में प्रवेश लेना होगा। निर्धारित समयावधि में प्रवेश नहीं लेने की स्थिति में प्रवेश स्वतः ही निरस्त हो जाएगी। प्रथम चरण में आबंटन के उपरांत जिले में कुल 174 सीटें रिक्त हैं। रिक्त सीटों के लिए 15 जून से द्वितीय चरण की ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ होगी, जिसकी अंतिम तिथि 30 जून है। प्रवेश हेतु आनलाईन पोर्टल द्धह्लह्लश्चह्य://ह्लह्ल.ष्द.ठ्ठद्बष्.ठ्ठद्ब पर जाकर आनलाईन आवेदन किया जा सकता है। ऑनलाईन फार्म भरते समय बच्चे की उम्र 03 वर्ष से 6.5 वर्ष एवं दूरी के मुताबिक स्कूल की सूची दिखाई जाती है, जिन्हें चयन कर अपनी जानकारी आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपलोड किये जाते हैं। दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित विद्यालय के नोडल के द्वारा किया जाता है ।

एनएमडीसी का वित्त वर्ष 24 में उत्कृष्ट प्रदर्शन

हैदराबाद, 29 मई। भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने सोमवार को वित्त वर्ष 24 के परिणाम घोषित किए। वित्त वर्ष 24 में अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज करते हुए कंपनी ने लौह अयस्क का 45.02 मिलियन टन उत्पादन किया और 44.48 मिलियन टन बिक्री की । वित्त वर्ष 23 की तुलना में उत्पादन में 10त्न की वृद्धि और बिक्री में 16त्न की वृद्धि दर्ज करते हुए एनएमडीसी अब भारत की पहली खनन कंपनी है जो लौह अयस्क उत्पादन में 45 मिलियन टन को पार कर गई है । कंपनी का वित्त वर्ष 24 का वित्तीय निष्पादन इसके ऐतिहासिक उत्पादन के अनुरूप रहा । एनएमडीसी ने पिछले वर्ष की इसी अवधि के टर्नओवर रू.17,667 की तुलना में रू.21,294 का टर्नओवर दर्ज किया, जो कि 21त्न की वृद्धि है । आंकड़ों के शीर्ष स्थान पर एनएमडीसी का वित्त वर्ष 24 में असाधारण मदों से पहले कर पूर्व लाभ (पीबीटी) रू.8,294 करोड़ है, जो कि वित्त वर्ष 23 के रू.6,399 करोड़ पर 30त्न की वृद्धि है । हालांकि वर्तमान वर्ष में रू.282 करोड़ का असाधारण व्यय हुआ, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में रू.1,237 करोड़ (निगरानी समिति तथा एनआईएनएल में निवेश की बिक्री से प्राप्त राशि) की असाधारण आय हुई थी । इसके परिणामस्वरूप असाधारण मदों के बाद पीबीटी में मात्र 5त्न की वृद्धि हुई है । कंपनी का कर पश्चात लाभ (पीएटी) वित्त वर्ष 24 में रू.5,632 करोड़ रहा, जो कि वित्त वर्ष 23 के रू.5,529 करोड़ पर 2त्न की वृद्धि है । दूसरा एवं अंतिम लाभांश घोषित किया, जो कि आगामी वार्षिक आम बैठक में शेयर धारकों के अनुमोदन के अधीन है । इस वित्त वर्ष के लिए पहले अंतरिम लाभांश रू. 5.75 सहित कुल लाभांश रू.7.25 प्रति शेयर होता है । वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही के दौरान एनएमडीसी ने लौह अयस्क का 13.24 मिलियन टन उत्?पादन किया और 12.54 मिलियन टन की बिक्री की है । कंपनी ने रू.6,475 करोड़ का टर्नओवर दर्ज किया, जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 11त्न अधिक है, कर पूर्व लाभ (पीबीटी) असाधारण मदों के पहले रू.2,435 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 19त्न अधिक है । हालांकि वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही में रू.30 करोड़ का असाधारण व्यय हुआ, जबकि वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में रू.1,237 करोड़ की असाधारण आय हुई थी (निगरानी समिति तथा एनआईएनएल में निवेश की बिक्री से प्राप्त राशि), जिसके परिणामस्वरूप असाधारण मदों के पश्चात पीबीटी में 27त्न की कमी हुई और यह रू.3,285 करोड़ से घटकर रू.2,405 करोड़ हो गया । कंपनी ने वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में रू.1,462 करोड़ का पीएटी रिपोर्ट किया । वर्ष 2023-24 के लेखा परीक्षित वित्तीय परिणामों का अनुमोदन श्री अमिताभ मुखर्जी, अध्यक्ष-सह- प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार), एनएमडीसी की अध्यक्षता में 27 मई, 2024 को सम्पन्न कंपनी की निदेशक मंडल की बैठक में किया गया । प्रभावशाली प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए श्री अमिताभ मुखर्जी ने कहा कि 45 एमटी का आंकड़ा पार करने की हमारी उपलब्धि भारतीय खनन उद्योग में एक ऐतिहासिक क्षण है । राष्ट्र के विकास को बढ़ावा देने और महत्वपूर्ण उद्योगों को मजबूत करने में हमारी भूमिका को यह उजागर करता है । आज जब वैश्विक अर्थव्यवस्था आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, वस्तुओं की अस्थिर कीमतों और पर्यावरणीय विषयों का सामना कर रही है, एनएमडीसी सुस्थिर कार्यकलापों, प्रौद्योगिक नवाचार और हितधारकों से जुड़ाव के अपने लक्ष्य में दृढ़ संकल्पित होकर शक्ति और सामर्थ्य के प्रतीक के रूप में उभर रहा है ।

आयुक्त ने की बस्तर संभाग में विभागीय कार्य-प्रगति की समीक्षा

कांकेर, 29 मई । कृषि उत्पादन आयुक्त सुश्री शहला निगार ने आज बस्तर संभाग के सभी सात जिलों के कलेक्टरों एवं विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर कृषि, उद्यानिकी, मछली पालन और पशु चिकित्सा विभाग के विभागीय कार्यों और गतिविधियों की जिलावार समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने योजनावार कार्य-प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए, जिससे बस्तर संभाग के किसानों को अधिकाधिक लाभ मिले और आधुनिक कृषि पद्धति को अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर सके। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज सुबह 10 बजे से आयोजित बैठक में संचालक उद्यान ने बस्तर संभाग के जिलों में संचालित कार्यक्रमों व गतिविधियों की जानकारी दी।

बिजली स्कूल में समर कैंप का शुभारंभ

राजिम, 29 मई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में समर कैंप का आयोजन सुबह 7:30 से 9:30 बजे तक किया जा रहा है इस कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य पूरनलाल साहू ने मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित व श्रीफल फोड़कर किया गया. तत्पश्चात समर कैंप के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस समर कैम्प में बच्चे योग, व्यायाम,क्राफ्ट, ड्राइंग,पेंटिंग, करसु रायटिंग,गीत,निबंध, आकृति निर्माण आदि सीख रहे हैं.समर कैंप ग्रीष्मकालीन शिविर विद्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं के समग्र विकास के लिए किया गया एक रचनात्मक कार्यक्रम है.जिसमें छात्र खेल खेल में अपनी पसंदीदा गतिविधियों को आसानी से सीख पाते हैं.समर कैम्प छात्र छात्राओं में सृजनात्मक रचनात्मक एवं बौद्धिक कला को विकसित करने का एक माध्यम है. उन्होंने आगे योग शिक्षा के बारे में कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है. जीवन में निरोग रहने के लिए योग सशक्त माध्यम है.अतः योग हमें जीवन जीने की कला सिखाती है.व्यायाम शिक्षक नकुल राम साहू ने अनुलोम विलोम,प्राणायाम,भ्रामरी प्राणायाम, वृक्षासन, ताड़ासन आदि के बारे में बताते हुए कहा कि नियमित रूप से योग करने से शरीर स्वस्थ और निरोग रहता है.योग मन और विचार को नियंत्रित रखते हुए रक्त परिसंचरण और मांसपेशियों के विश्राम में मदद करता है. कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को ग्रीष्म कालीन फल आम वितरण किया गया.इस अवसर पर शाला के प्राचार्य पूरनलाल साहू व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा, शिक्षक मोहनलाल साहू, कृपाराम बघेल, व्यायाम शिक्षक नकुल राम साहू,क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू, तोमन राम साहू भृत्य आकाश सूर्यवंशी एवं मिडिल स्कूल बिजली के छात्र छात्राएं भी उपस्थित थे।

प्राथमिक शाला परसदा में समर क्लास का समापन

राजिम, 29 मई। ग्रीष्मकालीन समर क्लास प्राथमिक शाला परसदा मे 16 मई से 26 मई तक चला. कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे की पूजा अर्चना से किया गया. समर कैम्प में 55 बच्चों ने प्रतिदिन की गतिविधियों में भाग लिया.शाला के प्रधान अध्यापिका दुलेश्वरी साहू ने बताया कि समर क्लास में सीखने सिखाने के अलावा रचनात्मक गतिविधियां जैसे न्यूज़पेपर से टोपी बनाना, विभिन्न आकृति, मुखौटा निर्माण, सांप सीढ़ी खेल से कहानी निर्माण,चित्रकला, ड्राइंग आदि रचनात्मक कार्य के अलावा नाटक मंचन कौशल पर कार्य किया गया.वही रचनात्मक गतिविधियों के साथ-साथ बच्चों के स्तर पर सुधार हेतु एफ. एल. एन. स्तर के बच्चों के साथ भाषा व गणित के कार्यपत्रको के साथ कार्य किया गया.समर क्लास के समापन दिवस के अवसर पर साला प्रबंधन एवं विकास समिति द्वारा बच्चों को खीर पूरी खिलाया गया.इस अवसर पर संस्था के प्रधान अध्यापिका दुलेश्वरी साहू, शिक्षिका गायत्री बंजारे,शाला प्रबंधन समिति का अध्यक्ष राम जी खिलवारे,उपाध्यक्ष कल्पना वर्मा, शिक्षाविद वीरेंद्र खुटियारे, समिति सदस्य दिलेश्वरी यादव,भोज बाई, कलेश्वरी यादव,गीता वर्मा, नेहा तारक, तेजस्वनी वर्मा,स्मृति वर्मा,तानिया तारक व अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से सविता शुक्ला का सराहनीय योगदान रहा।

एक नजर

दिव्यांग खिलेश्वर साहू को सीपी व्हीलचेयर दिया गया

राजिम/फिंगेश्वर, 29 मई। विकासखंड स्रोत समन्वय केंद्र फिंगेश्वर में खिलेश्वर साहू पिता विजय साहू भाटापारा (परसदा कला) को सी.पी. व्हीलचेयर प्रदान किया गया. इस अवसर पर सुभाष शर्मा विकासखंड स्रोत समन्वयक फिंगेश्वर ने बताया कि व्हीलचेयर उन लोगों के लिए गतिशीलता को बढ़ावा देने और जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सबसे अधिक उपयोग किए जाने वाले एक सहायक उपकरणों में से एक है जिन्हें चलने में कठिनाई होती है.यह राजीव गांधी शिक्षा मिशन के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों (अस्थि बाधित) के लिए महत्वपूर्ण उपकरण हैं. इस अवसर पर सुभाष शर्मा विकासखंड स्रोत समन्वयक, बी.आर. पी दिव्या गोस्वामी,मनीष कुमार देवांगन, स्पीच थेरेपी राधिका साहू, राकेश पांडे, नरेश साहू, नेतराम तारक व स्टॉप गण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने हॉस्टल और शालाओं का निरीक्षण करने के दिए निर्देश

महासमुंद। कलेक्टर प्रभात मलिक ने समय-सीमा की बैठक लेकर जिला अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर मलिक ने लंबित समय-सीमा पत्रकों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी हॉस्टल और शालाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि शाला प्रारम्भ होने के पूर्व 10 जून तक निरीक्षण कार्य पूर्ण कर लें। यह सुनिश्चित करें कि बाथरूम, साफ-सफाई, पेयजल, फर्नीचर आदि व्यवस्थित और पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो। उन्होंने सभी निर्माण एजेंसियों को स्कूलों की मरम्मत कार्य को 15 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। निर्माण एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा और हाउसिंग बोर्ड को सभी मरम्मत कार्य गुणवत्ता पूर्ण और समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही ऐसे एजेंसी जिन्होंने समय-सीमा में कार्य पूर्ण नहीं किए हैं, उन्हें नोटिस देने के निर्देश दिए हैं।कलेक्टर ने सभी कार्यालयों में कार्यालय के सुव्यवस्थित संचालन के लिए भी आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि स्टॉक पंजी, नस्ती पंजी और कैश पंजी सभी कार्यालयों में अद्यतन रहे। इसी तरह शासकीय आवासों में भी एक स्टॉक पंजी बनाया जाए। ताकि, रिकॉर्ड मैन्टेन किया जा सके। आंगनबाड़ी और स्कूलों में भी स्टॉक पंजी अद्यतन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी शासकीय योजनाओं के संबंध में समीक्षा करते हुए कहा कि आचार संहिता हटने के तत्काल पश्चात योजनाओं के संबंध में समीक्षा की जाएगी। अतः सभी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी अद्यतन कर लेवें। कलेक्टर ने आगामी मानसून को देखते हुए बाढ़ राहत नियंत्रण कक्ष स्थापित करने के निर्देश दिए एवं पर्याप्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड, खाद बीज, पीएम जनमन आदि के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में वनमंडलाधिकारी श्री पंकज राजपूत, अपर कलेक्टर रवि साहू और जिला अधिकारी मौजूद थे।

टेबुलेशन कार्य के लिए विधानसभावार अधिकारी-कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

महासमुंद। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय क्षेत्र क्रमांक 09 महासमुंद के मतगणना कार्य 4 जून 2024 को प्रात- 6 बजे से कृषि उपज मंडी परिसर पिटिग्झर महासमुंद में किया जाएगा। रिटर्निंग ऑफिसर प्रभात मलिक ने विधानसभा और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की टेबल में टेबुलेशन एवं अन्य कार्य किए जाने के लिए मधु साहू उपसंचालक जिला योजना एवं सांख्यिकी के मार्गदर्शन में कार्य संपादित करने के लिए विधानसभा वार अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 39-सरायपाली के लिए सहायक अधिकारी के रूप में जुगल किशोर पटेल तहसील सरायपाली, सहायक टेबुलेशन अधिकारी संजय कुमार साहू सहायक सांख्यिकी अधिकारी, सहायक के रूप में लोकेश कुमार वर्मा डाटा एंट्री ऑपरेटर, दिनेश कुमार लहरे डाटा एंट्री ऑपरेटर व फोटोकॉपी एवं अन्य कार्य के लिए चंद्र कुमार जसपाल भृत्य की ड्यूटी लगाई गई है।इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 40-बसना के लिए सहायक अधिकारी के रूप में नितिन ठाकुर तहसीलदार पिथौरा, सहायक टेबुलेशन अधिकारी निखिल भारद्वाज सहायक सांख्यिकी अधिकारी, सहायक हरिकेश चौधरी डाटा एंट्री ऑपरेटर, मनीष दीवान डाटा एंट्री ऑपरेटर व फोटोकॉपी तथा अन्य कार्य के लिए नागेश ध्रुव अभिलेख की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 40-खल्लारी के लिए सहायक अधिकारी के रूप में लीलाधर कंवर तहसीलदार बागबाहरा, सहायक टेबुलेशन अधिकारी कैलाश साहू सहायक सांख्यिकी अधिकारी, सहायक रणवीर सोनी डाटा एंट्री ऑपरेटर, टेकराम रात्रे डाटा एंट्री ऑपरेटर व फोटोकॉपी एवं अन्य कार्य के लिए कमलेश कुमार भृत्य तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 42-महासमुंद के लिए सहायक अधिकारी के रूप में श्रीधर पण्डा प्रभारी तहसीलदार महासमुंद, सहायक टेबुलेशन अधिकारी लिली मोरी एक्रा सहायक सांख्यिकी अधिकारी, सहायक के रूप में ओम प्रकाश चौधरी डाटा एंट्री ऑपरेटर, राजू कुमार बांसवार डाटा एंट्री ऑपरेटर व फोटोकॉपी एवं अन्य कार्य के लिए संजय कुमार आड़े की ड्यूटी लगाई गई है। उक्त सभी अधिकारी कर्मचारियों को निर्धारित तिथि पर नियत समय एवं मतगणना स्थल पर अनिवार्यत उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

धान नहीं उठाने वाले मिलर्स पर कार्रवाई प्रारंभ, समिति को नोटिस जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजिम-फिगेंश्वर 29 मई । कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशन में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में शेष धान के निराकरण अपने अंतिम चरणों में है। जिले के 90 उपार्जन केन्द्रों में से 62 उपार्जन केन्द्रों का धान शत-प्रतिशत उठाव कर निरंक किया गया है जबकि अभी भी जिले के 28 उपार्जन केन्द्र ऐसे हैं जहां धान उठाव किया जाना शेष है। इस प्रकार कुल 1576 मे.टन धान उठाव किया जाना शेष है। जिले के शेष बचे धान के निराकरण के लिए अंतरजिला कस्टम मिलिंग की अनुमति राज्य शासन द्वारा प्रदान की गई है। इसी तारतम्य में धमतरी जिले के मिलर्स द्वारा धान उठाव हेतु डी.ओ. रिक्वेस्ट डाला गया। जिसमें मेसर्स मूर्ति एग्रो इण्डस्ट्रीज, धमतरी एम.ए 599220 द्वारा 3871.00 क्विंटल का फिगेंश्वर समिति के बोरसी उपार्जन केन्द्र से धान उठाव हेतु डी.ओ. रिक्वेस्ट डाला गया। उक्त मिलर द्वारा 10 दिवस बीत जाने पर भी धान उठाव नहीं किया गया और ना ही जिला विपणन अधिकारी, जिला गरियाबंद, खाद्य अधिकारी जिला गरियाबंद, उपार्जन केन्द्र प्रभारी बोरसी द्वारा किए गए दूरभाष पर समुचित समाधान कारक जवाब प्रस्तुत किया गया। बार-बार धान की गुणवत्ता का प्रश्न उठाता रहा जबकि गुणवत्ता के संबंध में पूर्व में ही सहायक खाद्य अधिकारी राजिम, सहकारिता विस्तार अधिकारी राजिम, शाखा प्रबंधक फिगेश्वर कनिष्ठ तकनीकी सहायक/गुणवत्ता निरीक्षक (फ०) के संयुक्त दल द्वारा बोरसी उपार्जन केन्द्र के शेष बचे धान का गुणवत्ता परीक्षण कराया गया जिसमें डैमेज डिस्कलर मात्रा 7.22 प्रतिशत जोकि अनुमत मात्रा से 5 प्रतिशत से 2.22 प्रतिशत अधिक व फारेन मैटर एवं इमेच्योर ग्रेन्स अनुमत मात्रा से कम पाया गया।

जिला विपणन अधिकारी श्री अमित चन्द्राकर ने अपने वक्तव्य में बताया कि विपणन संघ एवं मिलर्स के मध्य निष्पादित अनुबंध कंडिका 6.1 में स्पष्ट है कि पक्ष क्रमांक-2 अर्थात् मिलर द्वारा डी.ओ. जारी होने के 10 दिवस के भीतर धान का उठाव नहीं किया जाता है तो जितनी मात्रा में धान का उठाव नहीं किया गया है उतनी मात्रा पर 06 रूपये प्रति क्विंटल की दर से प्रत्येक 7 दिवस के लिए दण्ड अधिरोपित किया जायेगा । जिला खाद्य अधिकारी सुधीर गुरु ने बताया कि धान के अंतिम निराकरण करने वाले 28 उपार्जन के प्रभारी एवं उसके प्रबंधकों को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही कलेक्टर गरियाबंद के द्वारा मेसर्स मूर्ति एग्रो इंडस्ट्रीज धमतरी एम.ए 599220 के विरूद्ध उपरोक्तानुसार कार्यवाही करने हेतु राज्य शासन एवं प्रबंध संचालक मार्कफेड को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। जिले के शेष धान का निराकरण आगामी 10 कार्य दिवसों में पूर्ण कर लिया जायेगा ।

अंचल के लोगों ने सीएम हाउस पहुंचकर वैवाहिक वर्षगांठ की दी शुभकामनायें

पत्थलगांव, 29 मई। छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की वैवाहिक वर्षगांठ पर उन्हे प्रदेश भर से शुभकामनायें दी जा रही थी। जिले से भी समाजसेवी एवं कार्यकर्ताओ का दल रायपुर रवाना होकर सी.एम हाउस मे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय को वैवाहिक वर्षगांठ की शुभकामनायें दी गयी। दरअसल छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जशपुर जिले के बगिया निवासी है,उनका गृह्ग्राम बगिया मे रहने के चलते जशपुर जिले से शुभकामनायें देने वालो की संख्या काफी अधिक थी। दिन सोमवार को जिले से सैकडो लोग सी.एम हाउस पहुंचकर उन्हे बधायी दिये। शहर से भी दर्जनो लोगो ने सी.एम विष्णु देव साय को उनके वैवाहिक वर्षगांठ की बधायी दी। यहा के युवा व्यवसायी मधुसुदन गोयल ने रायपुर जाकर सी.एम.हाउस मे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को शुभकामनायें प्रेषित की,इस दौरान उन्होने डबल इंजन की सरकार के साथ छत्तीसगढ एवं जशपुर जिले के विकास की बातें भी साझा की। युवा व्यवसायी मधुसुदन गोयल का कहना था कि विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री बनने के बाद जशपुर जिले मे सडको का विकास तेजी से हो रहा है,उन्होने बताया कि दस सालो से कटनी गुमला राष्ट्रीय राजमार्ग का काम अधर मे लटका हुआ था,जिसके कारण तीन जिले के लोगो को अधूरे काम का खामियाजा उठाना पड रहा था। प्रदेश मे विष्णु सरकार के बनते ही जशपुर जिले मे सडको का जाल बिछने के साथ-साथ कटनी गुमला राष्ट्रीय राजमार्ग का कार्य भी बेहद तेजी से चल रहा है।

महासमुंद के तीर्थ यात्रियों ने रामेश्वरम के समुद्र तट पर बालू का शिवलिंग बना किया अभिषेक

महासमुंद, 29 मई। चारों धाम में से एक रामेश्वरम धाम में इन दिनों नगर पुरोहित पं. पंकज तिवारी द्वारा श्रीमद भागवत कथा का बखान किया जा रहा है। भागवत कथा का पुण्य लाभ अर्जित करने नगर से करीब 50 से अधिक तीर्थयात्रियों का जत्था रामेश्वरम धाम में कथा श्रवण का लाभ ले रहे हैं। तीर्थयात्रियों द्वारा सोमवार को रामेश्वरम के समुद्र तट पर भूतभावन आशुतोष महादेव की बालू का शिवलिंग बनाकर अभिषेक किया। आचार्य पंकज तिवारी के सानिध्य में सात पुरोहितों ने विधि विधान से अभिषेक कार्य संपन्न कराया। सभी तीर्थयात्री अपने-अपने नाम से बालू का शिवलिंग बनाया था। जिसे विधि विधान से पूजा अर्चना कर विसर्जित किया गया। भागवत कथा आयोजन समिति के मूलचंद लड्ढा, राजेश नायक, दिलीप जैन, देवेंद्र चंद्राकर ने बताया कि तीर्थ यात्रियों के लिए यह प्रथम अवसर था जब समुद्र के किनारे इस तरह के आयोजन में पहली बार शामिल हो रहे थे। जैसे ही पंडितों ने शंखनाद किया वैसे ही अन्य प्रांतों से समुद्र स्नान करने पहुंचे तीर्थयात्री भी दर्शन लाभ लेने पहुंच कर अभिषेक का दर्शन लाभ लिया। अनेक यात्री तो आचार्य से निवेदन कर रहे थे कि उन्हें भी जजमान बनाकर अभिषेक कार्य कराए। लेकिन समय की मर्यादा के कारण संभव नहीं हो पाया और वे दर्शन लाभ से ही आनंदित होते रहे। तीर्थ यात्रियों ने सर्वप्रथम समुद्र स्नान किया और समुद्र देव की पूजा अर्चना के बाद सभी समुद्र तट पर घेरा बनाकर बैठ गए। धरती पूजन उपरांत मंत्रोच्चार के बीच सभी तीर्थयात्रियों ने बालू से शिवलिंग बनाने का कार्य आरंभ किया। शिवलिंग निर्माण के बाद विधि विधान से सभी ने पूजार्चना की और आरती उपरांत बनाए गए शिवलिंग को विसर्जित किया गया। स्कंद पुराण में रामेश्वरम धाम की महिमा का बखान करते हुए कहा गया है कि सतयुग में दस वर्षों में जो पुण्य किया जाता है, उसी को त्रेता में मनुष्य एक वर्ष में सिद्ध करते हैं। द्वापर में एक मास में और कलयुग में एक दिन में वह पुण्य साध्य होता है। किंतु जो मनुष्य कलयुग में रामेश्वरम धाम में दर्शन, पूजन करते हैं वही पुण्य उनको कोटि गुना होकर एक-एक पल में प्राप्त होते रहता है। पूजन विधान में कमलेश चौबे, दिनेश चौबे, सूर्यप्रकाश चौबे, रिकेश दुबे चिराग धर दीवान, शंकर दुबेआदि की भूमिका रही। वहीं तीर्थ यात्रियों में प्रमुख रूप से शंकर पांडे, इंद्राणी पांडे, मनोजकांत साहू, सीतादेवी साहू, हेमंत चंद्राकर, तारा चंद्राकर, मारकंडे चंद्राकर, विजय चंद्राकर, विपिन चंद्राकर, दुर्गेश चंद्राकर, जूली चंद्राकर, अणुरेंद्रधर दीवान, सुनीता दीवान, शीला पांडे, विमला, कुमारी साहू, रश्मि, सीमा लड्ढा, पुष्पलता अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

लोकसभा उम्मीदवारों तथा उनके प्रतिनिधियों को दी मतगणना की जानकारी

महासमुंद 29 मई । कलेक्टर तथा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र महासमुंद के रिटर्निंग ऑफिसर श्री प्रभात मलिक के निर्देशानुसार लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों तथा उनके प्रतिनिधियों को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मतगणना संबंधी प्रशिक्षण एवं आवश्यक जानकारी दी गई। जिसमें उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री निर्भय साहू ने बताया कि 4 जून को प्रातः 8:00 बजे डाक मतपत्रों की गणना शुरू होगी जिसके लिए गणना हाल में 16 टेबल लगाए गए हैं। इसके बाद ठीक 8.30 बजे ईवीएम से मतगणना प्रारंभ होगी। ईवीएम की मतगणना के लिए जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए चार अलग-अलग हाल में 14-14 टेबल लगाए गए हैं। प्रत्येक टेबल में मतगणना के लिए दो-दो अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना हाल में मोबाईल, स्मार्ट वाच, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, लाइटर, माचिस आदि ले जाना प्रतिबंधित है।इस अवसर जिला मास्टर ट्रेनर श्री तोषण गिरि गोस्वामी ने मतगणना प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मतगणना टेबल पर कंट्रोल यूनिट तथा मतपत्र लेखा 17 ग का लिफाफा लाया जाएगा।

तेज गर्मी विद्युत ट्रांसमिशन व्यवस्था बिगड़ी, ग्रामीण परेशान

पत्थलगांव, 29 मई। भीषण गर्मी मे बिजली बंद होने के कारण शहर की एक बडी आबादी के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र मे भी लोग अच्छे खासे परेशान हो रहे है। दिन सोमवार की देर रात को भी शहर मे लगभग 2 घंटे तक बिजली बंद थी,जिसके कारण लोग नींद से जागकर सडको मे घुमते नजर आये। उनकी नाराजगी थी कि हर मौसम के शुरूवात मे विद्युत विभाग द्वारा मेंटेनेंस कराये जाने के बाद भी लोगो को गर्मी मे बिजली की असुविधा हो रही है,रात के दौरान काफी देर तक बिजली बंद होने की नाराजगी टूटी भी नही थी कि मंगलवार की दोपहर गेरवानी से पत्थलगांव तक आने वाली 220 के.व्ही पावर सप्लाई का जमफर कट जाने के कारण शहर के लोगो को एक बार फिर कई घंटे बिजली बंद रहने की असुविधा उठानी पडी। दरअसल शहर के भितर 33/11 के.व्ही टाउन के साथ 132/33 नंदनझरिया से विद्युत आपूर्ति की जाती है,विद्युत विभाग से मिली जानकारी के अनुसार यह सप्लाई जिंदल पावर प्लांट होते हुये गेरवानी एवं गेरवानी से 132/33 पत्थलगावं के नंदनझरिया सप्लाई की जाती है,जहा से शहर के सब स्टेशन मे 132 को बदलकर 33 के.व्ही मे विभाजीत कि वरते हुये 4 फीडर मे आपूर्ति भेजी जाती है। आज दोपहर लगभग 1 बजे जिंदल पावर प्लांट से पहुंचने वाली विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप्प पड गयी,जिससे शहर के लोगो के बीच हाहाकार मच गया। एक घंटे से भी अधिक विद्युत व्यवस्था ठप्प पडने के कारण 33/11 से सप्लाई होने वाले 4 फीडर के गाला,पालीडिह,टाउन 1 एवं टाउन 2 पूरी तरह प्रभावित हो गये,उनके अंतर्गत आने वाले 84 गांव मे विद्युत व्यवस्था बाधित होने से गर्मी का हाहाकार मच गया।।वैकल्पिक लाईन शुरू हुयी तो लेने लगा ट्रिप-जिंदल पावर प्लांट से शहर को मिलने वाली विद्युत व्यवस्था बाधित होते ही विद्युत विभाग मे खलबली मच गयी। उन्होने तत्काल अंबिकापुर डिवीजन से मदद की गुहार लगायी। बडी आबादी की सुविधा को ध्यान मे रखते हुये अंबिकापुर डिवीजन ने पत्थलगांव को अपने यहा से वैकल्पिक लाईन सप्लाई कर दी,परंतु आबादी के अनुरूप अतिरिक्त ट्रांसफर्मर की कमी रहने के कारण अंबिकापुर से सप्लाई होने वाली विद्युत लाईन बार-बार ट्रिप लेने लगी,जिसके कारण टाउन 2 फीडर बंद कर उसे जशपुर से जोडा गया। विद्युत विभाग के जे.ई कुलरंजन मिंज ने बताया कि शहर की लोड क्षमता काफी अधिक थी,जिसके कारण बार-बार अंबिकापुर से लोड कम करने की चेतावनी मिल रही थी।

एयर ब्रेक की कमी-:विद्युत सबडिवीजन मे वर्षो पुरानी तकनीक रहने का खामियाजा शहर के लोगो को उठाना पड रहा है। नयी तकनीक के लिए विद्युत विभाग के अधिकारी प्रयासरत नही है। मिली जानकारी के अनुसार शहर मे कही भी ए.बी.(एयर ब्रेक) की सुविधा नही दी गयी है,जिसके कारण किसी भी फीडर मे लाईन ट्रिप करने के कारण शहर के साथ-साथ 84 गांव के लोगो को बिजली की आपूर्ति से वंचित होना पडता है। यदि विद्युत विभाग के बडे अधिकारी शहर की विद्युत आपूर्ति को एयर ब्रेक सिस्टम से डिवाईड कर दे तो फाल्ट वाली लाईन को बंद कर बाकी आपूर्ति सुचारू रखी जा सकती है।।

--गेरवानी से पत्थलगांव के बीच का जमफर कटने के कारण विद्युत व्यवस्था बाधित हुयी थी,जनता की परेशानी को देखकर अंबिकापुर जशपुर से वैकल्पिक लाईन शुरू करावर विद्युत आपूर्ति दी गयी। लोड क्षमता से अधिक होने के कारण लाईन ट्रिप होने की शिकायत का सामना करना पड़ा।

कुलरंजन मिंज-जे.ई-सी.एस.ई.बी पत्थलगांव

निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम पड़ाव है मतगणना, प्रेक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण: कंगाले

महासमुंद,29 मई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने रायपुर के नवीन विश्राम गृह में आयोजित मतगणना प्रेक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मतगणना प्रेक्षक (काउंटिंग ऑब्जर्वर) की भूमिका मतगणना के दौरान अत्यधिक महत्वपूर्ण होती है। मतगणना संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम पड़ाव है। इसलिए सभी की नजर मतगणना की प्रक्रिया पर केंद्रित होती है। ऐसे में मतगणना प्रेक्षक की भूमिका सबसे अहम हो जाती है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने मतगणना प्रेक्षकों के प्रशिक्षण में कहा कि मतगणना के दौरान मतगणना प्रेक्षक की भूमिका निभाने वाले अधिकारियों को मतगणना के सभी पहलुओं की बारीक जानकारी होनी चाहिए। मतगणना केंद्र पर पारदर्शी ढंग से मतगणना की प्रक्रिया पूर्ण हो, इसके लिए मतगणना प्रेक्षक को निष्पक्ष और सभी प्रक्रियाओं से संबंधित जानकारी से परिपूर्ण होना चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अंतर्गत आगामी 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए छत्तीसगढ़ के 56 अधिकारियों को देश के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में मतगणना प्रेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें भारतीय प्रशासनिक सेवा के 20 और राज्य प्रशासनिक सेवा के 36 अधिकारी शामिल हैं।प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर यूएस. अग्रवाल, विनय अग्रवाल और रुपेश कुमार वर्मा ने मतगणना स्थल पर प्रेक्षक की भूमिका, ईटीपीबीएस एवं डाक मतपत्रों की गणना एवं ईवीएम से मतगणना संबंधी सभी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर्स ने मतगणना हॉल में कितने टेबल लगाए जाने हैं, टेबल किस प्रकार लगाए जाने हैं, प्रत्याशी, उनके अधिकृत प्रतिनिधि और मतगणना अभिकर्ता कितने होंगे तथा किन स्थानों पर बैठेंगे, वीवीपैट की गणना के लिए कौन सा टेबल निर्धारित किया जाए, डाक मतपत्रों की गणना कहाँ हो, कौन सी सावधानियां बरतने की जरूरत है जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर भी जानकारी साझा की। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना प्रेक्षक के रूप में नियुक्त राज्य के अधिकारियों के व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण स्थल पर मास्टर ट्रेनर रुपेश कुमार वर्मा ने प्रायोगिक तौर पर ईवीएम का संचालन भी अधिकारियों के समक्ष किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

एक नजर

पीड़िता को शादी का झांसा देकर बलात्कार करने वाला गिरफ्तार

राजनांदगांव 29 मई। पुलिस चौकी तुमडीबोड के अप.क्र. 228/2024 धारा 376(2)(एन),294,323,506 भादवि के प्रकरण की पीड़िता ने चौकी तुमडीबोड आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि मजदूरी काम करने जाने दौरान ग्राम मचानपार के दीपक वासनिक से विगत 06 वर्ष पूर्व से जान पहचान हुई थी। तब से दोनों एक दूसरे से बातचीत करते थे। दिनांक 08.03.2024 को वह पहली बार दीपक के गांव मचानपार घुमने आई थी तब दीपक प्रार्थिया को अपने घर में शादी का प्रलोभन देकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया था और अपने साथ ग्राम कुल्हाडी अम्बागढ चौकी अपने नानी के घर भगाकर ले गया था और वहां भी दीपक वासनिक प्रार्थिया के साथ शादी का प्रलोभन देकर कई बार जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया था। प्रार्थिया द्वारा दीपक को शादी की बात बोलने पर वह वापस अपने घर मचानपार ले आया और अपने घर में प्रार्थिया के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाता था। प्रार्थिया जब भी शादी के लिए दीपक को बोलती थी तो दीपक प्रार्थिया के साथ गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करता था जिस पर प्रार्थिया अपने परिवार वालो को घटना की जानकारी देकर पुलिस चौकी तुमडीबोड आकर रिपोर्ट दर्ज करने पर महिला विवेचना अधिकारी द्वारा अपराध सदर धारा का अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया है श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग सर के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा सर एवं नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री पुष्पेन्द्र नायक सर के निर्देशन मे पुलिस चौकी तुमडीबोड द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 28/05/2024 को आरोपी दीपक वासनिक को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल निरूद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरी.कैलाश चंद्र मरई, प्र.आर. 40 अनिल नेताम, आर. 1233 कमल नेताम, म.आर. 1128 अर्पणा एक्का का कार्य सराहनीय रहा।

फ्लेग मार्च कर असामाजिक तत्वों एवं युवाओं को देर रात तक न घूमने की समझाईश दी

राजनांदगांव 29 मई। पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में थाना बसंतपुर के थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण देवांगन, उप निरीक्षक नरेश कुमार सार्वा, उप निरीक्षक राकेश पटेल एवं थाना स्टाफ एवं रक्षित केन्द्र राजनांदगांव से डी0आर0जी0 के 30 जवानों का 03 टीम बनाकर दिनांक 28/05/2024 की रात्रि में थाना बसंतपुर क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने एवं आम जनता के मन में पुलिस के प्रति विश्वास बनाये रखने एवं असामाजिक तत्वों के अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से थाना बसंतपुर के नगर क्षेत्र पठान पारा, नंदई चौक, कुंआ चौक, इंदिरा नगर राजीव नगर, क्लब चौक, बसंतपुर, महामाया चौक, मंडी चौक, अस्पताल चौक, अनुपम नगर, कमला कॉलेज, कौरिनभाठा, गोकुल नगर, रानी सागर तालाब, दिग्विजय कॉलेज के गली-गली, मोहल्लों में भ्रमण कर नगर में अनावश्यक बैठे घुम रहे लोगों को देर रात्रि तक न घुमने का समझाईश दिया गया एवं बाजार क्षेत्र स्थित दुकानदारों को रोड में वाहन खडी न करने की हिदायत देकर निर्धारित पार्किंग स्थल पर वाहन खडी करने का निर्देश दिया गया । भविष्य में नियमित रूप से यह कार्यवाही जारी रहेगी ।

भरी गर्मी मे पानी के लिए भटक रहे लोग,नगर पंचायत डोंगरगांव बेपरवाह

डोंगरगांव 29 मई। गर्मी अपने चरम पर है सोमवार - मंगलवार को गर्मी का पारा 44 डिग्री पर था लोग गर्मी से परेशान रहे नगर के हृदय स्थल पुराना बस स्टैंड मे पानी की प्यास से भटकते लोग हालाकान रहे गर्मी को देखते हुए नगर पंचायत को जगह जगह प्याऊ घर की व्यवस्था करनी थी मगर बाकि जगहों को तो छोड़ नगर के मध्य पुराना बस स्टैंड मे ही प्याऊ की व्यवस्था नहीं है। हृदय स्थल पर स्थित एक मात्र प्याऊ जो की दीपक भोजनालय के बाजू मे है वह भी पूरी तरह से बंद है और गंदगी का भण्डार बना पड़ा है ऐसे मे लोग पैसे खर्च कर पानी की बोतल या पानी पाउच खरीद अपनी प्यास बुझाने को मजबूर है।हर एक नगरपंचायत को गर्मी मे प्याऊ बनाने या पानी व्यवस्था सुचारु रूपये से चलाने के लिए फण्ड आता है मगर पता नहीं यंहा इसका उपयोग क्यों नहीं किया जा रहा है। नगर के कई वार्डो मे पेयजल की समस्या भी बनी हुई है वार्डो मे या तो पानी आ ही नहीं रहा जंहा आ रहा वंहा शुद्धि कम गन्दा ज्यादा पानी आ रहा जो पिने लायक स्तर का नहीं है गर्मी के दिनों मे नगर पंचायत को टेंकरों से दोनों समय पानी सप्लाई करनी होती है मगर यंहा वो व्यवस्था भी ठप्प है। हर रोज समाचार मे राज्य एवं जिलों मे बढ़ती गर्मी को लेकर येलो, ऑरेंज, या रेड अलर्ट मगर नगर के अधिकारियो को अपने एयर कंडीशनर कमरों से निकल लोगो के परेशानियों को देखने का समय ही नहीं है।

निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम पड़ाव है मतगणना प्रेक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण: कंगाले

मतगणना प्रेक्षकों ने समझी मतगणना की बारीकियाँ

रायपुर 29 मई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने रायपुर के नवीन विश्राम गृह में आयोजित मतगणना प्रेक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मतगणना प्रेक्षक (काउंटिंग ऑब्जर्वर) की भूमिका मतगणना के दौरान अत्यधिक महत्वपूर्ण होती है। मतगणना संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम पड़ाव है। इसलिए सभी की नजर मतगणना की प्रक्रिया पर केंद्रित होती है। ऐसे में मतगणना प्रेक्षक की भूमिका सबसे अहम हो जाती है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने मतगणना प्रेक्षकों के प्रशिक्षण में कहा कि मतगणना के दौरान मतगणना प्रेक्षक की भूमिका निभाने वाले अधिकारियों को मतगणना के सभी पहलुओं की बारीक जानकारी होनी चाहिए। मतगणना केंद्र पर पारदर्शी ढंग से मतगणना की प्रक्रिया पूर्ण हो, इसके लिए मतगणना प्रेक्षक को निष्पक्ष और सभी प्रक्रियाओं से संबंधित जानकारी से परिपूर्ण होना चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अंतर्गत आगामी 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए छत्तीसगढ़ के 56 अधिकारियों को देश के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में मतगणना प्रेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें भारतीय प्रशासनिक सेवा के 20 और राज्य

प्रशासनिक सेवा के 36 अधिकारी शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर श्री यू.एस. अग्रवाल, श्री विनय अग्रवाल और श्री रुपेश कुमार वर्मा ने मतगणना स्थल पर प्रेक्षक की भूमिका, ईटीपीबीएस एवं डाक मतपत्रों की गणना एवं ईवीएम से मतगणना संबंधी सभी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर्स ने मतगणना हॉल में कितने टेबल लगाए जाने हैं, टेबल किस प्रकार लगाए जाने हैं, प्रत्याशी, उनके अधिकृत प्रतिनिधि और मतगणना अभिकर्ता कितने होंगे तथा किन स्थानों पर बैठेंगे, वीवीपैट की गणना के लिए कौन सा टेबल निर्धारित किया जाए, डाक मतपत्रों की गणना कहाँ हो, कौन सी सावधानियां बरतने की जरूरत है जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर भी जानकारी साझा की। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना प्रेक्षक के रूप में नियुक्त राज्य के अधिकारियों के व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण स्थल पर मास्टर ट्रेनर श्री रुपेश कुमार वर्मा ने प्रायोगिक तौर का संचालन भी अधिकारियों के समक्ष किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

नीनु इटियेरा ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक के पद का कार्यभार ग्रहण किया

भाटापारा 29 मई। सुश्री नीनु इटियेरा ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक के पद पर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है । 1988 बैच की भारतीय रेल परिचालन सेवा की अधिकारी सुश्री इटियेरा इससे पूर्व में दक्षिण रेलवे, चन्नई में प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के पद पर कार्यरत थी । उन्होने दक्षिण रेलवे में प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक के पद भी कार्य किया है। सुश्री नीनु इटियेरा ने दक्षिण रेलवे के मदुरै मंडल के मंडल रेल प्रबंधक के पद भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है । सुश्री इटियेरा के कार्यकाल में दक्षिण रेलवे ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों को हासिल किया तथा नई उंचाईयों को छुआ । इनके कार्यकाल में दक्षिण रेलवे में यात्री सुविधाओ एवं सेवाओ भी काफी प्रगति हुई । महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रुप में सुश्री इटियेरा के कार्यकाल में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अधोसंरचना एवं यात्री सुविधाओ में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त हो सकेगी । इसके साथ ही साथ देश की आर्थिक प्रगति की ओर भी अधिक बल देने में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का सकारात्मक योगदान हो सकेगा। दक्षिण रेलवे के चन्नई मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी, उप मुख्य मुख्य परिचालन प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, मुख्य यात्री परिचालन प्रबंधक, मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, चेयरमैन, रेलवे भर्ती बोर्ड तिरुवनंतपुरम सहित कई महत्वपूर्ण पदों कार्य किया है।

देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर संस्कार भारती में निशुल्क चित्रकला प्रतियोगिता

रायपुर 29 मई। पुण्यश्लोक देवी अहिल्या बाई होलकर की 300 वीं जयंती पर संस्कार भारती रायपुर द्वारा स्कूली बच्चों व नवोदित कलाकारो के लिए निः शुल्क जिला स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन 31 मई सुबह 9.30 बजे से 11.30. बजे तक, वृंदावन हाल , सिविल लाइंस रायपुर में आयोजित होने जा रहा है। यह प्रतियोगिता 4 वर्गों में आयोजित होगी जिसमें किसी भी आयु के प्रतिभागी सम्मिलित हो सकते हैं। प्रतिभागी किसी भी माध्यम / रंग संयोजन में चित्र निर्माण कर सकते है। विषय से हटकर चित्रों को प्रतियोगिता में शामिल नहीं किया जाएगा। सभी प्रतिभागियों को संस्था की ओर से झूझंग शीट प्रदान की जावेगी, शेष सामग्री प्रतिभागियों को स्वयं लेकर आना आवश्यक है। प्रत्येक समूह के विजेता प्रतिभागियों को संस्था द्वारा प्रथम , द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा व सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।

7 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा 29 मई। अभियान सृजन के तहत उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री सदानंद कुमार द्वारा जिले में सभी प्रकार के नशे विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है, उक्त निर्देशो के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अविनाश सिंह ठाकूर बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी निरीक्षक श्री केसर पराग के निर्देशन में थाना लवन पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड कार्यवाही लगातार जारी है। इसी कम में दिनांक 27/05/2024 को थाना लवन से सउनि संजीव सिंह राजपूत, आर0 केशव भट्ट, महेश भारती की पुलिस टीम द्वारा ग्राम कुम्हारी में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 07 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत 1400 रू. जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना लवन में अप.क. 229/24 धारा 34(2) आब0 एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध की गई है।

वार्ड भ्रमण में आज वार्ड नं. 18 व 19 में आयुक्त ने साफ सफाई के अलावा निर्माण कार्य देखा

राजनांदगांव 29 मई। नगर निगम का वार्ड भ्रमण अभियान प्रतिदिन जारी है, भ्रमण में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता तकनीकि एवं स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ प्रातः साफ सफाई एवं वार्डो में चल रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण कर रहे है। निरीक्षण की कडी में आज उन्होने कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके, सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम,उपअभियंता श्री अशोक देवांगन व श्री अनुप पाण्डे, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा, जिला समन्वयक एसबीएम श्री देवेश साहू व श्री कीर्तन साहू, सह उद्यान प्रभारी श्री दिलीप गिरी व प्र.पटवारी श्री मिलिन्द रेड्डी के साथ वार्ड नं. 18 व 19 के ममता नगर,वर्धमान नगर, 18 एकड क्षेत्र में साफ सफाई व निर्माण कार्य का जायजा लेकर निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने ठा.प्यारेलाल स्कूल परिसर में स्थित ग्रंथालय का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था करने अधिकारियों को निर्देशित किये। आयुक्त श्री गुप्ता 18 एकड़ एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर कचरा पृथककरण की जानकारी लेकर सेंटर में साफ सफाई तथा अन्य व्यवस्था सुचारू रूप से होने पर प्रसन्नता व्यक्त किये, उन्होने स्वच्छता दीदीयों से कहा कि घर में ही कचरा पृथक करने लोगो को समझाईस देवे एवं सत् प्रतिशत यूजर चार्ज वसूली करे। उन्होने पूनम कॉलोनी ममता नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था देख सफाई कर्मियों से चर्चा कर हाजरी रजिस्टर चेक किया तथा अनुपस्थित कर्मचारियों के संबंध में जानकारी लेकर निर्धारित समय तक कार्य करने, सड़को व गलियों की नियमित सफाई कर कचरा उठाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सडक में मलमा व निर्माण समाग्री रखने पर मलमा मण्डप के तहत कार्यवाही करे। आयुक्त श्री गुप्ता विकास कार्यो के निरीक्षण में वार्ड नं. 18 के ममता नगर गली नं. 05 में 15वें वित्त आयोग अंतर्गत नाली निर्माण, महाराजा सेल के बाजू गली में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण, अन्नपूर्णा समुदायिक भवन के पास भवन व उद्यान निर्माण के अलावा वार्ड नं. 19 हनुमान मंदिर आम्बेडकर चौक के पास सामुदायिक भवन व सौन्दर्यीकरण कार्य तथा वर्धमान नगर में नाली निर्माण, शक्ति नगर में सीमेंट कांक्रिट रोड निर्माण कार्य का जायजा लेकर कार्य गुणवत्ता के साथ जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये।

अंबागढ़ चौकी में अंग्रेजी माध्यम शिक्षा की शुरुआत कर रहा नांदगांव शिक्षा मंडल

राजनांदगांव ,29 मई । नवीन जिला मोहला - मानपुर - अंबागढ़ चौकी में वनांचल वासियों को गुणवत्ता पूर्ण अंग्रेजी माध्यम शिक्षा हेतु नांदगांव शिक्षा मंडल ने बीड़ा उठाया है । इसी सत्र 2024-25 से संचालक मंडल ने शिक्षा की शुरुआत का निर्णय लिया है । इस हेतु नर्सरी से कक्षा आठवीं तक के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है । पालकगण श्री रामनिवास सारडा एग्रीकल्चर कॉलेज कैंपस में संपर्क कर प्रवेश प्रक्रिया से अवगत हो सकते हैं । पालकों के लिए यह जानकारी जरूरी है कि नांदगांव शिक्षा मंडल द्वारा संचालित उक्त नवीन शाला में पदस्थ शिक्षक / शिक्षिकाएँ योग्यता प्राप्त , अनुभवी एवं अंग्रेजी माध्यम में अध्यापन कार्य में विशिष्ठता लिए आपके बच्चो अक्षर ज्ञान से लेकर अन्य गतिविधियों में सक्षम बनाने कटिबद्ध हैं । कक्षाओं में बच्चों के पाठ्यक्रम के अनुसार वातावरण निर्मित करने उन्हें साज - सज्जा के साथ संवारा गया है । पूरा कैंपस हरियाली से आच्छादित एवं सुरक्षा के घेरे में है , जहां बच्चे स्वतंत्रता पूर्वक खेल - कूद सकते हैं ।

समाचार संक्षेप

अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले को मगरलोड पुलिस ने किया गिरफ्तार

मगरलोड 29 मई। अवैध रूप से महुआ शराब बना कर बेचने वाले ग्राम मड़ेली के रामलाल कमार पिता स्व0 सुखरू कमार उम्र 35 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, आरोपी के कब्जे से दो सफेद प्लास्टिक जरीकेन में कुल 17 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 3400/ रुपये एंव बिक्री रकम 500/- रूपये कुल रकम 3900/-रूपये जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही किया गया। उक्त कार्यवाही में कोतवाली से प्रआर.दिपेश देहारी,आर.डायमंड यादव,सायबर टीम से प्रआर.देवेंद्र राजपूत,लोकेश नेताम आर.युवराज ठाकुर, कृष्णा पाटिल, फनेश साहू,एवं थाना मगरलोड से थाना प्रभारी निरी.राजेश जगत,सउनि.अजय बनारसी, प्रधान आरक्षक जैतराम जोगी, आरक्षक विमल पटेल, त्रिवेणी ध्रुव सैनिक महेश सिन्हा, धरम निषाद का विशेष योगदान रहा।

अवैध शराब विक्रेता से 22.500 बल्क लीटर मदिरा जब्त

राजनांदगांव 29 मई। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी श्री यदुनंदन राठौर ने बताया कि जिले में अवैध शराब विक्रेताओं व अवैध रूप से मदिरापान कराने वालों एवं परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग की टीम द्वारा डोंगरगढ़ विकासखंड के चंद्रगिरी मातेकटा में प्रकाश सिन्हा के कब्जे से 22.500 बल्क लीटर देशी मदिरा संत्री महाराष्ट्र निर्मित जप्त किया गया। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्ष श्री उज्ज्वल कुमार सूत्रधार एवं आबकारी मुख्य आरक्षक श्री लालसिंह राजपूत, आबकारी आरक्षक श्री जर्नादन पाण्डेय शामिल थे। आरोपी को धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत दण्डनीय अजमानतीय अपराध में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया है। कलेक्टर ने सभी वृत्त प्रभारियों को वृत्त क्षेत्र में लगातार गश्त करने तथा अवैध मदिरा विक्रय के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सहायक आयुक्त आबकारी ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

भाटापारा मंडी में बंपर आवक, 65 अतिरिक्त मजदूरों की गई है व्यवस्था

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा 29 मई।कृषि उपज मण्डी समिति भाटापारा में वर्तमान में ग्रीष्मकालिन फसल धान की आवक भाटापारा मण्डी क्षेत्रांतर्गत के अलावा अन्य जिलो से हो रही है। वर्तमान में कृषि उपज मण्डी समिति भाटापारा में विपणन कार्य व्यवस्था हेतु श्रमिको में तौलैया 50,हमाल 142 रेजा हमाल 156 कांटा हमाल 180 अनलोडिंग हमाल 200 अर्थात् कुल 728 श्रमिक मण्डी प्रांगण में कृषि उपजो के तौलाई भराई लोडिग का कार्य कर रहे है।इसके साथ ही मण्डी प्रांगण में बंपर आवक को देखते हुये मण्डी प्रशासन को कलेक्टर के एल चौहान द्वारा अतिरिक्त मजदूर लगाने के निर्देश दिए गए है। जिस पर मंडी प्रशासन द्वारा अतिरिक्त लोडिंग चिल्हर 15 हमाल एवं 50 अनलोडिंग मजदूरों की व्यवस्था की गई है। मंडी प्रशासन द्वारा रेजा संघ को रेजाओ की संख्या में वृद्धि करने एवं क्रेता फर्मो को निर्देशित कर,मण्डी प्रांगण की कार्यव्यवस्था को सुगम रूप से संचालित करने हेतु कांटा हमाल एवं अन्य लोडिंग हमाल की संख्या में अतिरिक्त वृद्धि करने के लिये निर्देशित किया गया है। जिससे की मण्डी प्रांगण का कार्य त्वारित रूप से समय पर संपादित हो सके तदानुसार क्रेता फर्मो द्वारा अतिरिक्त हमाल की व्यवस्था की गई है। वर्तमान में आवक के मददेनजर क्रेता फर्मो के द्वारा भी मंडी प्रशासन को समय समय पर अतिरिक्त श्रमिको की व्यवस्था करने में सहमति प्रदान की गई है।

सभी बच्चों को मिलना चाहिए शिक्षा का अवसर: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 29 मई। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्रा उच्च माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर राजनांदगांव के ऑडिटोरियम में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के संबंध में शिक्षा विभाग के अधिकारियों, आरटीई नोडल अधिकारी, निजी विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रधान पाठक की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत प्रत्येक बच्चे को शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। सभी बच्चों को शिक्षा का अवसर मिलना चाहिए। हर एक बच्चा शिक्षित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निजी विद्यालयों में आरटीई के तहत कोई भी बच्चा प्रवेश करता है, तो उसके साथ वैसा ही व्यवहार करें जिस प्रकार सामान्य तौर पर प्रवेशित बच्चों के साथ व्यवहार करते हैं। ऐसा नहीं करने या शिकायत प्राप्त होने पर संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिनियम के तहत प्रवेशित कुछ बच्चे पढ़ाई के मध्य में ही विद्यालय का त्याग कर देते हैं, परन्तु उन विद्यार्थियों का नाम पोर्टल में प्रदर्शित होता रहता है। ऐसी स्थिति में संबंधित विद्यालय के द्वारा उन विद्यार्थियों को ड्राप आउट मार्क किया जाना अनिवार्य है, परन्तु अधिकांश विद्यालयों द्वारा आरटीई पोर्टल में कार्यवाही नहीं की जाती है। उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी एवं नोडल प्राचार्य द्वारा विद्यालय में वास्तविक रूप से अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों का ही देयक पारित किया जा सके, इसके लिए प्रतिवर्ष कम से कम दो बार आरटीई के तहत चयनित विद्यार्थियों का भौतिक सत्यापन करें। उन्होंने कहा कि इस बात पर ध्यान देने की आवश्यकता है कि बच्चे किस कारण से ड्राप आउट हो रहे हैं। उनकी शिक्षा अबाधित रूप से जारी रहे इस पर ध्यान देने की जरूरत है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले में समर कैम्प चल रहा है। जिससे बच्चों की प्रतिभाएं बाहर निकलकर आ रही है। उन्होंने कहा कि समर कैम्प के माध्यम से बच्चों की प्रतिभाओं का चिन्हांकन करना है और उसे उस दिशा में विकसित करना है। बच्चों में व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास होना चाहिए। बच्चों के विकास के लिए क्या बेहतर कार्य कर सकते हैं इसके लिए कार्ययोजना बनानी चाहिए।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल ने बताया गया कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों के प्रारंभिक कक्षाओं में 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर कमजोर एवं दुर्बल वर्ग तथा अलाभित समूह के बच्चों को उनकी पहुंच सीमा में प्रवेश दिलाया जाता है। इसका मैदानी स्तर पर सफल क्रियान्वयन के लिए समय-समय पर दिशा-निर्देश जारी किया जाता है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत बच्चों के प्रवेश के लिए आरटीई पोर्टल का निर्माण किया गया है। जिससे सुचारू एवं पारदर्शिता के साथ संचालन किया जा सके। पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित कर लॉटरी के माध्यम से विद्यार्थियों का चयन करते हुए उनके द्वारा चाहे गये विद्यालयों में प्रवेश दिया जाता है। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत विद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों को स्कूल पाठ्यपुस्तकें, गणवेश एवं लेखन सामग्री विद्यार्थियों को निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। इसके साथ शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में बच्चों के प्रवेश के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202405092200058

जिला - अ-74 बसने की शेती- राजस्व ,सन् 2023-2024
करवारी (प ह न. 00022),
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- चमरू गोंड़,
अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चमरू गोड़ पिता बैसाखू गोड़ जाति गोंड सा. करवारी तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम करवारी प.ह.न. 22 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 133 में ख.न. 6/2 रकबा 1.619 हे. कुल ख.न. 01 कुल रकबा 1.169 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में चमरु पिता बैसाखू जाति गोंड सा. करवारी के नाम पर दर्ज व स्थित है। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कहीं गुम हो गई है। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि / आवेदित भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 10.06.202.4 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/05/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगाँव (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202405092100032
अ/6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक जुलेखा पति अजमदुद्दीन जाति मुसलमान, निवासी काशमिरी पारा वार्ड नंबर 01 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक के पति स्व. शेख अजमद्दीन पिता शेख नबिषवतद्दीन के नाम पर नजूल शहर डोंगरगढ़ में शीट क्रमांक 02 भूखण्ड कमांक 286/3 क्षेत्रफल 600 वर्गफुट भूमि स्थित है। आवेदक के पति स्व. अजमतद्दीन का दिनांक 24/02/2024 को स्वर्गवास हो गया है, अतः उपरोक्त भूमि नजूल शहर डोंगरगढ़ शीट कमांक 02 भूखण्ड क्रमांक 286/3 क्षेत्रफल 600 वर्गफीट भूमि के राजस्व रिकार्ड में फौती दर्ज किये जाने का निवेदन किया है, आवेदन पत्र के साथ, तत्वावान, ऑनलाईन नजूल शीट की प्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छाया प्रति पेश किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 19/06/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

मुहर

एक नजर

रायपुर 29 मई। सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी ने जन्मदिन के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर आशीर्वाद लिया।

राज्य सरकार ने व्यापारियों का दमन शुरू किया: कन्हैया

रायपुर 29 मई। प्रदेश चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद चोपकर और कार्यकारी अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल ने राज्य में ई-वे बिल के प्रावधानों में दी गई छूट को समाप्त किए जाने का कड़ा प्रतिकार करते हुए कहा कि सरकार के इस निर्णय से अफसरशाही बढ़ेगी, व्यापारी परेशान होगा और भ्रष्टाचार का बोलबाला होगा । उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में व्यवसायियों के लिए अब जिले के अंदर भी 50 हजार रुपए मूल्य से अधिक के सामान विक्रय कर परिवहन करने पर ई-वे बिल जेनरेट करना आवश्यक होगा जिससे व्यापार में जटिलता बढ़ेगी और व्यापारियों को जबरन चोर ठहरा कर वसूली होगी । उन्होंने कहा कि सरकार बने अभी 06 महीने भी नहीं हुए हैं और व्यापारियों के ऊपर लगातार आफत आ रही है । पहले स्टेट जीएसटी के हजारों की संख्या में जारी नोटिस से व्यापारी घबराया हुआ था अब ई - वे बिल के रूप में एक और मुसीबत आ गई है । उन्होंने कहा कि सरकार व्यापारियों को प्रताड़ित करना तत्काल बंद करे । जीएसटी के नोटिस ऑन के माध्यम से जिस तरह से अधिकारी व्यापारियों को धमका रहे हैं उस पर तत्काल रोक लगनी चाहिए और जिले के अंदर पचास हजार से अधिक के प्रत्येक बिल पर लगने वाले ई वे बिल के कानून को सरकार तत्काल प्रभाव से वापस ले अन्यथा व्यापारी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे ।

अवैध शराब तस्करी करने वाला कोचिया गिरफ्तार

रायपुर, 29 मई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में दिनांक 27.05.2024 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना गुढियारी क्षेत्रान्तर्गत शिव मंदिर के पास खालबाडा में एक व्यक्ति अवैध रूप से बिक्री करने हेतु शराब रखा है। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशन में थाना प्रभारी गुढियारी को सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही करने निर्देश पर मुखबीर की सूचना पर बताये स्थान पर जाकर रेड कार्यवाही किया गया। आरोपी प्रकाश निहाल पिता भागीरथी निहाल उम्र 39 वर्ष पता शिव मंदिर के पास खालबाडा थाना गुढियारी रायपुर के पास रखे एक सफेद नीला रंग के कपड़े के थैला में 35 पौवा देशी मदिरा मसाला शराब रखा होना पाया गया जिस पर आरोपी गोकुल ताण्डी के कब्जे से 35 पौवा देशी मदिरा मसाला किमती 3850/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना गुढियारी में अपराध क्र. 401/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। नाम आरोपी- प्रकाश निहाल पिता भागीरथी निहाल उम्र 39 वर्ष पता शिव मंदिर के पास खालबाडा थाना गुढियारी रायपुर।

खराब रिजल्ट वाले प्राचार्यों की अब खैर नहीं

रायपुर, 29 मई । छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा विभाग ने प्राइवेट स्कूलों पर शिकंजा कसने के बाद अब सूबे के चार हजार हाई स्कूलों और हायर सेकेंडरी स्कूलों को टाइट करना शुरू कर दिया है. स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव से इस साल के रिजल्ट का पूरा डिटेल माँगा है. छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा विभाग ने क्वालिटी एजुकेशन पर काम प्रारम्भ कर दिया है. पहले राइट टू एजुकेशन के साथ मोटी फीस और कमीशन को लेकर प्राइवेट स्कूलों पर प्रेशर बनाया. कलेक्टरो को प्राइवेट स्कूलों की मीटिंग लेकर राइट टू एजुकेशन कर रिव्यू करने कहा गया है. वहीं अब सरकारी स्कूलों के बोर्ड परीक्षा के रिजल्ट को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग अचानक सख्त हो गया है. विभाग के सचिव सिद्धार्थ परदेशी ने माध्यमिक शिक्षा मण्डल की सचिव पुष्पा साहू को पत्र लिख प्रदेश के सारे सरकारी हाई स्कूलों और हायर सेकेंडरी स्कूलों की दसवी, बारहवीं कर रिजल्ट माँगा है.खराब रिजल्ट पर होगी कार्रवाई जिन स्कूलों का रिजल्ट खराब होगा, उन स्कूलों के प्राचार्यों से जवाब तलब किया जाएगा।

निधन

कांतिबाई

रायपुर। हरिभूमि के गर्वनमेंट मार्केटिंग हेड कुलदीप शर्मा की माता श्रीमती कांतिबाई 74 वर्ष का आज निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 29 मई को सुबह 09.00 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकलेगी। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, महासचिव डॉ. वैभव शिव पाण्डेय, उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई, संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी, अरविंद सोनवानी सहित सभी कार्यकारिणी सदस्यों एवं समस्त सदस्यों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।



सौर ऊर्जा से जगमगाएगा शास्त्री बाजार

रायपुर 29 मई। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट तहत बन रहे तीन मंजिला शास्त्री बाजार परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर श्री अबिनाश मिश्रा भी उनके साथ थे। कलेक्टर डॉ. सिंह ने अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रोजेक्ट के शेष निर्माण कार्य जून माह तक पूरा करें साथ ही दुकानों के आबंटन की कार्यवाही भी सुनिश्चित करें।

स्मार्ट सिटी मिशन के तहत निर्माणाधीन तीन मंजिला शास्त्री बाजार परिसर में ग्राउंड फ्लोर सहित प्रत्येक तल पर 21 दुकान निर्मित की जा रही है। पूरे परिसर में कुल 84 दुकानें तैयार होंगे। परिसर के बेसमेंट पार्किंग में 70 बाइक एवं 30 कार रखने की व्यवस्था की गई है। इस बिल्डिंग की छत में सौर पैनल लगाकर सौर ऊर्जा से परिसर को रोशन करने की योजना भी रायपुर स्मार्ट सिटी लि. ने बनाई है। लगभग 9 करोड़ रुपए

की लागत से निर्माणाधीन यह परिसर जून अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

निरीक्षण भ्रमण के दौरान रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक श्री अबिनाश मिश्रा ने प्रोजेक्ट से जुड़े तकनीकी पहलुओं से अवगत कराने के साथ ही दुकानों के आबंटन के संबंध में कलेक्टर को अवगत कराया। निरीक्षण भ्रमण के दौरान रायपुर स्मार्ट सिटी के मुख्य परिचालन अधिकारी श्री उज्जवल पोरवाल, महाप्रबंधक (तकनीकी) श्री पी.के. पंचायती, अतिरिक्त महाप्रबंधक (तकनीकी) इमरान खान, जोन 3 कमिश्नर प्रीति सिंह, कार्यपालन अभियंता श्री राकेश अवधिया, उप-प्रबंधक श्री संजय अग्रवाल, असिस्टेंट मैनेजर श्री योगेन्द्र साहू सहित कार्य एजेंसी की टीम उपस्थित रहीं।

गर्मी का असर, रायपुर में फटा एसी तो बिलासपुर में फ्रिज का कंप्रेशर ब्लॉस्ट

रायपुर 29 मई। छत्तीसगढ़ में नौतपा का कहर देखने को मिल रहा है. सूरज की गर्मी ऐसी आग उगल रही है कि अब लोगों के घरों में एसी और फ्रिज में भी ब्लॉस्ट होने लगे है. नौतपा के चौथे दिन रिकॉर्डतोड़ गर्मी पड़ी. मुंगेली व महासमुंद में सूरज जैसे आग उगल रहा था. मुंगेली में पारा 47 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, तो महासमुंद में अधिकतम तापमान 47 डिग्री के करीब रहा. रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़ में पारा 46 डिग्री या उससे अधिक रहा. तेजी से बढ़े तापमान ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया. पंखा, कूलर, एसी से भी राहत नहीं मिल रही थी. मौसम विभाग का कहना है कि 2015 यानी 7 साल बाद नौतपा में इतनी भीषण गर्मी पड़ रही है. राजधानी रायपुर के राजीव नगर के एक मकान की एसी में ब्लास्ट होने से आग लग गई. खम्हारडीह थाने में इस घटना की सूचना दी गई जिसके बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया.

जानकारी के मुताबिक ओमलाल चंदेश्वर जो कि मकान नंबर ई-12 में रहते हैं के घर लगे एसी में ब्लास्ट हो गया. सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और आग बुझाने में जुट गई. इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है. प्लास्टिक बॉडी होने से आग में पूरी एसी जलकर खाक हो गया.

बिलासपुर में फ्रिज के कंप्रेशर में ब्लास्ट होने से घर में आग लग गई. घर पर मौजूद लोग आनन-फानन में जान बचाकर बाहर निकले. इसके बाद डायल 112 को फोन कर सूचना दी. कुछ समय बाद पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया. हादसे से कमरे में रखा सामान जल गया है. सिविल लाइन पुलिस ने बताया कि कुम्हारपारा अंसारी गली निवासी समार प्रजापति अपने घर का फ्रिज, टीवी और सोफा सहित अन्य सामान छत के ऊपर रखा था. मंगलवार को फ्रिज के कंप्रेशर में ब्लास्ट हो गया. वहां आस-पास रखे भूसा सहित अन्य सामान में आग लग गई. इससे आसपास हड़कंप मच गया. लोग खुद से आग पर पानी डालने लग गए. आग बढ़ने से पहले फायर ब्रिगेड के स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर आग को नियंत्रण किया.

जुआ खेलते 9 जुआरी गिरफ्तार

रायपुर, 29 मई । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय संतोष सिंह के निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय ग्रामीण कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन पर तथा नगर पुलिस अधीक्षक महोदय नया रायपुर श्री करण कुमार यूके के पर्यवेक्षक में अवैध अब जुआ खेलने वालों पर कार्यवाही के पालन में थाना गोबरा नवापारा में जुआ अधि0 के तहत कार्रवाई की गई।

फेडरेशन ऑफ एजुकेशनल सोसाइटीज की बैठक हुई

रायपुर 29 मई। छत्तीसगढ़ द्वारा अनुदानित शालाओं के संचालकों और प्राचार्यो की आवश्यक बैठक 28 मई को राष्ट्रीय विद्यालय कचहरी चौक ,रायपुर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता फेडरेशन के अध्यक्ष श्री अजय तिवारी जी ने की। बैठक में फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ सुरेश शुक्ला जी, उपाध्यक्ष श्री अशोक पटेल जी, अनुदानित शालाओं के प्रदेश अध्यक्ष श्री संजय दुबे जी , फेडरेशन के महासचिव श्री अरविंद शर्मा तथा फेडरेशन के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। अंबिकापुर, जशपुर, महासमुंद, कोरबा, बिलासपुर ,रायपुर , राजनांदगांव, बागबाहरा इत्यादि प्रदेश भर से अनुदानित शालाओं के संचालकगण तथा प्राचार्य गण भी उपस्थित हुए । यह जानकारी अरविंद शर्मा ने दिया।

गांव-कस्बे से आने वाले नये कवियों में बहुत संभावना : पीयूष

रायपुर 29 मई। आज की हिंदी कविताओं में नये बिम्ब और तेवरों के साथ आ रहे नवोदित कवियों में बहुत संभावना है. वे आज के गांव, शहर, महानगर, आर्थिकी, सत्ता और टेक्नोलाजी के जटिल संबंधों को समझ कर बेहतर रचनाएँ लिख रहे हैं, ये कहते हुए पीयूष कुमार समकालीन हिंदी कविता के बारे में कहते हैं आज के 9- 10 नवयुवा कवियों का जिक्र करूँगा, पराग पावन की कविताएं इस तरह की हैं जिसे उन्होंने मज़बूत मयार दी है. उनकी कविता में जो मजबूती है वो प्रभावित करती है. अब नये भारत में ऐसे कवियों की कविताएं अपने जमीनी यथार्थ की महक के साथ आ रही हैं. पहले इस तरह कवियों को शायद अवसर कम मिलते थे. विहाग वैभव उन्हीं के जुड़वा भाई हैं. दोनों की कविताओं में दर्द और बैचैनी है. मानसी मिश्रा दिल्ली विवि की कवितांए भी अपने सौष्ठव और अभिव्यक्ति में पर्याप्त मज़बूती रखती हैं. समाचार का एक कोना जैसी कविता वरिष्ठ कवि केदारनाथ अग्रवाल की कविता जाना पर केंद्रित है. वह उनकी सूक्ष्म पड़ताल करती, नये रहस्यो का उद्घाटन करती कविता है. इसी तरह छत्तीसगढ़ मूल के कवि वसु गन्धर्व की कविताओं में बहुत संभावनाएं हैं वे गायक भी हैं. उनकी कविताओं में जो कहन की परिपक्वता है वह काव्य जगत में उनकी आगामी लम्बी पारी के लिए आश्वस्त करती है. काव्या की किताब का विमोचन कार्यक्रम वरिष्ठ कवि गिरीश पंकज, त्रिलोक महावर, डॉ आलोक वर्मा, संजय शाम, नंदन, शीलकांत पाठक आदि के द्वारा किया गया. इस अवसर पर अरुणकांत शुक्ला, नंदकुमार कंसारी, डॉ महेंद्र ठाकुर, मिन्हाज असद, बाळकृष्ण अय्यर, स्मिता अखिलेश, समीर दीवान, डॉ भुवाल सिँह ठाकुर आदि की उपस्थिति थी.

मौसम विभाग ने रायपुर में लू का अलर्ट किया जारी

रायपुर, 29 मई। छत्तीसगढ़ में नौतपा के चलते लोगों को गर्मी की डबल मार झेलनी पड़ रही है। छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर शहर में तापमान 44 से 45 डिग्री तक पहुँच चुका हैं।

ऐसे में मौसम विभाग ने लू को लेकर अलर्ट जारी किया हैं।30 मई तक लोगों को गर्मी से और परेशान होना पड़ सकता है। 28 मई को प्रदेश के गौरेला पेंड्रा मरवाही, बिलासपुर, मुंगेली, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, मोहला मानपुर, अंतागढ़, अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़ छुईखदान गंडई, बालोद, बेमेतरा और कबीरधाम जिले के एक दो स्थानों पर हीट वेव चल सकता है। मौसम विभाग ने 29 और 30 मई को प्रदेश के बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग के लगभग अधिकांश जिलों में हीट वेव चलने की संभावना जताई है। बताया गया हैं कि आज मंगलवार को भी तापमान 45 से अधिक रहेगा। अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने और उसके बाद थोड़ी गिरावट होने की संभावना है।वहीं मौसम विभाग ने यह भी बताया है कि 30 मई से मौसम का मिजाज बदल सकता है। कुछ जिलों में बारिश की मौसम विभाग ने संभावना जताई है।

इस बार नौतपा 25 मई से 2 जून तक रहेगा। नौतपा के चौथे दिन मौसम के मिजाज में कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिला है। तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होगी।

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर समेत आस-पास के इलाकों में सुबह से ही भीषण धूप है। वहीं, मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ जिलों में बारिश होने का अनुमान भी जताया है।सोमवार को बेमेतरा में अधिकतम तापमान 44 डिग्री दर्ज किया गया। सबसे कम अधिकतम तापमान जगदलपुर में 37.3 डिग्री दर्ज किया। राजधानी रायपुर में तापमान 43.6 डिग्री दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि दक्षिण पश्चिम मानसून आगे बढ़ रहा है ।

चेंबर का प्रतिनिधिमंडल वित्त मंत्री से मिला

रायपुर 29 मई। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज चेंबर अध्यक्ष श्री अमर परवानी जी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने वित्त एवं वाणिज्यिक कर मंत्री माननीय श्री ओ.पी.चैधरी जी से मुलाकात कर ईज डूइंग बिजनेस के तहत ई-वे बिल से संबंधित पूर्व अधिसूचना को यथावत रखने तथा राज्य के विभिन्न जिलों के व्यापारियों को जीएसटी विभाग द्वारा दिए गए नोटिस पर स्वतः रोक लगाने प्रदेश भर के व्यापारियों से प्राप्त नोटिस की प्रतिलिपि सहित ज्ञापन सौंपा। जिस पर वित्त एवं वाणिज्यिक कर मंत्री माननीय श्री ओ.पी.चैधरी जी ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए उचित कदम उठाने की बात कही। चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर परवानी जी ने बताया कि ईज डूइंग बिजनेस के तहत ई-वे बिल से संबंधित पूर्व अधिसूचना को यथावत रखने चेंबर ने पत्र के माध्यम से राज्य वाणिज्य कर मंत्री श्री ओ.पी. चैधरी जी को ज्ञापन सौंपा तथा ई-वे बिल की संख्या एवं अनुपालन से संबंधित बढ़ती जटिलताओं पर विस्तृत चर्चा की।चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी ने बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों के व्यापारियों को जीएसटी विभाग द्वारा वर्तमान में जीएसटीआर-1 फॉर्म देर से दाखिल करने हेतु जुर्माना नोटिस जारी किया गया। विभाग द्वारा अचानक किये गए इस कार्यवाही से व्यापारियों में भय का माहौल है जिसके कारण उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।

सैलून मालिकों के लिए सेमिनार

रायपुर 29 मई। ब्यूटी गैराज प्रोफेशनल- मेड-इन-इंडिया ब्रांड, जिसने हेयर केयर इंडस्ट्री में क्रांति ला दी है। उन्होंने रायपुर में 100 से ज्यादा प्रतिभागियों के साथ सैलून मालिकों के लिए सफलतापूर्वक अपना सेमिनार आयोजित किया। प्रसिद्ध हेयर आर्टिस्ट अथर्व टाके के नेतृत्व में यह कार्यक्रम एक होटल में हुआ। ब्यूटी गैराज प्रोफेशनल द्वारा आयोजित इस सेमिनार का उद्देश्य जागरूकता फैलाना और हेयर केयर उद्योग में नवीनतम रुझानों पर चर्चा करना था। मुख्य विषयों में उत्पाद प्रशिक्षण, हेयर स्टाइलिंग और सैलून व्यवसाय प्रबंधन शामिल थे। सेमिनार का लक्ष्य सैलून व्यवसाय प्रबंधन के बारे में जानकारी साझा करना और अधिक से अधिक सैलून मालिकों को शिक्षित करना था। ब्यूटी गैराज प्रोफेशनल के सह-संस्थापक और सीईओ, महेश रावरिया ने कहा, एक हेयर केयर ब्रांड के रूप में, ब्यूटी गैराज प्रोफेशनल का लक्ष्य सिर्फ़ व्यवसाय से आगे बढ़ना है। इस सेमिनार की मेज़बानी करके, हम देश भर में एक ऐसा साझा मंच बनाना चाहते हैं।

संतोषी नगर में बेटी बचाओ मंच का गठन

रायपुर 29 मई। बेटी बचाओ मंच संतोषी नगर परिक्षेत्र के सदस्यों की बैठक प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा की उपस्थिति में आहूत की गई । परिक्षेत्र स्तरीय पदाधिकारियो का सर्वसम्मति से चयन किया गया । अध्यक्ष श्रीमती आशा धीवर, उपाध्यक्ष श्रीमती महेश्वरी यादव, सचिव श्रीमती वर्षा कार्तिकेय, सहसचिव श्रीमती कुलकर्णी बजाज , कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती उषा साहू , सुश्री पार्वती निषाद सर्वसम्मति से चुने गए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को अध्यक्ष ललित मिश्रा ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

आवश्कता है

शिव धाम (अघोरेश्वर महादेव मंदिर) तुलसी (पाटन) में एक ऐसे परिवार, जो साफ-सफाई, रख-रखाव, भोजन व्यवस्था कर सके, की आवश्यकता है। राशन मंदिर समिति की ओर दिया जाता है। मासिक पारिश्रमिक 10000 रुपए।

संपर्क करें -98261 74789

ब्राह्मण समाज के मेधावी बच्चों का सम्मान

रायपुर 28 मई। सरयूपारीण ब्राह्मण सभा ने आज तुलसी भवन में सरयूपारीण समाज के सैकड़ों छात्र छात्राओं जिन्होंने कक्षा दसवीं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया उनका स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने सम्मान किया तथा इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष डॉ सुरेश शुक्ला एवम कार्यकारिणी के सदस्यों ने श्री अग्रवाल का स्वागत किया। कार्यसमिति के सदस्य संजय तिवारी ने बताया कि सरयू पारीण ब्राह्मण समाज की आज महासभा का आयोजन किया गया जहा कोषाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने साल भर के आय व्यय का रखा जिसका अनुमोदन कराया गया , तथा अन्य पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 127 प्रतिभा शाली बच्चो का सम्मान समारोह रहा ,,मंत्री स्कूल शिक्षा ने स्वयं खड़े हो कर माला पहना शाबाशी दे कर सम्मानित करते रहे। इस अवसर पर मंत्री श्री अग्रवाल का भी कार्यक्रम के अंत में अभिनंदन एवन सम्मान किया गया , बृजमोहन अग्रवाल ने कहा सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वे ब्राह्मणों से सम्मानित होने की अपेक्षा व आशीर्वाद

चाहते है। आप सबके आशीर्वाद से अब 9 बार निरंतर विधानसभा चुनाव जीतता रहा ,,आज यह आपके आशीर्वाद से दिल्ली भी जाऊंगा। कार्यक्रम का संचालन राजेश त्रिपाठी ,ने किया ,वही मंत्री के अभिनंदन पत्र का वाचन कैलाश तिवारी ने किया , इस अवसर पर राजेंद्र त्रिपाठी , आर एल द्विवेदी,शैलेश शर्मा ,विनोद पांडे,अजय तिवारी , राम मूर्ति तिवारी ,विजय शंकर मिश्र ,सुरेंद्र तिवारी ,अपर्णा तिवारी ,ममता पांडे , सहित सैकड़ों विप्र जन मौजूद थे।

स्टेरिंग कमेटी की हुई बैठक

रायपुर, 29 मई। अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन 2047 डाक्यूमेंट हेतु गठित स्टेयरिंग कमेटी की दूसरी बैठक आज सोमवार को राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह की अध्यक्षता एवं मुख्य सचिव अमिताभ जैन की सह अध्यक्षता में राज्य नीति आयोग में आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ 2047 विजन डाक्यूमेंट तैयार किए जाने के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई।

5 किलो गांजा के साथ तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे

रायपुर, 29 मई । गांजा तस्करी करते उड़ीसा का अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर चिरंजीवी नायक रायपुर में गिरफ्तार हुआ है। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत पुजारी पार्क के सामने रोड़ पास चारपहिया वाहन सवार एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये चारपहिया वाहन की पतासाजी करते हुए वाहन को चिन्हांकित कर वाहन में सवार व्यक्ति को पकड़ा गया।

पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम चिरंजीवी नायक निवासी जिला कालाहाण्डी (उडीसा) का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके कार की तलाशी लेने पर कार में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5 किलो 156 ग्राम गांजा तथा गांजा परिवहन में प्रयुक्त अमेज कार से जब्त किया।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26